हिन्दी दैनिक
# प्रत्यूष नवबिहार
जोहार
रांची संस्करण
www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com
रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित
रांची ● सोमवार ● 25.05.2026 ● वर्ष : 16 ● अंक : 297 ● पृष्ठ : 12 ● मूल्य : 4 रुपये
RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902

### एक नजर

## पंजाब में 28.12 किलो हेरोइन के साथ चार आरोपी गिरफ्तार

**चंडीगढ़ :** पंजाब पुलिस को सीमा पार से चल रहे ड्रग तस्करी नेटवर्क के खिलाफ बड़ी सफलता मिली है। काउंटर इंटेलिजेंस, फिरोजपुर की टीम ने गुरूहर्सहाय, फिरोजपुर में कार्रवाई करते हुए अंतरराष्ट्रीय ड्रग स्मगलिंग मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से 28.12 किलोग्राम हेरोइन और 9.5 लाख रुपये बरामद किए गए हैं। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि इस मॉड्यूल के तार विदेश में बैठे तस्करों और हैंडलर्स से जुड़े हुए हैं। आरोपियों को कथित तौर पर भारत में मादक पदार्थों की खेप प्राप्त करने और उसे आगे सप्लाई करने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। पंजाब पुलिस के डीजीपी गौरव यादव ने इस कार्रवाई की जानकारी दी। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में डीजीपी ने लिखा, एक बड़ी सफलता में फिरोजपुर की काउंटर इंटेलिजेंस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार करके एक सीमा-पार नशीले पदार्थों की तस्करी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। फिरोजपुर के गुरुहरसहाय में की गई इस कार्रवाई में 28.12 किलोग्राम हेरोइन और 9.5 लाख रुपये की नशीले पदार्थों से अर्जित नकदी बरामद की गई है।

## ट्विशा शर्मा मौत मामला : 12 दिन बाद हुआ अंतिम संस्कार

**भोपाल :** अभिनेत्री और मॉडल ट्विशा शर्मा की मौत के 12 दिन बाद रविवार को बेहद गमगीन माहौल में उसका अंतिम संस्कार किया गया। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के भदभदा विश्राम घाट पर ट्विशा के भाई मेजर हर्षित ने उन्हें मुखाग्नि दी। अंतिम यात्रा और विदाई के दौरान मृतका की मां और पूरा परिवार फूट-फूटकर रो रहा था। इस दौरान वहां मौजूद परिजनों और करीबियों की आंखें नम थीं और लोग एक-दूसरे को ढांढस बंधाते नजर आए। अंतिम संस्कार से पहले रविवार को ही दिल्ली एम्स से आई 4 सदस्यीय विशेष डॉक्टरों की टीम ने भोपाल एम्स में ट्विशा के शव का दोबारा पोस्टमॉर्टम किया। भारी सुरक्षा व्यवस्था और पुलिस बल की तैनाती के बीच यह पूरी फॉरेंसिक प्रक्रिया करीब 3 घंटे तक चली। दोबारा पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया संपन्न करने के बाद दिल्ली एम्स की टीम वापस रवाना हो गई।

### अमेरिकी विदेश मंत्री के साथ संयुक्त प्रेस वार्ता में जयशंकर ने कहा

# भारत संघर्ष की बजाय कूटनीति का समर्थक

एजेंसी



- भारत विविध स्रोतों से किफायती ईंधन खरीदने का पक्षधर है
- रक्षा क्षेत्र सहित विभिन्न क्षेत्रों में 'मेक इन इंडिया' की नीति को विशेष महत्व देता है
- आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति दोहराई और 26/11 हमले के प्रमुख साजिशकर्ता के प्रत्यर्पण पर अमेरिका के सहयोग की सराहना की

**नयी दिल्ली :** भारत ने एक बार फिर स्पष्ट किया है कि वह संघर्ष के बजाय बातचीत और कूटनीति का समर्थक है। भारत सुरक्षित और निर्बाध समुद्री व्यापार, अंतरराष्ट्रीय कानूनों के सम्मान, विश्वसनीय सप्लाई चेन और वैश्विक आर्थिक स्थिरता पर जोर देता है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि भारत संसाधनों और बाजार हिस्सेदारी को हथियार की तरह इस्तेमाल किए जाने के खिलाफ है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर और उनके अमेरिकी समकक्ष मार्को रुबियो के बीच रविवार को प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता हुई। इसमें भारत-अमेरिका रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने पर जोर दिया गया। इसके बाद संयुक्त प्रेस वार्ता में जयशंकर ने कहा कि भारत अपनी 140 अरब की आबादी की ऊर्जा जरूरत के प्रति समर्पित है और विविध स्रोतों से किफायती ईंधन खरीदने का पक्षधर है। साथ ही वैश्विक संघर्षों के बीच रक्षा क्षेत्र सहित विभिन्न क्षेत्रों में 'मेक इन इंडिया' की नीति को विशेष महत्व देता है।

जयशंकर ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच सहयोग लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि अमेरिकी पक्ष की भारत के साथ वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई। दोनों विदेश मंत्रियों के बीच पश्चिम एशिया, पूर्वी एशिया और खाड़ी क्षेत्र की स्थिति पर विचार-विमर्श हुआ है। जयशंकर ने दोनों देशों के बीच जल्द अंतरिम व्यापार समझौते की आवश्यकता पर जोर दिया, जिससे आगे व्यापक द्विपक्षीय व्यापार समझौते का मार्ग प्रशस्त हो सके। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच न्यूक्लियर सहयोग, दुर्लभ खनिज और एआई क्षेत्र में भी सहयोग की अपार संभावनाएं हैं। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि पिछले एक वर्ष में अमेरिका से भारत के ऊर्जा आयात में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि ऊर्जा सुरक्षा के लिए विविध स्रोत जरूरी हैं और अमेरिका भारत के लिए विश्वसनीय ऊर्जा साझेदार बनकर उभरा है।

उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच लोगों के आपसी संबंध साझेदारी की सबसे बड़ी ताकत हैं। उन्होंने वैध यात्रियों के लिए वीजा प्रक्रिया आसान बनाए रखने पर जोर दिया। जयशंकर ने आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति दोहराई और 26/11 हमले के प्रमुख साजिशकर्ता के प्रत्यर्पण पर अमेरिका के सहयोग की सराहना की।

वहीं, अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा कि भारत-अमेरिका संबंधों की गति बरकरार है। भारत अमेरिका का महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदार है और दोनों लोकतांत्रिक देश वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि अमेरिका का किसी अन्य देश के साथ संबंध भारत के साथ उसकी रणनीतिक साझेदारी की कीमत पर नहीं है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा कि भारत उन्नत तकनीकी क्षमताओं वाला महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदार है। दोनों लोकतांत्रिक देश 21वीं सदी की अत्याधुनिक तकनीकों, वैश्विक नवाचार और साझा राष्ट्रीय हितों को आगे बढ़ाने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं।

### अजीत डोभाल से मिले अमेरिकी विदेश मंत्री



**नयी दिल्ली :** अमेरिका के विदेश मंत्री और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार मार्को रूबियो ने रविवार को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल से मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच रक्षा, सुरक्षा और रणनीतिक प्रौद्योगिकी सहयोग पर विस्तृत चर्चा हुई। वार्ता में विशेष रूप से 'ट्रस्ट' (रणनीतिक प्रौद्योगिकी के उपयोग से संबंधों का रूपांतरण) पहल से जुड़े सहयोग को आगे बढ़ाने पर जोर दिया गया।

# फलता में बीजेपी की बंपर की जीत
## देबाशीष पांडा 109,021 वोटों से जीते

एजेंसी



**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल की फलता विधानसभा सीट पर हुए पुनर्मतदान में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बड़ी जीत दर्ज करते हुए तृणमूल कांग्रेस के मजबूत गढ़ को ध्वस्त कर दिया। भाजपा प्रत्याशी देबाशीष पांडा ने एक लाख से अधिक वोटों के भारी अंतर से जीत हासिल की। इस परिणाम को राज्य की राजनीति में बड़े बदलाव के संकेत के रूप में देखा जा रहा है। चुनाव परिणाम आने के बाद मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने इसे "तृणमूल कांग्रेस के पतन की शुरूआत" बताते हुए पार्टी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि फलता की जनता ने वर्षों बाद स्वतंत्र और निष्पक्ष मतदान कर लोकतंत्र को पुनर्स्थापित किया है। उपचुनाव के दौरान सबसे ज्यादा चर्चा तृणमूल कांग्रेस के प्रत्याशी जहांगिर खान को लेकर रही। मतदान से दो दिन पहले उन्होंने चुनाव मैदान छोड़ने का ऐलान कर दिया था। इसके बाद भाजपा की जीत लगभग तय मानी जा रही थी। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने प्रचार के अंतिम दिन भाजपा प्रत्याशी को एक लाख वोटों से जिताने का लक्ष्य रखा था। मतगणना के 18 राउंड तक भाजपा उम्मीदवार करीब 92 हजार वोटों से आगे चल रहे थे, जबकि अंतिम जीत का अंतर एक लाख आठ हजार से अधिक पहुंच गया।

सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि पिछले लोकसभा चुनाव में इसी क्षेत्र से तृणमूल कांग्रेस को करीब 1.70 लाख वोटों की बढ़त मिली थी, लेकिन इस उपचुनाव में पार्टी उम्मीदवार को महज साढ़े पांच हजार के आसपास वोट मिले। मतदान के दौरान कई बूथों पर तृणमूल कांग्रेस का कोई एजेंट मौजूद नहीं था। वहीं, मतगणना केंद्र में भी पार्टी की सक्रियता बेहद कमजोर दिखाई दी।

इस उपचुनाव में वाममोर्चा समर्थित उम्मीदवार शंभूनाथ कुर्मी ने लगभग 37 हजार वोट हासिल कर ध्यान खींचा। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी अब्दुर रज्जाक मोल्ला को करीब साढ़े नौ हजार वोट मिले।

### अनियंत्रित ट्रेलर ने 3 वाहनों को मारी टक्कर, 2 की मौत



**हजारीबाग :** हजारीबाग के चरही एनएच स्थित ओवरब्रिज के समीप प्रकाश होटल के पास रविवार सुबह करीब छह बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। बिहार शरीफ से ईंट लादकर रांची जा रहा एक तेज रफ्तार ट्रेलर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े तीन वाहनों से टकरा गया। हादसा इतना भीषण था कि ट्रेलर में सवार दो लोगों की मौके पर ही दबकर मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से बाहर निकालकर अस्पताल भेजा गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रेलर संख्या BR 52 G 7513 बिहार शरीफ से ईंट लेकर रांची की ओर जा रहा था। सुबह के समय चरही एनएच ओवरब्रिज के पास पहुंचते ही चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा और ट्रेलर सड़क किनारे खड़े वाहनों में जा घुसा। टक्कर इतनी जोरदार थी कि घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई और कई वाहनों के परखच्चे उड़ गए।

# बलूचिस्तान में बड़ा आत्मघाती हमला, ट्रेन में धमाके से 24 से ज्यादा की मौत, 50 घायल



- क्वेटा के चमन फाटक के पास हुआ धमाका
- बीएलए ने ली हमले की जिम्मेदारी
- 2024 में भी आत्मघाती हमले में 32 लोगों की हुई थी मौत

एजेंसी

**बलूचिस्तान :** पाकिस्तान के अशांत राज्य बलूचिस्तान के क्वेटा में एक बड़ा आत्मघाती हमला हुआ है। हमले में कम से कम 24 लोगों की मौत हो गई, जबकि करीब 50 लोग घायल हो गए। अल जजीरा की रिपोर्ट्स के अनुसार, हमलावर ने रेल में खुद को विस्फोट से उड़ा लिया। हमले के बाद क्वेटा के सरकारी अस्पतालों में इमरजेंसी लागू कर दी गई है।

विस्फोट क्वेटा स्थित चमन फाटक रेलवे स्टेशन के पास हुआ। पाकिस्तान के रेल मंत्री हनीफ अब्बासी ने विस्फोट की पुष्टि करते हुए बताया कि शटल ट्रेन में यात्री सवार थे और धमाके से इंजन समेत तीन बोगियां प्रभावित हुईं। उन्होंने कहा, 'ट्रेन रविवार सुबह क्वेटा कैंट स्टेशन से सिटी रेलवे स्टेशन जा रही थी, तभी यह विस्फोट हुआ।' पाकिस्तानी टीवी चैनलों और वेबसाइटों के मुताबिक, धमाके में 24 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है और 50 से अधिक लोग घायल हुए हैं।

प्रतिबंधित संगठन बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने इस हमले की जिम्मेदारी ली है। बीएलए के प्रवक्ता के दावे के अनुसार, हमला उस समय किया गया जब ट्रेन क्वेटा कैंट से सैन्यकर्मियों को लेकर जा रही थी। क्वेटा के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने नाम न प्रकाशित करने की शर्त पर बताया कि उन्हें सार्वजनिक बयान देने से रोका गया है और घटना पर आधिकारिक जानकारी सरकार का प्रवक्ता जारी करेगा। धमाका इतना शक्तिशाली था कि आसपास खड़े वाहनों और इमारतों के शीशे टूट गए। यह ट्रेन यात्रियों को सिटी रेलवे स्टेशन ले जा रही थी, जहां से उन्हें ईद की छुट्टियों के लिए अपने गृह नगरों को जाने वाली ट्रेनों में सवार होना था।

# उत्तर कन्नड़ में नदी में डूबने से सात महिलाओं समेत आठ की मौत, पीएम मोदी ने की मुआवजे की घोषणा

एजेंसी

**भटकल :** कर्नाटक के उत्तर कन्नड़ जिले की थट्टे हक्कालु नदी में तेज बहाव में बह जाने से एक ही परिवार के आठ लोगों की डूबने से मौत हो गई। इनमें सात महिलाएं भी शामिल हैं। वहीं,दो लोग लापता बताए जा रहे हैं। पुलिस सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी।

इस दुखद घटना पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने दुख जताया है। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने प्रत्येक मृतक के सबसे नजदीकी परिजन को पांच लाख रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा की।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, शिराली गांव के लगभग 14 लोग नदी में मीठे पानी की सीप (मसल्स) इकट्ठा करने के लिए उतरे थे, जो



स्थानीय समुदायों की ओर से नदी किनारे किया जाने वाला एक मौसमी काम है। इस दौरान वे पानी के स्तर का सही अंदाजा लगाए बिना नदी के गहरे हिस्से में चले गए। जब पानी का बहाव अचानक तेज हुआ तो एक या दो लोग बहने लगे। इसके बाद कुछ अन्य लोग उन्हें बचाने के लिए नदी में कूद गए, जिससे और अधिक लोग तेज बहाव की चपेट में आ गए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि अब तक आठ शव बरामद किए जा चुके हैं, जबकि दो लोग अभी भी लापता हैं।

मृतकों की पहचान उमेश मनजुनाथ नाइक (40 वर्षीय), लक्ष्मी महादेव नाइक (42 वर्षीय), लक्ष्मी जतप्पा नाइक (30 वर्षीय), लक्ष्मी अप्पन्ना नाइक (60 वर्षीय), लक्ष्मी शिवराम नाइक (49 वर्षीय), ज्योति मस्तम्मा नाइक (34 वर्षीय), मालती नाइक (38 वर्षीय) और मस्तम्मा नाइक (60 वर्षीय) के रूप में हुई है।

दो लोगों को बचा लिया गया है, जिनमें नागरत्ना और महादेवी शामिल हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बचाव दल, पुलिस टीम और स्थानीय लोग लगातार नदी में सघन खोज अभियान चला रहे हैं। मृतक भटकल तालुक के शिराली गांव के निवासी बताए जा रहे हैं। सूत्रों के अनुसार यह हादसा उस समय हुआ, जब बारिश के कारण नदी का बहाव तेज हो गया और लोग मसल्स इकट्ठा करते हुए गहरे पानी में चले गए। सूत्रों ने बताया, मीठे पानी की सीप इकट्ठा करना कुछ लोगों के लिए आजीविका का साधन है। इनमें से कई लोग इस काम में अनुभवी थे और पहले भी ऐसा करते रहे थे।



## एक नजर

### बड़कागांव प्रखंड सह अंचल कार्यालय में पेयजल का उद्घाटन



**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड में लगातार पड़ रही भीषण गर्मी एवं बढ़ते तापमान को देखते हुए प्रखंड सह अंचल कार्यालय, बड़कागांव परिसर में आम लोगों की सुविधा के लिए पेयजल की व्यवस्था उपलब्ध कराई गई है। प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मण्डल एवं अंचल अधिकारी मनोज कुमार के नेतृत्व में कार्यालय परिसर में आने वाले आम नागरिकों, कर्मचारियों एवं जरूरतमंद लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की पहल की गई। ईन दिनों क्षेत्र में अत्यधिक गर्मी पड़ने से लोगों को काफी परेशानीयो का सामना करना पड़ रहा है। प्रखंड एवं अंचल कार्यालय में विभिन्न कार्यों से पहुंचने वाले लोगों को गर्मी से राहत देने के उद्देश्य से पेयजल सुविधा की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है, ताकि किसी को प्यास अथवा गर्मी के कारण असुविधा का सामना न करना पड़े।
प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मण्डल ने कहा कि बढ़ती गर्मी को देखते हुए आमजनों की सुविधा प्रशासन की प्राथमिकता है और कार्यालय परिसर में आने वाले लोगों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि भीषण गर्मी के समय इस प्रकार की व्यवस्था लोगों को काफी राहत पहुंचाने वाली है।

### बकरीद पर्व को लेकर थाना में शांति समिति की हुई बैठक

**बड़कागांव :** बकरीद पर्व को लेकर डाड़ीकला ओ.पी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक की गई ।जिसकी अध्यक्षता थाना प्रभारी सागेन मुर्मू के द्वारा किया गया ।बैठक को संबोधित करते हुए सांसद प्रतिनिधि सह पंचायत समिति सदस्य कृष्णा राम ने कहा कि यह पर्व आपसी सौहार्दपूर्ण व भाईचारे एवं सामाजिक सौहार्द के लिए जाना जाता है। पर्व के दौरान शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें। थाना प्रभारी सागेन मुर्मू ने कहा कि बकरीद त्याग एवं प्रेम का संदेश देता है ।इसलिए सभी लोग मिलजुल कर पर्व मनाएं तथा किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें ।सोशल मीडिया पर फैलने वाली भ्रामक खबरें एव अफवाहों से सतर्क रहने की आवश्यकता है। मौके पर मुख्य रूप से मुखिया इलियास अंसारी, पंचायत समिति सदस्य फ्यूम अंसारी,रघुनंदन महतो, माधो महतो, मुकेश कुमार, मोहम्मद सुल्तान, नसरुल अंसारी, राजेंद्र कुमार महतो, मोहम्मद यूनुस , मोहम्मद अनवर अंसारी, कासिम अंसारी, राजेश रजक के अलावा अन्य कई लोग उपस्थित थे।

### चलकुशा में विशेष मतदाता सत्यापन अभियान शुरू



**चलकुशा :** प्रखंड में बीडीओ अमृता सिंह ने मतदान केंद्रों का निरीक्षण शनिवार को चलकुशा प्रखंड के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर विशेष मतदाता सत्यापन अभियान की जानकारी दी।
निरीक्षण के दौरान उन्होंने मतदान केंद्रों पर चल रही व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित बीएलओ को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। बीडीओ ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार सभी मतदाताओं की सही मैपिंग सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 23 एवं 24 मई 2026 को प्रखंड के सभी मतदान केंद्रों पर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत अनमैप्ड मतदाताओं की सूची का प्रकाशन एवं सत्यापन किया जाएगा, ताकि मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाया जा सके।

# फंड के अभाव और सरकारी उदासीनता से दम तोड़ रही हर घर नल-जल योजना, भीषण गर्मी में प्यासे ग्रामीण

प्रत्यूष नवबिहार (कृष्णा प्रजापति)

**बरही :** सरकार की अति महत्वाकांक्षी 'हर घर नल-जल योजना' बरही प्रखंड में समय से पहले ही दम तोड़ती नजर आ रही है। फंड के अभाव और सरकारी उदासीनता के चलते प्रखंड के अधिकांश पंचायतों में योजना अधूरी पड़ी है। चिलचिलाती गर्मी में ग्रामीण जलमीनारों से एक बूंद पानी को तरस रहे हैं। हालात ये हैं कि करोड़ों की लागत से बने स्ट्रक्चर शोपीस बनकर रह गए हैं।

**दुलमाहा पंचायत में सबसे बुरा हाल**
बरही प्रखंड के दुलमाहा पंचायत के दुलमाहा, लखना, बुढ़ीडीह और धमले गांव में योजना की स्थिति सबसे बदतर है। यहां करीब 8 करोड़ रुपये की लागत

बरही प्रखंड के दुलमाहा पंचायत में 8 करोड़ की योजना अधूरी बोरिंग-अधूरे स्ट्रक्चर बने शोपीस



से हर घर नल-जल योजना शुरू की गई थी। तीन हिस्से में काम होना था, लेकिन फंड न मिलने से योजना अधर में लटक गई है। गांवों में कहीं बोरिंग का काम अधूरा है तो कहीं जलमीनार का स्ट्रक्चर आधा-अधूरा खड़ा कर छोड़ दिया गया है। पाइपलाइन बिछाने का काम भी पूरा नहीं हुआ। भीषण गर्मी में ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए दूर-दराज के चापाकलों और पुराने कुओं का सहारा लेना पड़ रहा है।

**संवेदक बोले: घर से लाखों लगा चुके, अब असंभव**
योजना बंद होने का कारण पूछने पर संवेदक ने बताया, "सरकारी फंड नहीं मिलने के कारण दुलमाहा, लखना, धमले और बुढ़ीडीह का काम बिल्कुल ठप पड़ा है। इस योजना में हमने घर से कई लाख रुपये लगा दिए। समय पर भुगतान न होने से इतनी बड़ी योजना में अब घर से पैसा लगाना असंभव हो रहा है।

**ग्रामीणों में आक्रोश: कब बुझेगी प्यास**
स्थानीय ग्रामीणों का कहना है, "जो योजना खुद फंड और सरकारी उदासीनता के कारण बिना पानी के दम तोड़ रही है, वह हम सबकी प्यास कब बुझाएगी सरकार ने हर घर नल का वादा किया था, लेकिन यहां तो बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। गर्मी में हालत और खराब है।

**जेई ने मानी बात: फंड आते ही होगा काम**
पीएचईडी विभाग के जेई ने स्वीकार किया कि योजना करीब 8 करोड़ की है। उन्होंने बताया, "इसमें से तीन भाग काम हो चुका है। बाकी शेष कार्य फंड के अभाव में अधर में लटका हुआ है। फंड आते ही काम को पूरा कर लिया जाएगा। हमने वरीय अधिकारियों को रिपोर्ट भेज दी है।
क्या है हर घर नल-जल योजना
केंद्र सरकार की 'जल जीवन मिशन' के तहत हर ग्रामीण घर तक नल से शुद्ध पेयजल पहुंचाना लक्ष्य है। झारखंड में इसे 'हर घर नल-जल योजना' के नाम से चलाया जा रहा है। लेकिन बरही प्रखंड में जमीनी हकीकत दावों से कोसों दूर है।

## एनटीपीसी द्वारा सिकरी टाउनशिप में सामूहिक पौधरोपण अभियान का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बड़कागांव :** स्वच्छता पखवाड़ा 2026 के अंतर्गत आयोजित विभिन्न गतिविधियों की श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना द्वारा सिकरी टाउनशिप में सामूहिक वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना तथा स्वच्छ एवं हरित वातावरण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना था ।इस अवसर पर परियोजना के कर्मचारियों, सहयोगियों एवं अन्य प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए निर्धारित स्थानों पर पौधारोपण किया तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में एनएमएल पकरी बरवाडीह, पीबी एवं पीबी-एनडब्ल्यू कोयला खनन परियोजनाओं के परियोजना प्रमुख सुब्रत कुमार दास मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने पौधारोपण कर अभियान का शुभारंभ किया तथा उपस्थित सभी लोगों को अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का संदेश दिया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण केवल पर्यावरण संरक्षण का माध्यम नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए बेहतर और सतत भविष्य सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह अभियान सतत विकास, पर्यावरणीय उत्तरदायित्व एवं सामुदायिक सहभागिता के प्रति एनएमएल पकरी बरवाडीह की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। स्वच्छता पखवाड़ा 2026 के अंतर्गत आयोजित इस पहल के माध्यम से परियोजना ने हरित एवं स्वच्छ परिवेश के निर्माण हेतु अपना योगदान पुनः सुदृढ़ किया।

# दूसरों को राह दिखाने वाला छात्र खुद जिंदगी से हार गया

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** शहर के कोर्रा चौक स्थित मुसन साव गली में बने "कुमार बॉयज हॉस्टल"से एक बेहद दर्दनाक और दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। गिरिडीह निवासी छात्र पंकज कुमार सिंह ने कथित रूप से हॉस्टल के कमरे में आत्महत्या कर ली। इस घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है, वहीं छात्रों और स्थानीय लोगों के बीच शोक का माहौल बना हुआ है। जानकारी के अनुसार पंकज कुमार सिंह स्नातक सेमेस्टर-1 का छात्र था और हॉस्टल के दूसरे तल्ले पर अकेले कमरा लेकर रह रहा था। बताया जा रहा है कि वह पढ़ाई में काफी होनहार, शांत स्वभाव और तकनीक में विशेष रुचि रखने वाला छात्र था। उसके व्यवहार को लेकर किसी को कभी कोई शिकायत नहीं रही। छात्रों की मदद के लिए बनाया



था बताया जा रहा है कि पंकज सिर्फ पढ़ाई में ही नहीं बल्कि तकनीकी क्षेत्र में भी अपनी अलग पहचान बना रहा था। दूर-दराज से पढ़ाई करने आने वाले छात्रों की परेशानी को समझते हुए उसने "डल्ली "One Near"नाम का एक एप्लीकेशन तैयार किया था।
इस ऐप का उद्देश्य नए छात्रों को शहर में आसानी से रूम और रहने की सुविधा उपलब्ध कराना था ताकि बाहर से आने वाले छात्रों को भटकना न पड़े। पंकज के इस प्रयास की छात्र और स्थानीय लोग काफी सराहना करते थे। कम उम्र में उसकी सोच और काम को देखकर लोग उसके उज्ज्वल भविष्य की उम्मीद कर रहे थे।
लेकिन अचानक आई इस घटना ने हर किसी को स्तब्ध कर दिया है। जो युवक दूसरों की परेशानी दूर करने की कोशिश कर रहा था, आखिर वह खुद किन परिस्थितियों से गुजर रहा था, यह फिलहाल रहस्य बना हुआ है।

**सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस**
घटना की जानकारी मिलते ही कोर्रा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने हॉस्टल संचालकों और आसपास के लोगों से पूछताछ की है। वहीं पंकज के परिजनों को भी घटना की सूचना दे दी गई।

## बकरीद को लेकर सुरक्षा मॉक ड्रिल असामाजिक तत्वों से निपटने का हुआ प्रायोगिक प्रदर्शन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही :** ईद-उल-अजहा यानी बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर प्रशासन अलर्ट मोड पर है। इसी कड़ी में बुधवार को बरही चौक-तिलैया रोड पर पुलिस-प्रशासन द्वारा मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया।

**विरोध व उपद्रव से निपटने का किया पूर्वाभ्यास**
मॉक ड्रिल के दौरान बकरीद के अवसर पर विरोध प्रदर्शन, जुलूस या किसी तरह की अफवाह के बाद उत्पन्न होने वाली स्थिति से निपटने की रणनीति का प्रायोगिक प्रदर्शन किया गया। पुलिस बल ने असामाजिक तत्वों को नियंत्रित करने, भीड़ को तितर-बितर करने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने की पूरी प्रक्रिया का रिहर्सल किया। दंगा नियंत्रण उपकरणों, वज्र वाहन, आंसू गैस व लाठीचार्ज की मॉक स्थिति को भी दिखाया गया।
इस दौरान बरही एसडीओ जोहान टुडू खुद मौके पर मौजूद रहे और सुरक्षा तैयारियों का जायजा लिया। मॉक ड्रिल का निर्देशन बरही थाना प्रभारी इंस्पेक्टर विनोद कुमार ने किया। उन्होंने पुलिस जवानों को भीड़ नियंत्रण, संवेदनशील इलाकों में गश्त और त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। एसडीओ जोहान टुडू ने बताया कि बकरीद पर शांति व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिकता है। "किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पुलिस पूरी तरह तैयार है। अफवाह फैलाने वालों और माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। आम लोगों से भी अपील है कि सौहार्द बनाए रखें और किसी तरह की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

## स्व. राजेंद्र प्रसाद सिंह की 6 वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बडकागांव :** राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन बरका सयाल क्षेत्र कमिटी की ओर से क्षेत्रीय सचिव राजू यादव के नेतृत्व में स्व. राजेन्द्र प्रसाद सिंह की 6 वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा कार्यक्रम क्षेत्रीय कार्यालय उरीमारी में आयोजित किया गया। मौके पर एक मिनट मौन रखकर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि सभा मनाई गई। इस मौके पर क्षेत्रीय सचिव राजू यादव ने कहा की राजेंद्र प्रसाद सिंह हम सबके अभिभावक थे। उनके बारे में जितना बोला जाए वह कम होगा। वह सब को साथ लेकर चलने वाले नेता थे।सत्तापक्ष से लेकर विपक्ष तक सब के चहेते थे। राजेंद्र प्रसाद सिंह कोयला श्रमिकों के नेता के रूप में उनका योगदान बेमिसाल रहा है।आज भी कोयला उद्योग में राजेंद्र बाबू को शिद्दत से याद किया जाता है। वह सबकी सुनते थे इसीलिये शून्य से चलकर शिखर तक पहुचे थे। मजदूर कि हक और अधिकार हित के लिए उन्होंने राजनीति में कदम रखे और फिर पीछे मुड़कर नहीं देखे। एनसीडीसी की धोरी कोलियरी में लोडिंग इंस्पेक्टर के पद से त्याग देकर मजदूरों के लिए समर्पित रहे। इस मौके पर आरसीएमयू शाखा अध्यक्ष सीताराम किस्कू,बिसमो सचिव महादेव बेसरा, बिस्थपित नेता बिश्वनाथ मांझी, चंदू जयसवाल, सतयी राजभर, सिगु मांझी एवं इंद्रजीत दुबे सहित कई लोग शामिल थे।

# पेलावल में पीवीएम का चौथा मेधावी छात्र सम्मान समारोह संपन्न, 209 छात्रों को किया गया सम्मानित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** पेलावल विकास मंच द्वारा शनिवार को पेलावल दक्षिणी पंचायत सचिवालय परिसर में आयोजित चौथा मेधावी छात्र-छात्रा सम्मान समारोह उत्साह व उमंग के साथ संपन्न हुआ। चिलचिलाती गर्मी के बावजूद कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं, अभिभावकों व शिक्षकों ने शिरकत की। समारोह में ग्रामीण क्षेत्र के 209 मेधावी छात्र-छात्राओं को मोमेंटो, प्रशस्ति पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया गया।
कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के.बी. विमेंस कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. मुकुल कुमार ने कहा कि ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच देना सराहनीय पहल है। उन्होंने छात्रों से कठिन परिश्रम और निरंतर पढ़ाई का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. श्रवण कुमार सहाय, डॉ. एके मेहता, प्रो. सीता राम पांडे, यातायात थाना प्रभारी अनुप प्रसाद एवं समाजसेवी मो. इमरान मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता व संचालन मंच के एम. हक भारती ने किया। टॉपर्स ने साझा किए अनुभव सम्मान समारोह में झारखंड जैक बोर्ड स्टेट टॉपर प्रियांशु कुमारी और कटकमसांडी ब्लॉक टॉपर रिया कुमारी ने अपने अनुभव साझा किए। इसके अलावा क्वींसलैंड ग्रामर स्कूल की सीबीएसई टॉपर कैसर फातमी, जैक टॉपर हरीशा शबनम, मिलेनियम पब्लिक स्कूल टॉपर यावर हुसैन, शहीद भगत सिंह सैनिक स्कूल टॉपर मुस्सर्रत परवीन, बिरसा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर टॉपर हिमेश कुमार तथा न्यू कैसल इंटर कॉलेज की साइंस टॉपर आयशा परवीन व आर्ट्स टॉपर जीनत परवीन समेत 200 प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण छात्रों को सम्मानित किया गया। शिक्षकों की रही सराहनीय उपस्थिति आदिल जाफरी, हीना परवीन, मो. सज्जाद, अर्शी सर, डॉ. नाजनीन मोबिन, मो. सैफुद्दीन, करण गुप्ता, प्रमोद कुमार, रीतलाल साव व रविन्द्र कुमार मेहता अपने छात्रों के साथ कार्यक्रम में उपस्थित रहे। आयोजन में इनकी रही भूमिका
कार्यक्रम को सफल बनाने में एम. हक भारती के मार्गदर्शन में सुधीर ठाकुर, चंद्रशेखर शर्मा, मो. मुश्ताक, मो. आरिफ, आसिफ अली उर्फ बंटी व इंजमामुल हक भारती ने अहम योगदान दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### चलकुशा प्रखंड के सांसद प्रतिनिधि बने अजय कुमार सिंह, लोगों ने दी बधाई



**चलकुशा :** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी द्वारा चलकुशा प्रखंड के सांसद प्रतिनिधि का नियुक्ति पत्र जारी किया गया है। जारी पत्र के अनुसार प्रखण्ड क्षेत्र के बरियोन निवासी अजय कुमार सिंह को कोडरमा संसदीय क्षेत्र अंतर्गत हजारीबाग जिले के चलकुशा प्रखंड का सांसद प्रतिनिधि मनोनीत किया गया है। पत्र में संबंधित विभागों को इसकी सूचना देने का निर्देश भी दिया गया है। नियुक्ति पत्र 24 अप्रैल 2026 को जारी किया गया है। सांसद प्रतिनिधि नियुक्त होने की खबर मिलते ही क्षेत्र के समर्थकों एवं शुभचिंतकों में खुशी का माहौल देखा गया। लोगों ने अजय कुमार सिंह को बधाई देते हुए उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में क्षेत्र की समस्याओं के समाधान एवं विकास कार्यों को गति मिलेगी। वहीं अजय कुमार सिंह ने कहा कि जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा तथा क्षेत्र के विकास के लिए सक्रिय रूप से कार्य करेंगे। सांसद प्रतिनिधि नियुक्त होने के बाद अजय कुमार सिंह को उनके समर्थक सूर्यदेव सिंह, मनोज सिंह, प्रशांत सिंह, धीरेंद्र पाण्डेय, दिलीप साव, राहुल पाण्डेय और अन्य लोग बधाई दे रहे हैं।
प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

### ईद-उल-अजहा को लेकर पेलावाल में शांति समिति की बैठक आयोजित



**कटकमसांडी :** हजारीबाग जिले के कटकमसांडी थाना क्षेत्र अंतर्गत पेलावाल गांव में आगामी ईद-उल-अजहा पर्व को लेकर शांति समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी वेद प्रकाश पांडे ने की। इस दौरान क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों, जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। बैठक में थाना प्रभारी ने उपस्थित लोगों से अपील करते हुए कहा कि ईद का पर्व आपसी भाईचारे, सौहार्द और शांति का संदेश देता है। सभी लोग मिल-जुलकर त्योहार मनाएं तथा किसी भी प्रकार की अफवाह या असामाजिक तत्वों के बहकावे में न आएं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि पर्व के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिकता है और इसके लिए पुलिस पूरी तरह सतर्क रहेगी। बैठक में निर्णय लिया गया कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अनहोनी या अप्रिय घटना न हो, इसके लिए सभी समुदाय के लोग आपसी समन्वय बनाए रखेंगे और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस प्रशासन को देंगे। साथ ही त्योहार को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने पर सभी ने सहमति जताई। स्थानीय गणमान्य लोगों ने भी प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का भरोसा दिलाया और कहा कि बिलावल क्षेत्र हमेशा से सामाजिक सौहार्द का प्रतीक रहा है, जिसे आगे भी कायम रखा जाएगा। बैठक के अंत में सभी ने मिलकर क्षेत्र में अमन-चैन और भाईचारे के साथ ईद पर्व मनाने का संकल्प लिया।

### हजारीबाग में जलसहियाओं द्वारा घर-घर पेयजल स्रोतों की जांच अभियान शुरू




**हजारीबाग :** सुरक्षित एवं स्वच्छ पेयजल को स्वस्थ जीवन का आधार बताते हुए जिला प्रशासन, हजारीबाग ने जिलेवासियों से जलजनित बीमारियों की रोकथाम हेतु पेयजल स्रोतों की नियमित जांच कराने की अपील की है। इसी उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा 23 मई 2026 से 23 जून 2026 तक पूरे जिले में विशेष "जल जांच अभियान" संचालित किया जा रहा है। उप विकास आयुक्त रिया सिंह ने बताया कि जिले के प्रत्येक गांव में एक जलसहिया कार्यरत हैं, जिन्हें पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा Field Test Kit उपलब्ध कराया गया है। विभागीय प्रावधानों के अनुसार सभी जलसहियाओं द्वारा गांव के सभी घरों के पेयजल स्रोतों की जांच मानसून के पूर्व एवं मानसून के बाद अनिवार्य रूप से की जाएगी। एफटीके के माध्यम से पेयजल में कुल 10 प्रकार की जांच की जाती है। इनमें मुख्य रूप से pH, Turbidity, Fluoride, Arsenic, Nitrate, Chlorine, Hardness, Alkalinity एवं Iron जैसी महत्वपूर्ण जांच शामिल हैं। इन परीक्षणों के माध्यम से जल की गुणवत्ता का आकलन कर संभावित स्वास्थ्य जोखिमों से बचाव सुनिश्चित किया जा सकेगा। जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे जलसहियाओं को जांच कार्य में पूर्ण सहयोग प्रदान करें तथा अपने घरों एवं आसपास के पेयजल स्रोतों की नियमित जांच अवश्य कराएं। यदि किसी स्रोत का पानी दूषित पाया जाता है तो उसके उपयोग से बचें तथा इसकी सूचना संबंधित विभाग को दें।
जिला प्रशासन ने कहा कि सामूहिक सहभागिता से ही स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल सुनिश्चित किया जा सकता है। सभी नागरिकों से इस अभियान को सफल बनाने में सक्रिय सहयोग देने की अपील की गई है।

### हजारीबाग में राष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता संपन्न, अभिनव सिंह बने चैंपियन




**हजारीबाग :** हजारीबाग में एचडीसीए ऑल इंडिया फाइड रेटिंग शतरंज प्रतियोगिता 2026 का नौ दिवसीय आयोजन रविवार को संपन्न हुआ। देशभर के 668 खिलाड़ियों ने दो चरणों में हिस्सा लिया। अंडर-1800 वर्ग में झारखंड के अभिनव सिंह 8 अंकों के साथ चैंपियन बने और 50 हजार नकद जीते। एआईएम मनदीप मुखी द्वितीय और बंगाल के संजीब माली तृतीय रहे। बेस्ट फीमेल का खिताब बिहार की अदीबा उल्लाह को मिला। मुख्य अतिथि सुमन कुमार सिंह ने कहा कि इस आयोजन से हजारीबाग की राष्ट्रीय पहचान मजबूत हुई है। कार्यक्रम निदेशक करण जायसवाल ने बताया कि हजारीबाग अब शतरंज का उभरता केंद्र बन रहा है।

## एक नजर

### भारत विकास परिषद् समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण का सशक्त माध्यम : सुमन सिंह

**रांची** : भारत विकास परिषद्, दक्षिण झारखंड प्रांत की ओर से आयोजित प्रांतीय कार्यशाला का आयोजन रांची के होटल कुकवेल में रविवार को संपन्न हुआ। कार्यशाला में दक्षिण झारखंड प्रांत के अंतर्गत आने वाली आठ शाखाओं के अतिरिक्त गढ़वा एवं चाईबासा से भी प्रतिनिधियों की सहभागिता रही। कार्यशाला में परिषद् के विभिन्न प्रकल्पों एवं संगठनात्मक गतिविधियों पर विस्तृत चर्चा की गई तथा आगामी कार्ययोजनाओं को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। कार्यक्रम में परिषद् की क्षेत्रीय अध्यक्षा एवं राष्ट्रीय कोर कमेटी सदस्या सुमन सिंह, क्षेत्रीय संयुक्त महासचिव दिनेश प्रसाद, दक्षिण झारखंड प्रांत अध्यक्ष सुधीर कर्ण तथा प्रांतीय महासचिव अरुण मिश्रा का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। प्रांत संस्कार संयोजक गौरव पाण्डेय ने मंच संचालन किया। कार्यक्रम के दौरान सभी उपस्थित अधिकारियों ने अपने नवीन दायित्वों शपथ ग्रहण किया।

### महतो टोला बूढ़ाबेहरा में 25 केवीए ट्रांसफॉर्मर का हुआ उद्धघाटन



**सिल्ली** : रविवार को सिल्ली प्रखंड के अंतर्गत पंचायत नागेडीह के गांव – महतो टोला बूढ़ाबेहरा में 25 केवीए के विजली ट्रांसफॉर्मर का सिल्ली प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष कार्तिक चन्द्र महतो के उपस्थिति में केशव घटवार द्वारा विधिवध पूजा अर्चना कर उद्धघाटन किया गया। केशव घटवार ने बताया कि पिछले कई दिनों से 25 केवीए का विजली ट्रांसफॉर्मर खराब था। विजली उपभोक्ता एवं इस क्षेत्रों के लोगों को अंधेरे में रहना पड़ रहा था। लेकिन कार्तिक चन्द्र महतो के प्रयास से ट्रांसफॉर्मर मंगवाया गया। अब महतो टोला बूढ़ाबेहरा के ग्रामीणों को विजली मिल गयी है। एवं अंधेरे से रोशनी मिल गई है। इस मौके पर सिल्ली प्रखंड कांग्रेस महासचिव शमशेर आलम, वरिष्ठ कांग्रेस नेता सहदेव वेदिया, राधेश्याम वेदिया, राजनारायण सिंह, रोहित सिंह, मेघनाथ सिंह, कमलेश सिंह,विजली मिस्त्री चंद्रमोहन महतो, जयप्रकाश महतो, सुफल वेदिया, लक्ष्मी नारायण सिंह इत्यादि ग्रामीण उपस्थित हुए।

### दुर्गोत्सव समिति के वरिष्ठ सदस्य नारायण विश्वकर्मा का निधन



**सिल्ली** : सार्वजनिक दुर्गोत्सव समिति सिल्ली के वरिष्ठ सदस्य नारायण विश्वकर्मा का रविवार को जमशेदपुर के टीएमएच अस्पताल में निधन हो गया। वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे। नारायण विश्वकर्मा बेहद सरल और मृदुभाषी स्वभाव के थे। सामाजिक और धार्मिक अनुष्ठानों में हमेशा बढ़–चढ़कर हिस्सा लेते थे। उनके निधन की खबर से सिल्ली क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। सार्वजनिक दुर्गोत्सव समिति के नागेन्द्र नाथ गोस्वामी, भागवत सोनार, ऋषिकेश सोनार, सुखेंदु सेन गुप्ता, भादुड़ी गोराई, जगदीश चंद्र गोराई, कार्तिक गोराई समेत कई सदस्यों ने गहरा शोक व्यक्त किया। सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदना जताई।

# कुड़माली भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल करने का वादा अभिलंब पूरा करे केंद्र सरकार : शीतल ओहदार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची** : रांची पुराना विधानसभा सभागार धुर्वा रांची में बृहद झारखंड कुड़मी समन्वय समिति के बैनर तले कुड़मी समाज के विभिन्न मुद्दों को लेकर अति आवश्यक बैठक रखा गया जिसका अध्यक्षता समन्वय समिति के मुख्य संयोजक श्री शीतल ओहदार जी ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए श्री ओहदार ने कहा कि कुड़मी समाज विगत 75 वर्षों से कुड़मी जनजाति को अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल करने एवं कुड़माली भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग लगातार जारी है। जब जब केंद्र सरकार की आवश्यकता पड़ती है मांग पूरा करने का आश्वासन देता है और वोट लेता है किंतु बाद में मुकर जाता है। हाल ही में पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव में गृह मंत्री अमित शाह जी के द्वारा कुड़माली भाषा को पांच मई के बाद संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने का वादा किये थे। इसी वादे के तहत संपूर्ण जंगल महल के कुड़मी भाजपा को 40 विधायक देकर ऐतिहासिक विजय दिलाया और कुड़मियों के बदौलत आज पश्चिम बंगाल में सरकार बना लिया। श्री ओहदार ने कहा कि केंद्र सरकार अपना वादा के मुताबिक कुड़माली भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में अविलंब शामिल कर वादा पुरा करे। यदि केंद्र सरकार दो माह के अंतर्गत कुड़माली भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल करने के लिए कैबिनेट में प्रस्ताव नहीं लाती तो संपूर्ण झारखंड, बंगाल और उड़ीसा में आर्थिक नाकेबंदी किया जाएगा। श्री ओहदार ने जेएमएम, कांग्रेस और भाजपा पार्टी से आह्वान किया कि कुड़मीयों की जनसंख्या प्रतिशत पुरा झारखंड प्रदेश में सभी जाति से अधिक है किंतु राज्यसभा में इस जाति का नेतृत्व करने वाला नगन्य है, इसीलिए इन तीनों पार्टियों से आग्रह होगा की समाज से एक-एक व्यक्ति को राज्यसभा सांसद बनाया जाए। बैठक को राजेंद्र महतो, सखीचंद महतो, सुषमा महतो, सपन कुमार महतो, थानेश्वर महतो, दानिसिंह महतो, रामचंद्र महतो, ललित मोहन महतो, शशिरंजन महतो, हरिशंकर महतो, अघनु राम महतो, रामपोदो महतो, हेमलाल महतो, सरस्वती महतो आदि ने संबोधित किया। बैठक में सर्व समिति से निर्णय लिया गया कि जातिगत जनगणना बहुत ही दबाव के बाद केंद्र सरकार कर रही है जिसमें अपनी जाति की संख्या और कुड़माली भाषा बोलने वालों की प्रतिशत संख्या हर किमत पर वास्तविक रहे, इस बार चुक हो गई तो संख्या की प्रतिशत घट जाएगी और कई लाभ से पूरा समाज वंचित हो जाएगा।

जाति में कुड़मी और भाषा में कुड़माली दर्ज करने में कोई चुक ना हो इसके लिए प्रत्येक प्रखंड में सेमिनार किया जाएगा, इस कार्य हेतु प्रखंड प्रभारी नियुक्त किया गया तथा प्रखंड वाइज तिथि की घोषणा की गई। सर्व समिति से यह भी निर्णय लिया गया कि आंदोलन को और तेज करते हुए लोकसभा की आगामी मानसून सत्र में बृहद झारखंड कुड़मी समन्वय समिति के बैनर तले दिल्ली के जंतर मंतर में जनजातीय कुड़मी संस्कृति, वाद्य यंत्र एवं पारंपरिक पोशाक के साथ धरना प्रदर्शन किया जाएगा। यह भी निर्णय लिया गया कि वर्तमान में जातीय जनगणना के ग्राम नजरीया नक्सा में जाहेर थान, ग्राम थान जैसे पांचों थान को चिन्हित कराया जाए।

### एसआईआर से झारखंडी जनता का होगा मानसिक-आर्थिक शोषण : चमेली देवी

**रांची** : झारखंड में विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया की शुरूआत 20 जून से होगी। प्रदेश में सत्तापक्ष की ओर से कड़ा विरोध जताया जा रहा है। झारखंड मुक्ति मोर्चा की वरीय नेत्री चमेली देवी ने मतदाता पुनरीक्षण को भारतीय जनता पार्टी का षड्यंत्र बताते हुए कहा कि उनकी पार्टी इस प्रक्रिया का पुरजोर विरोध करेगी। चमेली देवी ने दावा किया कि एसआईआर की प्रक्रिया से आम लोगों को अनावश्यक परेशानी होगी, लोगों के संविधान प्रदत अधिकारों पर आघात होगा और सामाजिक सौहार्द बिगड़ेगा। चमेली देवी ने इसे झारखंड में आदिवासियों, दलितों, पिछड़ों और वंचित वर्ग के लोगों को परेशान करने का सुनियोजित राजनीतिक षड्यंत्र कहा।

# आज 47 स्थानों पर मनाया जाएगा दामोदर महोत्सव उद्गम स्थल पहुंचेंगे राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : युगांतर भारती के तत्वावधान में 25 मई को लोहरदगा स्थित दामोदर नदी के उद्गम स्थल चूल्हा पानी में दामोदर महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। संयोगवश इसी दिन गंगा दशहरा का पर्व भी मनाया जाएगा, जिससे इस आयोजन का धार्मिक, सांस्कृतिक और पर्यावरणीय महत्व और बढ़ गया है।

युगांतर भारती के अध्यक्ष अंशुल शरण ने रविवार को आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि झारखंड के राज्यपाल संतोषकुमार गंगवार इस महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय करेंगे। अंशुल शरण ने कहा कि यह ऐतिहासिक अवसर होगा, क्योंकि पहली बार कोई राज्यपाल दामोदर नदी के उद्गम स्थल पर पहुंचेंगे। उन्होंने इसके लिए राज्यपाल के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे दामोदर नदी और उससे जुड़ी सांस्कृतिक विरासत को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिलेगी।

अंशुल शरण ने बताया कि दामोदर महोत्सव केवल सांस्कृतिक आयोजन नहीं है, बल्कि यह नदी संरक्षण, पर्यावरण जागरूकता और जल स्रोतों के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने का अभियान भी है। कार्यक्रम के दौरान जल-जंगल-जमीन के संरक्षण, पर्यावरण संतुलन और नदियों की स्वच्छता को लेकर विभिन्न



जनजागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

अंशुल शरण ने जानकारी दी कि इस वर्ष दामोदर महोत्सव रिकॉर्ड 47 स्थानों पर आयोजित किया जाएगा। झारखंड के विभिन्न जिलों के अलावा दामोदर नदी से जुड़े कई क्षेत्रों में सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। महोत्सव के माध्यम से लोगों को नदियों के संरक्षण, जल संकट और पर्यावरणीय चुनौतियों के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि दामोदर नदी झारखंड की सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और सामाजिक पहचान का महत्वपूर्ण हिस्सा रही है। ऐसे में इसके उद्गम स्थल पर राज्यपाल की उपस्थिति पूरे राज्य के लिए गौरव और सम्मान का विषय है।

महोत्सव में विभिन्न सामाजिक संगठनों, पर्यावरण कार्यकताओं, जनप्रतिनिधियों, बुद्धिजीवियों और स्थानीय लोगों की बड़ी भागीदारी रहने की संभावना है। कार्यक्रम के दौरान पूजा-अर्चना, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां तथा पर्यावरण संरक्षण से जुड़े संदेश भी दिए जाएंगे।

# बकरीद को लेकर शांति समिति की हुई बैठक




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : अनगडा थाना परिसर में बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर शनिवार को अनगड़ा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सिल्ली डीएसपी ने की, जबकि थाना प्रभारी गौतम रजवार मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक में जिला परिषद सदस्य अनुराधा मुंडा, भाजपा युवा नेता रामसाय मुंडा, नीलकंठ चौधरी सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोग शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए सिल्ली डीएसपी ने कहा कि बकरीद आपसी प्रेम, भाईचारा और सौहार्द का पर्व है। सभी लोग मिल-जुलकर शांतिपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाएं तथा किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें। उन्होंने विशेष रूप से सोशल मीडिया पर भ्रामक एवं आपत्तिजनक संदेश साझा करने से बचने की अपील की। उन्होंने कहा कि पर्व को लेकर क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं और शांति व्यवस्था बिगाड़ने वालों पर प्रशासन की कड़ी नजर रहेगी। थाना प्रभारी गौतम रजवार ने भी लोगों से प्रशासन का सहयोग करने तथा क्षेत्र में अमन-चैन बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि या अफवाह की जानकारी तुरंत पुलिस प्रशासन को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक लोगों ने भी आपसी सौहार्द एवं भाईचारे के साथ बकरीद मनाने का संदेश दिया। बैठक में एसआई सचिन लकड़ा, एसआई अनिल कुमार, चौकीदार सुनील सिंह, नीलकंठ चौधरी, रामवृक्ष चौधरी, शाहनवाज खान, जय शंकर मुंडा, कुंती कुमारी, पुष्नाथ मुंडा, शिबू मुंडा, दिलीप मुंडा, मोहम्मद अमानुतुलाह अंसारी, सुगना मुंडा, महादेव गोप, जितेन्द्र सिंह गोप, मि० सलीम अंसारी, राजेन्द्र महतो, राकेश, जगदीश महतो, अमरदीप मुंडा, मो० सलीम अंसारी समेत कई लोग उपस्थित थे।

# बकरीद को लेकर राज्य के सभी जिलों में हुई शांति समिति की बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : बकरीद पर्व को लेकर झारखंड पुलिस मुख्यालय पूरी तरह अलर्ट मोड में है। राज्य के सभी जिलों और थाना क्षेत्रों में शांति समिति की बैठक लगातार आयोजित की जा रही है। पुलिस प्रशासन की ओर से लोगों से बकरीद का त्योहार शांतिपूर्ण माहौल, आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाने की अपील की गई है।

पुलिस मुख्यालय अधिकारी ने कहा है कि पर्व के दौरान किसी भी तरह की समस्या या संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत स्थानीय थाना को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। साथ ही लोगों से सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहों से दूर रहने और बिना पुष्टि किसी भी पोस्ट या संदेश को साझा नहीं करने की अपील की गई है। पुलिस




मुख्यालय के निर्देश पर जिला और स्थानीय स्तर पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कड़ी नजर रखी जा रही है। अधिकारियों ने साफ कहा है कि अफवाह फैलाने या माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। झारखंड पुलिस ने आम लोगों से त्योहार के दौरान पुलिस और प्रशासन का सहयोग करने की अपील करते हुए कहा है कि सभी के सहयोग से ही बकरीद का पर्व शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराया जा सकता है।

# राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन की बैठक संपन्न, 14 जून को रांची में होने वाले महासम्मेलन को भव्य बनाने का लिया संकल्प

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : न्यू नगर बंधगाड़ी दीपा टोली वार्ड नंबर 6 स्थित सामुदायिक भवन में राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष जगदीश दास ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह उपस्थित रहे। बैठक में 14 जून को रांची में आयोजित होने वाले मानवाधिकार कार्यशाला सह रक्तदान शिविर को भव्य व सफल बनाने पर विशेष चर्चा की गई। सभी पदाधिकारियों



और कार्यकताओं ने एकजुट होकर कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया। कार्यकर्ताओं ने आश्वासन दिया कि वे अधिक से अधिक संख्या में रांची पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाएंगे।

मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह ने कहा, मानवाधिकार की रक्षा और जन-जागरूकता हमारा मुख्य उद्देश्य है। 14 जून को आयोजित कार्यक्रम संगठन की ताकत दिखाने का अवसर है। सभी कार्यकर्ता अभी से तैयारियों में जुट जाएं और घर-घर तक संगठन का संदेश पहुंचाएं।

जिला अध्यक्ष जगदीश दास ने कहा कि हजारीबाग जिले से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता महासम्मेलन में भाग लेंगे।

जिलाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ ललिता देवी ने कहा कि कार्यक्रम में महिला कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित हो इसके लिए प्रचार प्रसार करने की जरूरत है।

बैठक में महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष ललिता देवी, महासचिव ललित महतो, दक्षिण छोटानागपुर प्रमंडल महासचिव संजू देवी, जिला महासचिव वीरेंद्र शर्मा, जिला कोषाध्यक्ष गणेश शर्मा, हजारीबाग जिला संगठन सचिव रुपेश कुमार, बरियातू मंडल अध्यक्ष मनोज प्रजापति, अर्जुन प्रजापति, राजकुमार वर्मा, श्यामलाल राणा, शिशुपाल महतो, नीतू कुमारी, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष राजेश गुप्ता, सीमा मिश्रा, नाजिया परवीन, प्रमंडल सचिव ललिता रानी, रीता रानी, रेखा कुमारी, सरोज जैन, शोभा देवी समेत संगठन के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

सभी कार्यकर्ताओं ने हाथ उठाकर महासम्मेलन को सफल बनाने का संकल्प दोहराया और संगठन की मजबूती के लिए एकजुटता का संदेश दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### युवती से छेड़छाड़ व अश्लील हरकत, सेना के जवान को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**रांची** : राजधानी रांची के लालपुर थाना क्षेत्र में एक युवती से छेड़छाड़ और अश्लील हरकत करने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी पारा मिलिट्री फोर्स के जवान को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार, बीते 22 मई को एक युवती ने लालपुर थाना में आवेदन देकर एक युवक पर छेड़छाड़ और अश्लील हरकत करने का आरोप लगाया। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और घटनास्थल के सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन कर संबंधित वीडियो को जब्त किया। लालपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने आरोपी विनय को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी जवान का वर्तमान पता यूनिट–1 बटालियन, राजपुताना रायफल, नामकुम रांची है। पुलिस ने कार्रवाई की सूचना यूनिट–1 बटालियन राजपुताना रायफल, नामकुम रांची के कमांडिंग ऑफिसर को भी दे दी है। मामले में आगे की जांच जारी है।

### श्री सर्वेश्वरी समूह का पंछी को दाना-पानी कार्यक्रम, मोरहाबादी में बांटे 450 सकोरे



**रांची** : रांची के मोरहाबादी मैदान स्थित ऑक्सीजन पार्क के मुख्य द्वार पर रविवार को श्री सर्वेश्वरी समूह की ओर से पंछी को दाना, पंछी को पानी–जन जागरुकता अभियान चलाया गया। इस दौरान लोगों के बीच 450 सकोरे (मिट्टी के बर्तन) और दाना के पैकेट बांटे गये। इस दौरान लोगों से अपील की गयी कि वे अपने घर की छत, आंगन और बालकनी में सकोरे में पानी भरकर रखें और पक्षियों के लिए दाना भी रखें, ताकि भीषण गर्मी में पक्षियों को राहत मिल सके। संस्था की ओर से कहा गया कि पक्षी प्रकृति के संतुलन के लिए बहुत जरूरी हैं। अगर समय रहते उनकी सुरक्षा के लिए लोग जागरूक नहीं हुए, तो पक्षी विलुप्त हो जायेंगे। इस अभियान का उद्देश्य लोगों को पक्षियों के प्रति संवेदनशील बनाना और उन्हें बचाने के लिए प्रेरित करना है। इससे पहले अभियान के पहले चरण में मधुकम स्थित एक स्कूल में 225 सकोरे और दूसरे चरण में रातू रोड स्थित स्कूल में 150 सकोरे बांटे जा चुके हैं। कार्यक्रम में संस्था की ओर से हेमंत नाथ शाहदेव, नवल किशोर सिंह, नवीन कुमार, उदय नारायण पांडेय , सुचित्रा शाहदेव, गिरेंद्र नाथ शाहदेव, पवन कुमार, समुद्र नाथ शाहदेव, ज्योति शाहदेव के अलावा कई सदस्य शामिल हुए।

### 4 जून को होगा क्रॉस कंट्री दौड़ का आयोजन



**रांची** : अमर शहीद लांस नायक राजकुमार महतो स्टैचू मिलन चौक हेसल अनगड़ा में 4 जून को शहादत दिवस भव्य रूप से मनाने को लेकर बैठक संपन्न हुई। बैठक में आयोजन समिति के पदाधिकारीगण, क्षेत्र के गणमान्य समाजसेवियों, जनप्रतिनिधि, बुद्धिजीवीगण उपस्थित हुए। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी अमर शहीद लॉन्च नायक राजकुमार महतो के शहादत दिवस के उपलक्ष में मिलन चौक हेसल से लेकर गोंदलीपोखर शहीद निर्मल महतो चौक तक अप डाउन क्रॉस कंट्री दौड़ का आयोजन किया गया है, साथ ही बालक– बालिका वर्ग एवं बच्चों के लिए भी दौड़ का आयोजन किया गया है। क्रॉस कंट्री दौड़ में भाग लेने वाले धावक प्रातः 5:30 बजे तक रजिस्ट्रेशन कार्य सुनिश्चित कर लेंगे। 5:45 बजे में क्रॉस कंट्री दौड़ की शुरूआत होगी। 9:00 बजे श्रद्धांजलि सभा एवं आगंतुक अतिथियों, गणमान्य व्यक्तियों का शहीद के प्रति उद्गार व्यक्त एवं आयोजन समिति की ओर से शहीद के परिवार को सम्मान दिया जाएगा। 10:00 बजे क्रॉस कंट्री दौड़, बालक– बालिका वर्ग एवं बच्चों के दौड़ में शामिल विजेताओं को पुरस्कार और मेडल देकर अतिथियों के द्वारा सम्मानित किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता अर्जुन राम एवं संचालन जगरनाथ महतो ने किया। मौके पर आयोजन समिति के संरक्षक कारीनाथ महतो, सखीचंद महतो, मुलू महतो राजेंद्र महतो, बृजलाल महतो, अमरनाथ महतो, तुलसी महतो, विशुन महतो, अजीत महतो, सूरज नारायण महतो, ज्योतिष महतो, सकल नाथ महतो, हीरालाल महतो, गणेश्वर महतो, ग्राम प्रधान देवराज पहन, रामनाथ करमाली, पंचायत समिति सदस्य मदरा मुंडा, प्रनेश पहान, पारसनाथ महतो, लालमोहन महतो, दीपक महतो, सोनेलाल महतो, बेनीलाल करमाली, तूफान महतो, संजय महतो, मुख्य रूप से उपस्थित हुए।

### सिल्ली थाना परिसर में बकरीद को लेकर शांति समिति की हुई बैठक



**सिल्ली** : सिल्ली थाना परिसर में रविवार के दिन संध्या 5 बजे बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने हेतु सिल्ली थाना एवं मुरी ओपी की संयुक्त तत्वाधान में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता सिल्ली थाना प्रभारी नवीन कुमार एवं संचालन मोहम्मद फारूक ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए सिल्ली थाना प्रभारी ने कहा कि पर्व के दौरान विधि व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिकता है। पर्व के दौरान पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात की जाएगी ताकि अप्रिय घटना को समय रहते रोका जा सके तथा संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जाएगी। कार्यक्रम के दौरान मुरी थाना प्रभारी विकास कुमार पासवान ने कहा कि पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की असामाजिक गतिविधि, अफवाह या कानून व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश करने वाले और असामाजिक तत्वों के खिलाफ पुलिस सख्ती से पेश आएगी। दोनों थाना के प्रभारियों ने अपील किया की पर्व को आपसी भाईचारा, सामाजिक सौहार्द एवं शांतिपूर्ण वातावरण में मनाएं। अफवाहों पर ध्यान नहीं देने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत प्रशासन को देने की अपील की। सोशल मीडिया पर फैलने वाली भ्रामक खबरों एवं अफवाहों पर पुलिस कड़ी नजर रखी हुई है। अंत में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं बुद्धिजीवियों ने प्रशासन को हर संभव सहयोग देने का भरोसा जताया। बैठक में थाना क्षेत्र के सभी पुलिस पदाधिकारी, विभिन्न पंचायत के मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## एक नजर

### बकरीद को लेकर डोमचांच थाना में शांति समिति की हुई बैठक

**कोडरमा :** डोमचांच थाना परिसर में आगामी बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिप सदस्य शांति प्रिया, डोमचांच अंचल अधिकारी रविंदर पांडे, डोमचांच थाना प्रभारी अभिमन्यु पड़िहारी सहित महेंद्र वर्मा, राजेश सिंह, केपी चौधरी स्थानीय जनप्रतिनिधि, शकील अहमद, श्यामलाल यादव, अशोक यादव, बुद्धिजीवी, समाजसेवी एवं विभिन्न समुदायों के लोग उपस्थित रहे। बैठक के दौरान प्रशासन की ओर से लोगों से पर्व को आपसी भाईचारे एवं शांति के साथ मनाने की अपील की गई। साथ ही अफवाहों पर ध्यान नहीं देने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस प्रशासन को देने का आग्रह किया गया। थाना प्रभारी ने कहा कि बकरीद के दौरान क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रहेगी और पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहेगा। बैठक में उपस्थित अयोध्या यादव, कोकिल यादव, मोहम्मद असलम, बलराम भारती, वीरेंद्र यादव, शालिम अंसारी, मोहम्मद कयूम लोगों ने भी पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने में प्रशासन को सहयोग करने का भरोसा दिलाया।

### बिना चालान बोल्डर ले जा रहे दो हाइवा जब्त



**मरकच्चो :** मरकच्चो थाना क्षेत्र के ग्राम लालका पानी बेको रोड के नवनिर्मित पानी टंकी के समीप कमार्धाम मुख्यमार्ग पर बिना चालान के अवैध बोल्डर लोड कर ले जा रहे दो हाइवा को मरकच्चो सीओ परमेश्वर कुशवाहा ने जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार गिरिडीह के सरिया स्थित केशवारी खादान से बिना चालान के बोल्डर लोड कर जे एच 4 एन 3902 और जे एच 12क्यू 9718 नम्बर के दो हाइवा मरकच्चो की ओर आ रही थी। इसी दौरान मरकच्चो अंचलाधिकारी परमेस्वर कुशवाहा ने गुप्त सूचना के आधार पर शनिवार सुबह उक्त मार्ग पर हाइवा रोक कर उसमें लोड बोल्डर से संबंधित चालान की मांग की। चालक द्वारा कोई कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया तभी उक्त दोनों हाइवा को जब्त कर उसे सुराक्षित मरकच्चो थाना लाकर रखा गया और आगे की करवाई की जा रही है।

### गिरिडीह जेल में डीसी और एसपी के नेतृत्व में छापेमारी

**गिरिडीह :** गिरिडीह के उपायुक्त( जिलाधिकारी) रामनिवास यादव और एसपी डॉ बिमल कुमार के नेतृत्व में शनिवार रात केंद्रीय कारा में छापेमारी की गयी। टीम ने पुरुष वार्ड के सभी पांच ब्लॉकों के 20 वार्डों और महिला वार्ड की दो घंटे तक तलाशी ली। प्रत्येक वार्ड में बंदियों, कमरों और परिसरों की जांच-पड़ताल की गयी। महिला वार्ड की तलाशी महिला अधिकारियों और महिला पुलिसकर्मियों ने की। जिलाधिकारी व एसपी केअलावा एसडीएम श्रीकांत विस्पुते ने भी कारा की सुरक्षा व्यवस्था, संतरी व्यवस्था, मुलाकात के नियम तथा जेल के भीतर पानी और सीसीटीवी कैमरों की स्थिति का निरीक्षण किया। जेल अधीक्षक को आवश्यक निर्देश दिये गये। कार्रवाई में दंडाधिकारी बिनोद सिंह, डीएसपी वन नीरज कुमार सिंह, एसडीपीओ सदर जीतबाहन उरांव, एसडीपीओ डुमरी आबिद खान, बीडीओ गणेश रजक, सीओ जितेंद्र प्रसाद, मुफस्सिल थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर श्याम किशोर महतो शामिल हुए।

# गोला में अवैध शराब कारोबार का भंडाफोड़ 120 लीटर महुआ शराब जब्त, एक गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रामगढ़ :** गोला थाना क्षेत्र के ग्राम कामता स्थित कोलहवा घुटवा भैरवी नदी किनारे चल रहे अवैध महुआ शराब कारोबार पर रविवार सुबह पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध भट्ठी का भंडाफोड़ कर दिया। कार्रवाई के दौरान भारी मात्रा में महुआ देशी शराब, जावा महुआ और शराब निर्माण में उपयोग होने वाले उपकरण बरामद किए गए। इस कार्रवाई के बाद इलाके में अवैध शराब कारोबारियों के बीच हड़कंप मच गया है।

जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक रामगढ़ को सुबह करीब 5 बजे सूचना मिली थी कि गोला एवं रजरप्पा थाना क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अवैध महुआ शराब की सप्लाई की जा रही है। सूचना के सत्यापन और कार्रवाई के लिए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी आलोक रंजन के नेतृत्व में विशेष छापेमारी टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम जब भैरवी नदी किनारे पहुंची तो 5-6 लोग अवैध भट्ठी चलाकर शराब निर्माण करते मिले। पुलिस को देखते ही सभी भागने लगे। घेराबंदी के दौरान दशरथ महतो, पिता विशेश्वर महतो, निवासी सिकनी, थाना रजरप्पा, जिला रामगढ़ को गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि चार अन्य आरोपी फरार हो गए। पूछताछ में आरोपी ने अवैध शराब निर्माण और बिक्री की बात स्वीकार की। छापेमारी में 120 लीटर महुआ देशी शराब, 600 किलो जावा महुआ, पांच बड़े एल्युमिनियम तसले, चार ब्लू जार और दो पुरानी साइकिल बरामद की गई। मामले में गोला थाना कांड संख्या 59/2026 के तहत बीएनएस की धारा 274, 275, 292, 3(5) एवं उत्पाद अधिनियम की धारा 47(ए) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई। कार्रवाई में आलोक रंजन, पंकज कुमार, अभिषेक कुमार, स्वामी रंजन ओझा, कुमार प्रभात रंजन, संजय कुमार गोराई, बहादुर महतो, तहसीन अहमद, पैंथर मोबाइल दस्ता एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल रहे। पुलिस फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है।

## विजय ज्वेलर्स लूटकांड : थाना के पास हुई वारदात, अब तक नहीं खुला राज




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** भुरकुंडा मेन रोड स्थित विजय ज्वेलर्स में 20 दिसंबर 2025 की देर शाम करीब 8:00 बजे हुई करोड़ों रुपये की सनसनीखेज डकैती आज भी पुलिस के लिए पहेली बनी हुई है। घटना के पांच महीने बीत जाने के बाद भी अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं होने से स्थानीय लोगों, व्यापारियों और आम जनता के बीच भारी नाराजगी देखी जा रही है। थाना से महज 300 मीटर की दूरी पर हुई इस बड़ी वारदात ने पुलिस व्यवस्था और सुरक्षा दावों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। बताया जाता है कि अपराधियों ने पूरी रेकी और योजना के साथ विजय ज्वेलर्स को निशाना बनाया था। देर शाम करीब 8:00 बजे के व्यस्त समय में हथियारबंद बदमाशों ने दुकान में धावा बोलकर करोड़ों रुपये के जेवरात और नकदी लूट लिए थे। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत फैल गई थी और व्यापारियों में भय का माहौल बन गया था। घटना के तुरंत बाद पुलिस ने जल्द खुलासे का दावा किया था, लेकिन समय बीतने के साथ मामला ठंडे बस्ते में जाता दिखाई दे रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि थाना के इतने करीब हुई बड़ी डकैती का खुलासा नहीं हो पा रहा है, तो अपराधियों के हौसले बुलंद होना स्वाभाविक है। भुरकुंडा के व्यवसायियों का कहना है कि लगातार आश्वासन के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई सामने नहीं आई। कई व्यापारियों ने सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और मामले के शीघ्र खुलासे की मांग उठाई है। लोगों का कहना है कि पुलिस की सुस्ती के कारण अपराधियों का मनोबल बढ़ रहा है। इलाके में यह चर्चा भी जोरों पर है कि यदि शुरूआत से मामले की जांच तेज और सख्त तरीके से की जाती, तो अब तक कई अहम सुराग हाथ लग सकते थे। फिलहाल जनता की निगाहें पुलिस प्रशासन पर टिकी हैं कि आखिर विजय ज्वेलर्स डकैती कांड का सच कब सामने आएगा और अपराधी कब सलाखों के पीछे पहुंचेंगे।

## झुमरी तिलैया में राष्ट्रीय रोजगार मेले का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**झुमरी तिलैया :** जैन अंतरराष्ट्रीय व्यापार संगठन द्वारा आयोजित राष्ट्रीय रोजगार मेले का सफल आयोजन शनिवार को श्री दिगंबर जैन विद्यालय में किया गया। यह आयोजन देशभर के एक सौ अस्सी से अधिक स्थानों पर एक साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को रोजगार एवं बेहतर भविष्य के अवसर उपलब्ध कराना था। आयोजन को लेकर युवाओं में विशेष उत्साह देखा गया। कार्यक्रम की शुरूआत णमोकार मंत्र के साथ हुई, जिसके पश्चात दीप प्रज्वलन कर आयोजन का शुभारंभ किया गया। दीप प्रज्वलन समाज के सह मंत्री राज छाबड़ा, कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र काला, महिला समाज मंत्राणी आशा गंगवाल, विद्यालय संयोजक सुनील जैन, रीता सेठी, रौनक काशलीवाल, राहुल जैन, एकता जैन, आशिका जैन, तान्या जैन, चेताली जैन, सोनल जैन सहित अन्य गणमान्य लोगों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम का संचालन रीता सेठी ने किया। इस अवसर पर राहुल जैन ने युवाओं को संबोधित करते हुए रोजगार, कौशल विकास और समाज की एकजुटता पर अपने विचार व्यक्त किए।

उन्होंने युवाओं से अपने कौशल को निखारने और नए अवसरों का लाभ उठाने का आह्वान किया। रोजगार मेले में युवाओं की भारी भागीदारी देखने को मिली। झुमरी तिलैया केंद्र में कुल इक्यावन अभ्यर्थियों ने विभिन्न रोजगार अवसरों के लिए आवेदन किया। कार्यक्रम में समाज के पदाधिकारी, वरिष्ठजन एवं बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे। आयोजन ने युवाओं में नई उम्मीद और आत्मविश्वास का संचार किया।

## आज दामोदर तट पर गूंजेगी आस्था और पर्यावरण संरक्षण की अलख

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ :** गंगा दशहरा के पावन अवसर पर आज 25 मई को रजरप्पा स्थित मां छिन्नमस्ता मंदिर परिसर में दामोदर और भैरवी नदी के संगम तट पर भव्य गंगा पूजन, महाआरती एवं देव-नद दामोदर महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। दामोदर बचाओ आंदोलन 2026 के तहत आयोजित इस कार्यक्रम को लेकर श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। कार्यक्रम शाम 5 बजे से शुरू होगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, समाजसेवियों, पर्यावरण प्रेमियों और प्रबुद्ध नागरिकों के शामिल होने की संभावना है। दामोदर बचाओ आंदोलन रजरप्पा के संयोजक पंचम चौधरी ने बताया कि यह आयोजन केवल धार्मिक आस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि दामोदर नदी की स्वच्छता, पवित्रता और संरक्षण का संदेश देने का भी एक बड़ा प्रयास है। कार्यक्रम के दौरान मां गंगा की विशेष पूजा-अर्चना, दीप प्रज्वलन और भव्य महाआरती का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि दामोदर बचाओ आंदोलन वर्ष 2004 से पूरे प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार संचालित किया जा रहा है। इस अभियान से समाजसेवी, पर्यावरणविद, जैव वैज्ञानिक और कई जागरूक नागरिक जुड़े हुए हैं, जो दामोदर नदी को प्रदूषण मुक्त बनाने और जल संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने का कार्य कर रहे हैं।

## कोडरमा में कांग्रेस का 'शिकायत एवं निवारण कार्य दिवस' आयोजित, संगठन मजबूती पर जोर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कोडरमा :** रविवार को कोडरमा जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा झारखंड कांग्रेस प्रभारी के राजू एवं प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के निर्देश पर शिकायत एवं निवारण कार्य दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड प्रदेश कांग्रेस के महासचिव एवं कोडरमा जिला संगठन प्रभारी विजय यादव मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाश रजक ने की, जबकि संचालन नगर पंचायत अध्यक्ष राजू सिंह ने किया। कार्यक्रम में कांग्रेस के पदाधिकारी, वरिष्ठ नेता और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस दौरान कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकताओं ने प्रदेश महासचिव विजय यादव का अंगवस्त्र एवं माला पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विजय यादव ने कहा कि कोडरमा जिला कांग्रेस संगठन मजबूती के साथ काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि संगठन हित में किसी भी प्रकार की शिकायत, सुझाव या जिम्मेदारी लेने की इच्छा रखने वाले कार्यकर्ता लिखित रूप से अपनी बात दे सकते हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर संगठन को मजबूत बनाने की अपील की तथा मतदाता सूची में सही मतदाताओं का नाम नहीं कटे, इस पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। साथ ही जिले की लंबित कांग्रेस कमेटियों के गठन को जल्द पूरा करने की बात कही। वहीं जिला अध्यक्ष प्रकाश रजक ने कहा कि शिकायत निवारण कार्य दिवस से यह संदेश जाता है कि कांग्रेस पार्टी में हर कार्यकर्ता और नेता को अपनी बात स्वतंत्र रूप से रखने की आजादी है। इससे संगठन के भीतर आपसी सहमति और मजबूती बढ़ती है। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं द्वारा मौखिक एवं लिखित रूप से सुझाव भी दिए गए, जिसमें तीन लिखित सुझाव प्राप्त हुए। कार्यक्रम में प्रदेश सचिव चंद्र भूषण साव, अज्जू सिंह, मालती चंद्रा, अनिल दास, भागीरथ पासवान, सुभाष सिंह यादव समेत कई कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भारत विकास परिषद निस्वार्थ राष्ट्र सेवा के क्षेत्र में कर रहा उत्कृष्ट कार्य : अरुण ओझा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**झुमरीतिलैया :** भारत विकास परिषद झूमरीतिलैया कोडरमा की कार्यकारिणी की एक बैठक वीरू फर्नीचर के कार्यालय में आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरूआत भारत माता, स्वामी विवेकानंद जी के चित्रों पर माल्यार्पण कर और दीप प्रज्वलन के उपरांत वंदे मातरम गीत गाकर कर की गई। इस अवसर पर बोलते हुए लगातार दूसरी बार सर्व संबंधित से अध्यक्ष बने अरुण कुमार ओझा ने कहा कि परिषद का मुख्य उद्देश्य सेवा और संस्कार के माध्यम से राष्ट्र उत्थान में योगदान देना है। उन्होंने कहा कि भारत विकास परिषद निस्वार्थ भाव से राष्ट्र सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहा है। वहीं उन्होंने नई कार्यकारिणी को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता परिषद के अध्यक्ष अरुण कुमार ओझा ने किया जबकि संचालन सचिव विमल पच्चीसिया ने किया। मौके पर अध्यक्ष अरुण कुमार ओझा एवं संरक्षक सुरेश जैन ने नई कार्यकारिणी के सभी सदस्यों को मोटिवेट करते हुए और अच्छे से काम करने का आग्रह किया। इस अवसर सर्व समिति से निर्णय लिया गया की 31 मई को दायित्व ग्रहण समारोह का आयोजन किया जाएगा। जिसके मुख्य अतिथि चयन का जिम्मा अध्यक्ष अरुण कुमार ओझा को दिया गया। साथ ही 5 जून को पर्यावरण दिवस के रूप में मनाते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने एवं उसे बचाकर रखने का भी संकल्प लिया गया। इसके परियोजना निदेशक वीरू यादव को बनाया गया। बैठक में संरक्षक सुरेश जैन, उपाध्यक्ष-कैलाश चौधरी, सचिव- विमल कुमार पच्चीसिया, संस्कार प्रमुख-डीएसपी एम आर भार्गव, संपर्क प्रमुख -धर्मेंद्र सिंह, सेवा प्रमुख-गोपाल कुमार गुतुल, पर्यावरण संरक्षण प्रमुख- वीरेंद्र कुमार यादव, महिला सहभागीता प्रमुख- प्रीति गुप्ता, कोषाध्यक्ष छोटेलाल पांडे आदि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### दलित बस्ती उजाड़ने के विरोध में अंचल कार्यालय पर सीटू का प्रदर्शन कल



**झुमरीतिलैया :** नगर पर्षद झुमरी तिलैया के अंतर्गत वार्ड नंबर 19 के इंदरवाटांड़ में वर्षों से बसे दलित टोला को उजाड़ने की साजिश के खिलाफ मंगलवार 26 जून को कोडरमा अंचल कार्यालय पर सीटू के बैनर तले प्रदर्शन किया जाएगा और अंचलाधिकारी को मांग पत्र सौंपा जाएगा। यह निर्णय रविवार को इंदरवाटांड़ में झारखंड राज्य निर्माण कामगार यूनियन (सीटू) के बैनर तले ग्रामीणों की बैठक में लिया गया। बैठक में सीटू के जिलाध्यक्ष प्रेम प्रकाश ने कहा कि यहां के दलित बरसों से जमींदारों के यहां मेहनत मजदूरी करते आ रहे थे, जिसके एवज में जमींदार परिवार ने निर्जन भूमि पर उन्हें बसाया है। जहां उसके पास राशन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, आधार कार्ड तथा सभी मकानों का होल्डिंग रशीद भी है। चुकी अब इस बस्ती के आसपास की जमीन काफी महंगी हो गई है, इसलिए भू-माफियाओं की नजर इस कीमती जमीन पर है। ग्राम वासियों के बिना जानकारी के कोर्ट को गुमराह कर आदेश लिया गया है। जिस पर अपील किया जाएगा। सीटू संघर्ष और न्यायायिक लड़ाई साथ साथ चलाएगा. बैठक में शिवनंदन भुइयां, जागेश्वर भुईयाँ, छोटू भुइयां, पप्पू भुइयां, विनोद भुइयां, गंगा देवी, धनेश्वरी देवी, मंजू देवी, जमना भुइयां, पुतुल भुइयां, रामचंद्र भुइयां, सोफारी भुइयां, चंदवा देवी, टुकलाल भुइयां, सोनू भुइयां, समता देवी, मुंदरी देवी, गायत्री देवी, अन्नू देवी, सुरेश भुइयां, राजू भैया समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

### धनंजय कुमार पुटूस के 39वें जनता दरबार में उमड़ी फरियादियों की भीड़




**झारखंड :** रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में भाजपा नेता एवं सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार पुटूस द्वारा आयोजित ह्लरामगढ़ बचाओ संघर्ष समिति का 39वां जनता दरबार जनसमस्याओं के समाधान का बड़ा मंच बनकर उभरा। जनता दरबार में विभिन्न पंचायतों और वार्डों से बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे, जहां हर शिकायत को गंभीरता से सुना गया। जनता दरबार में सड़क निर्माण एवं मरम्मती, नाली निर्माण, स्ट्रीट लाइट, पेयजल संकट और बिजली आपूर्ति से जुड़ी समस्याएं प्रमुख रूप से उठाई गईं। ग्रामीणों ने बताया कि कई क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं की कमी के कारण लोगों को रोजाना कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। कार्यक्रम के दौरान साइबर ठगी और बैंक खातों से अवैध निकासी के कई मामले भी सामने आए। फरियादियों ने ऑनलाइन धोखाधड़ी से जुड़ी शिकायतें विस्तारपूर्वक रखीं। इस पर धनंजय कुमार पुटूस ने लोगों को सतर्क रहने की अपील करते हुए कहा कि किसी भी अनजान लिंक, कॉल या ओटीपी पर भरोसा न करें और ठगी होने पर तुरंत साइबर हेल्पलाइन एवं प्रशासन को सूचना दें।धनंजय कुमार पुटूस ने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि हर शिकायत पर संबंधित विभागों के माध्यम से त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित कराने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनता दरबार का उद्देश्य केवल समस्याएं सुनना नहीं, बल्कि उनका स्थायी समाधान सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम में क्षेत्र के कई गणमान्य लोग, सामाजिक कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। जनता दरबार के दौरान लोगों ने खुलकर अपनी समस्याएं रखीं, जिससे कार्यक्रम पूरी तरह जनसरोकारों और विकास के मुद्दों पर केंद्रित दिखाई दिया।

### बकरीद को लेकर रामगढ़ पुलिस अलर्ट, दंगाइयों से निपटने के लिए हुआ हाईटेक मॉक ड्रिल अभ्यास



**रामगढ़ :** आगामी बकरीद पर्व 2026 को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने को लेकर रामगढ़ पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। इसी कड़ी में रविवार, 24 मई 2026 को पुलिस केंद्र रामगढ़ में किसी भी आपातकालीन स्थिति और संभावित उपद्रवियों से निपटने के लिए विशेष मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान जिलाबल एवं जैप कंपनी के जवानों ने सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के उद्देश्य से संयुक्त अभ्यास किया।मॉक ड्रिल के दौरान पुलिस जवानों को भीड़ नियंत्रण, उपद्रव की स्थिति में त्वरित कार्रवाई, सुरक्षा घेरा तैयार करने तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने के विभिन्न तरीकों का प्रशिक्षण दिया गया। जवानों ने दंगा नियंत्रण उपकरणों के साथ कई परिस्थितियों का अभ्यास कर अपनी तत्परता दिखाई। अभ्यास के दौरान पुलिस अधिकारियों ने जवानों को सुरक्षा व्यवस्था संभालते हुए स्वयं को सुरक्षित रखने के उपायों की भी जानकारी दी। किसी भी अप्रिय घटना की स्थिति में संयम, सतर्कता और त्वरित प्रतिक्रिया बनाए रखने को लेकर विस्तृत ब्रीफिंग की गई। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि पर्व के दौरान जिले के सभी संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जाएगी। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल लगातार गश्ती करेगा तथा किसी भी अफवाह या असामाजिक गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। मॉक ड्रिल में जिलाबल एवं जैप कंपनी के जवानों ने अनुशासन और सामूहिक तालमेल का शानदार प्रदर्शन किया। पूरे अभ्यास के दौरान जवानों की मुस्तैदी और तैयारियों ने यह संदेश दिया कि पर्व के दौरान किसी भी स्थिति से निपटने के लिए रामगढ़ पुलिस पूरी तरह तैयार है।

### सेवा, संस्कार और सम्मान का संगम बना रामगढ़ इंजीनियरिंग कॉलेज का एनएसएस सम्मान समारोह

**रामगढ़ :** रामगढ़ इंजीनियरिंग कॉलेज के एनएसएस सेल द्वारा शैक्षणिक सत्र 2024-2025 के लिए आयोजित सम्मान समारोह उत्साह, ऊर्जा और गौरवपूर्ण माहौल के बीच संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विद्यार्थियों की प्रतिभा, सामाजिक सेवा के प्रति समर्पण और अनुशासन की भावना को मंच से विशेष पहचान दी गई। समारोह में कॉलेज परिवार के शिक्षकों, विद्यार्थियों और स्वयंसेवकों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों और स्वयंसेवकों के स्वागत के साथ हुआ। समारोह का मुख्य उद्देश्य पूरे सत्र के दौरान सामाजिक जागरूकता, सामुदायिक सेवा और जनहित कार्यों में उत्कृष्ट भूमिका निभाने वाले एनएसएस स्वयंसेवकों को सम्मानित करना था। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ. शबार्नी रॉय, उप-प्राचार्य डॉ. नजमुल इस्लाम, अकादमिक इंचार्ज डॉ. आशीष नारायण, एनएसएस समन्वयक रूपम कुमार पाल, संकाय सदस्य कोमल कुमारी एवं ममोनी मंडल उपस्थित रहे। प्राचार्या डॉ. शबार्नी रॉय ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि एनएसएस केवल एक गतिविधि नहीं, बल्कि समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाने का सशक्त माध्यम है। वहीं उप-प्राचार्य डॉ. नजमुल इस्लाम ने युवाओं को सेवा, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

## एक नजर

### बरही में तालाब से व्यक्ति का शव बरामद जांच में जुटी पुलिस

**बरही :** बरही गया रोड वीर कुंवर सिंह पथ क्षत्रिय धर्मशाला के पास पांडेय आहार में एक व्यक्ति का शव मिला। मृतक की पहचान बरही अफीम कोठी निवासी मुनेश्वर सिंह के रूप में हुई है। रविवार अपराह्न तीन बजे किसी की नजर तालाब में तैर रहे शव पर पड़ी। यह खबर आग की तरह चारों ओर फैल गई। मौके पर काफी संख्या में लोग जमा हुए। स्थानीय समाजसेवी राजसिंह चौहान ने बताया कि मृतक का शव तालाब में मिला है। लेकिन उसकी मौत कैसे हुई। यह अभी खुलासा नहीं हुआ है। मौके पर बरही थाना के एसआई रूपलाल यादव, नरेंद्र पांडेय पुलिस बल के साथ पहुंचे और शव को बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दी। इधर खबर मिलते ही मुखिया शमशेर आलम, टिंकू आलम, संतोष निषाद , रंजीत निषाद सहित कई लोग पहुंचे और शोक संवेदना प्रकट की।

### महिला थाना कांड के वारंटी अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**चौपारण :** बरही महिला थाना कांड संख्या 11/20 एवं जीआर संख्या 440/21 के फरार वारंटी अभियुक्त रोहित कुमार को रविवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक प्रक्रिया के लिए न्यायालय भेज दिया। गिरफ्तार अभियुक्त चौपारण थाना क्षेत्र के सरधावाटांड़ गांव निवासी मनी महतो का पुत्र बताया गया है। जानकारी के अनुसार, पुलिस को अभियुक्त की लंबे समय से तलाश थी। गुप्त सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद अभियुक्त को थाना लाकर आवश्यक पूछताछ की गई तथा कानूनी प्रक्रिया पूरी की गई। थाना प्रभारी पंकज कुमार ने कहा कि मामला भारतीय दंड संहिता की धारा 498ए से जुड़ा है। आईपीसी की धारा 498ए के तहत यदि किसी महिला के साथ उसका पति अथवा पति का कोई रिश्तेदार शारीरिक, मानसिक या अन्य किसी प्रकार की क्रूरता, प्रताड़ना अथवा मारपीट करता है, तो उसके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाती है। बताया कि न्यायालय से निर्गत वारंट के आलोक में यह कार्रवाई की गई है। सभी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद अभियुक्त को माननीय न्यायालय में उपस्थापन हेतु भेज दिया गया। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया कि फरार वारंटियों की गिरफ्तारी को लेकर लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

### भीषण गर्मी को देखते हुए चलकुशा में पेयजल की व्यवस्था, राहगीरों को मिली राहत

**चलकुशा :** प्रखंड क्षेत्र में भीषण गर्मी और बढ़ते तापमान को देखते हुए चलकुशा प्रखंड में राहगीरों के लिए पेयजल की विशेष व्यवस्था की गई है। आलोक सिंह, मुखिया प्रतिनिधि रामजीत रजक एवं वासुदेव यादव ने अपने अपने पंचायत के विभिन्न चौक-चौराहों पर पेयजल की व्यवस्था कराई गई। इस पहल का उद्देश्य तेज धूप और भीषण गर्मी के बीच आने-जाने वाले राहगीरों को राहत पहुंचाना है। स्थानीय लोगों ने इस सामाजिक और मानवीय कार्य की सराहना करते हुए संबंधित जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया। लोगों का कहना है कि गर्मी के इस दौर में इस तरह की व्यवस्था जरूरतमंदों के लिए काफी मददगार साबित हो रही है।

# बकरीद को लेकर पुलिस अलर्ट, बड़कागांव चौक पर मॉक ड्रिल का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** आगामी बकरीद पर्व 2026 को सौहार्दपूर्ण और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए हजारीबाग पुलिस अलर्ट मोड पर है। पुलिस अधीक्षक हजारीबाग के निदेशानुसार शनिवार को बड़कागांव थाना क्षेत्र के बड़कागांव चौक पर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। मॉक ड्रिल अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बड़कागांव अमित आनंद (भा.पु.से.) की मौजूदगी में संपन्न हुआ। इस दौरान पुलिस निरीक्षक बड़कागांव, परिचारी प्रवर कुमार देवव्रत एवं थाना प्रभारी बड़कागांव भी उपस्थित रहे। ड्रिल के जरिए भीड़ नियंत्रण, आपात स्थिति से निपटने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने का पूर्वाभ्यास किया गया।

**एसपी हजारीबाग की अपील**

हजारीबाग पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि बकरीद पर्व सौहार्दपूर्ण एवं शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि बकरीद पर्व 2026 को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए हजारीबाग पुलिस 24७7 तत्पर है। संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त बल की तैनाती की जा रही है।

**सोशल मीडिया पर अफवाह से बचें**

पुलिस ने चेतावनी दी है कि व्हाट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम या यूट्यूब पर किसी भी तरह का भ्रामक मैसेज मिलने पर उसके बहकावे में न आएं। ऐसे मैसेज की सूचना तुरंत अपने नजदीकी थाना को दें। सूचना का सत्यापन कर अभिलंब कार्रवाई की जाएगी।

## नो पार्किंग को लेकर चला जागरूकता अभियान, दो दिन बाद कटेगा चालान

- एसपी के आदेश पर ट्रैफिक पुलिस ने माइक से किया अनाउंसमेंट, टोटो-ऑटो को भी दी चेतावनी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** पुलिस अधीक्षक हजारीबाग के आदेशानुसार शनिवार को शहर में नो पार्किंग को लेकर विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। ट्रैफिक पुलिस की टीम ने शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर घूम-घूमकर माइक से अनाउंसमेंट कर लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। अभियान इंद्रपुरी चौक से शुरू होकर मेन रोड, झंडा चौक, पानी टंकी, पैगोडा चौक, सुंदरी मार्केट, पंच मंदिर चौक, छोटी ग्वालटोली चौक, खाजा चौक, सांसद महोदय मोड़, कल्लू चौक होते हुए जिला मोड़ तक चलाया गया। इस दौरान टोटो और ऑटो चालकों को भी नो पार्किंग जोन में वाहन ले जाने से मना किया गया।

**दो दिन बाद होगी सख्ती**

पुलिस ने स्पष्ट चेतावनी दी कि जागरूकता अभियान के दो दिन बाद नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और नियमानुसार चालान काटा जाएगा।

**सीसीआर डीएसपी के नेतृत्व में बनी टीम**

पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर यह अभियान पुलिस उपाधीक्षक सीसीआर के नेतृत्व में चलाया गया। टीम में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी यातायात के साथ 3 पुलिस पदाधिकारी और 10 गृहरक्षक शामिल थे। टीम ने पूरे रूट पर माइक से अनाउंसमेंट कर लोगों को नो पार्किंग जोन की जानकारी दी और वहां वाहन खड़ा न करने की अपील की।

## गर्मी में राहत: पुलिस ने सभी थाना-पिकेट में शुरू की प्याऊ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** भीषण गर्मी और लू को देखते हुए पुलिस अधीक्षक हजारीबाग अमन कुमार के आदेशानुसार जिले की हजारीबाग पुलिस ने मानवीय पहल की है। जिले के समस्त थाना, ओपी और पिकेटों में राहगीरों तथा आमजनों के लिए पीने के शीतल जल की व्यवस्था की गई है। मिट्टी के घड़ों में रखा गया पानी पुलिस ने सभी थानों व पिकेटों के बाहर मिट्टी के घड़ों में ठंडा पानी रखवाकर प्याऊ की व्यवस्था कराई है। ताकि गर्मी में सफर कर रहे राहगीर, रिक्शा-टोटो चालक, मजदूर और आम लोग अपनी प्यास बुझा सकें। मिट्टी के घड़े का पानी प्राकृतिक रूप से ठंडा रहता है और स्वास्थ्य के लिए भी बेहतर माना जाता है। पुलिस अधीक्षक हजारीबाग ने निर्देश दिया है कि गर्मी के मौसम में कोई भी राहगीर प्यासा न रहे। सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में प्याऊ की व्यवस्था सुनिश्चित करने और घड़ों में नियमित रूप से साफ पानी भरवाने को कहा गया है। पुलिस की इस पहल की आम लोगों ने सराहना की है। राहगीरों का कहना है कि चिलचिलाती धूप में पुलिस थानों पर मिल रहा ठंडा पानी बड़ी राहत दे रहा है। इससे पुलिस की छवि भी मानवीय और जनहितैषी बन रही है। हजारीबाग पुलिस ने कहा कि कानून-व्यवस्था के साथ-साथ सामाजिक दायित्व निभाना भी हमारी प्राथमिकता है। जनता की सेवा ही पुलिस का पहला कर्तव्य है।

## समाजसेवी हरेलाल महतो ने पेश की मानवता की मिसाल, अस्पताल की पेयजल समस्या कराई दूर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कुकड़ू :** भीषण गर्मी के बीच कुकड़ू प्रखंड के डाटम स्थित ट्रेडिशनल हेल्थ केयर चिकित्सालय में उत्पन्न पेयजल संकट को समाजसेवी एवं आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव हरेलाल महतो ने तत्परता दिखाते हुए दूर कराया। उनके इस मानवीय पहल की क्षेत्र में सराहना हो रही है।

जानकारी के अनुसार, चिकित्सालय परिसर में लगा एकमात्र चापानल खराब हो जाने के कारण मरीजों, उनके परिजनों तथा चिकित्सकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। भीषण गर्मी में पीने के पानी की किल्लत से लोगों की स्थिति दयनीय हो गई थी। अस्पताल में इलाज कराने आने वाले मरीजों को भी पर्याप्त पेयजल उपलब्ध नहीं हो पा रहा था। इस समस्या को लेकर ट्रेडिशनल हेल्थ केयर के डॉ. संजीवन महतो ने आजसू पार्टी के कुकड़ू प्रखंड अध्यक्ष अरुण महतो से संपर्क कर सहायता की मांग की। इसके बाद अरुण महतो ने मामले की जानकारी तुरंत केंद्रीय महासचिव हरेलाल महतो को दी। सूचना मिलते ही हरेलाल महतो ने बिना देर किए मिस्त्री भेजकर चिकित्सालय परिसर स्थित चापानल की मरम्मत करवाई। चापानल ठीक होने के बाद अस्पताल में पेयजल व्यवस्था फिर से सुचारू हो गई, जिससे मरीजों और चिकित्सकों ने राहत की सांस ली। इस अवसर पर डॉ. संजीवन महतो ने हरेलाल महतो के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समय पर मिली सहायता ने अस्पताल की बड़ी समस्या का समाधान कर दिया। वहीं स्थानीय लोगों ने भी इस पहल को मानवता और सामाजिक जिम्मेदारी का बेहतरीन उदाहरण बताया।

## बकरीद को लेकर नीमडीह व तिरुलडीह थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित






प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**ईचागढ़ :** सरायकेला खरसावां जिला के चांडिल अनुमंडल क्षेत्र में बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर रविवार को नीमडीह एवं तिरुलडीह थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।नीमडीह थाना परिसर में आयोजित बैठक की अध्यक्षता अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, चांडिल ने की। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी, नीमडीह सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, पंचायत प्रतिनिधि एवं शांति समिति के सदस्य उपस्थित रहे। इस दौरान पर्व को शांतिपूर्ण माहौल में मनाने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।वहीं कुकड़ू प्रखंड अंतर्गत तिरुलडीह थाना परिसर में भी बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में अंजुमन कमिटी, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक पदाधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। सभी ने आपसी भाईचारे एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाने का संयुक्त निर्णय लिया। बैठक में पुलिस निरीक्षक चांडिल ने स्थानीय लोगों एवं अंजुमन कमिटियों से अपील करते हुए कहा कि पर्व के दौरान असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर विशेष नजर रखें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल प्रशासन को दें।मौके पर कुकड़ू प्रखंड प्रमुख प्रतिमा वाला पातर, पूर्व जिप उपाध्यक्ष अशोक कुमार साव, मुखिया सुधीर सिंह, मुखिया प्रतिनिधि रामलाल सिंह, इंद्रजीत महतो, मनोज माछुआ, विजय कोयरी सहित अंजुमन कमिटी के सदस्य एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### सेंट्रल मिशन पब्लिक स्कूल में 'क्लासरूम डेकोरेशन' प्रतियोगिता संपन्न, बच्चों ने दिखाई रचनात्मकता

# सीनियर ग्रुप में गुलनाज परवीन ग्रुप प्रथम, जूनियर में आयुष ग्रुप ने मारी बाजी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही :** सेंट्रल मिशन पब्लिक स्कूल में शनिवार को सीसीए के तहत 'क्लासरूम डेकोरेशन' प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में सीनियर और जूनियर दो वर्गों में छात्रों ने अपनी रचनात्मकता और कलात्मक कौशल का बेहतरीन प्रदर्शन किया। निर्णायकों ने सजावट, थीम, प्रस्तुति और टीम वर्क के आधार पर विजेताओं का चयन किया।

सीनियर ग्रुप के परिणाम

सीनियर ग्रुप में कक्षा 8 की गुलनाज परवीन ग्रुप ने शानदार सजावट के साथ प्रथम स्थान हासिल किया। कक्षा 10 के सोनल ग्रुप और सीता ग्रुप संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान पर रहे। वहीं कक्षा 9 की सोनम परवीन और कक्षा 6 की स्वीटी कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

**जूनियर ग्रुप के विजेता**

जूनियर ग्रुप में कक्षा 4 के आयुष ग्रुप ने अपनी आकर्षक थीम से प्रथम स्थान पाया। कक्षा 3 के रितेश रजक द्वितीय और कक्षा 2 के सुनैना ग्रुप ने तृतीय स्थान हासिल कर सबका मन मोह लिया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के निदेशक टुकलाल साहू, प्राचार्य नितेश कुमार और सीसीए विभाग की शिक्षिका स्वाति कुमारी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। विद्यालय के सलाहकार राजेंद्र प्रसाद के मार्गदर्शन में सहायक शिक्षक-शिक्षिकाओं अजय कुमार, शिबू रजक, अरुण कुमार, नरेश कुमार, सरिता कुमारी, नीतू कुमारी, पुष्पा कुमारी, सुमन कुमारी, राकेश कुमार समेत अन्य शिक्षकों ने कार्यक्रम के संचालन में सक्रिय सहयोग दिया। प्राचार्य नितेश कुमार ने विजेता बच्चों को बधाई देते हुए कहा, "इस तरह की गतिविधियां बच्चों की रचनात्मक सोच और टीम भावना को बढ़ाती हैं। क्लासरूम को सजाते समय बच्चों ने जो कल्पनाशीलता दिखाई, वह सराहनीय है। निदेशक टुकलाल साहू ने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य पढ़ाई के साथ-साथ सह-शैक्षणिक गतिविधियों से बच्चों का सर्वांगीण विकास करना है।

## संक्षिप्त खबरें

### राहगीरों को मिलेगी भीषण गर्मी से राहत, अग्रवाल समाज ने शुरू की दो चलंत प्याऊ गाड़ियां




**सरिया :** भीषण गर्मी को देखते हुए अग्रवाल समाज द्वारा जनहित में एक सराहनीय पहल की गई है। रविवार को समाज के सदस्यों द्वारा ठाकुरबारी मैदान के बगल में, महावीर मंदिर के सामने दो चलंत प्याऊ वाहनों का विधि-विधान से उद्घाटन किया गया। इस सेवा का शुभारंभ महेश अग्रवाल, विजय अग्रवाल और पंकज अग्रवाल ने सामूहिक रूप से नारियल फोड़कर किया। राहगीरों और आम जनता की सुविधा के लिए दोनों वाहनों का रूट तय कर दिया गया है जो लगातार क्षेत्र में भ्रमण करेंगी। पहला वाहन सरिया रेलवे फाटक से लेकर बागीडीह मोड़ तक चक्कर काटेगा। दूसरा वाहन सरिया फाटक से झंडा चौक तक के मार्ग पर सेवा देगा। इस सेवा का मुख्य उद्देश्य चिलचिलाती धूप और गर्मी में सड़कों पर आने-जाने वाले यात्रियों, मजदूरों और राहगीरों को आसानी से ठंडा और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना है। उद्घाटन के इस पुनीत अवसर पर समाज के कई प्रबुद्ध और गणमान्य लोग उपस्थित थे। इनमें मुख्य रूप से नीरज अग्रवाल, महेश अग्रवा पंकज अग्रवाल,महेंद्र अग्रवाल, प्रवीण डागा,अमन अग्रवाल समेत अग्रवाल समाज के कई अन्य सदस्य और स्थानीय लोग मौजूद रहे। समाज की इस पहल की स्थानीय लोगों द्वारा काफी सराहना की जा रही है।

### करंट की चपेट में आने से मवेशी की मौत मुआवजे की मांग



**सरिया :** सरिया प्रखंड के अमनारी पंचायत अंतर्गत बिरहोर कॉलोनी में एक दर्दनाक हादसा सामने आया है, जहाँ बिजली के हाई वोल्टेज तार की चपेट में आने से एक मवेशी (बैल) की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना के बाद से पीड़ित किसान परिवार गहरे सदमे में है और स्थानीय ग्रामीणों में बिजली विभाग के प्रति भारी आक्रोश है। जानकारी के अनुसार, ग्राम-भगनाटांड निवासी राजेंद्र यादव (पिता- स्वर्गीय चिंतामणि यादव) का बैल बिरहोर कॉलोनी के पास था। इसी दौरान ऊपर से गुजर रहा 11000 वोल्ट का हाई टेंशन तार अचानक टूटकर बैल पर गिर गया। तार में करंट का प्रवाह इतना तेज था कि बैल को संभलने का मौका भी नहीं मिला और घटना स्थल पर ही उसने दम तोड़ दिया। पीड़ित राजेंद्र यादव के लिए यह बैल उनकी आजीविका और खेती-बाड़ी का एक मुख्य जरिया था। इस घटना की सूचना मिलते ही सांसद प्रतिनिधि अजय यादव ने तत्परता दिखाई। उन्होंने तुरंत मामले की गंभीरता को देखते हुए: पशु चिकित्सा पदाधिकारी को सूचित किया ताकि मृत मवेशी का नियमानुसार पोस्टमार्टम और आगे की मेडिकल प्रक्रिया पूरी की जा सके। बिजली विभाग के SDO को घटना की जानकारी देते हुए जर्जर तारों को दुरुस्त करने और पीड़ित किसान को उचित मुआवजा दिलाने की बात कही। स्थानीय ग्रामीणों ने बिजली विभाग से मांग की है कि क्षेत्र में लटके और जर्जर हो चुके तारों को तुरंत बदला जाए ताकि भविष्य में किसी इंसान या अन्य मवेशी की जान को खतरा न हो। साथ ही पीड़ित गरीब किसान को विभाग की तरफ से अविलंब उचित मुआवजा राशि दी जाए।

### पटमदा थाना प्रभारी ने राहगीरों के लिए लगाया प्याऊ



**पटमदा :** टाटा पटमदा मुख्य सड़क के किनारे पटमदा थाना के मुख्य द्वार पर पटमदा थाना प्रभारी विष्णु चरण भोगता के सौजन्य से तपती गर्मी और चिलचिलाती गर्मी में राहगीरों को राहत पहुंचने के लिए प्याऊ की स्थापना किया गया। थाना प्रभारी विष्णु चरण भोगता ने बताया कि मौसम विभाग के द्वारा गर्मी को देखते हुए हाई अलर्ट जारी किया गया है। इसी को। ध्यान में रखते हुए सड़क में गर्मी में यात्रा करने वाले राहगीरों के सुविधा के लिए थाना के मुख्य द्वार में विशेष सुविधा के साथ रविवार को प्याऊ लगाया गया। ताकि लोग प्यास लगने पर तुरंत स्वच्छ पानी पी सके। उन्होंने आम जनता से भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप से बचकर सुरक्षित रहने की अपील की हैं।

### रवींद्र और नजरुल की मनी जयंती



**पटमदा :** रवीन्द्र-नजरुल जयंती के अवसर पर अमल संघ के ओइंद्री महिला सदस्य द्वारा एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महान कवि रवीन्द्रनाथ टैगोर और काजी नजरुल इस्लाम को अमल संघ के अध्यक्ष सामन्त कुमार तथा सचिव संदीप सिन्हा चौधरी ने श्रद्धांजलि अर्पित की । कार्यक्रम में रवीन्द्र संगीत, नजरुल गीति, कविता पाठ, नृत्य तथा उनके साहित्य और विचारों पर चर्चा की गई। इनके जीवनी पर रोचक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। समारोह का उद्देश्य उनकी रचनाओं के माध्यम से मानवता, प्रेम, समानता और सांस्कृतिक मूल्यों को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम में सभी सदस्य उत्साहपूर्वक भाग लिया और महान कवियों को सम्मान दिया।

# वृद्धों के दिशा-दर्शन में ही युवकों की गति उपयोगी

जीवन की साँझ भी आती है। संध्या आती है प्रतिदिन। सभी प्राणी घर लौटते हैं। सूर्य अस्त होते हैं। इसी तरह 'वृद्धावस्था' जीवन की साँझ है। यह अचानक नहीं आती। धीरे-धीरे 'जीवन-ऊर्जा' घटती है। शरीर क्षीण होता है। मन और शरीर का संगीत टूटता है। मन कहता है-नाचें। गतिशील रहें। चरेवैति-चरेवैति। चलते रहें। 'गति' ऋषि-आह्वान है। मन करता है कि इसी के अनुसार चलते रहें लेकिन शरीर शिथिल और लाचार होता है। तब झिलमिल तारों की आकाशगंगा के दर्शन 'आनन्द' नहीं देते। नदियाँ प्रवाहमान हैं, गतिशील हैं। उनके 'नाद' आनन्दित करते हैं। धीरे-धीरे नाद की ध्वनि मद्धिम होती है। श्रवण-शक्ति कम होती है। स्मृति भी क्षीण होती है इसलिए सभी वृद्ध तरुणाई की स्मृतियों में रस लेते हैं। वर्तमान 'भूत' होता है प्रतिपल। 'भूत-अनुभूत' है सबके भीतर। जरामरण सारभूत हैं। यह जीवन का ध्रुव और अटल सत्य है। महाभारत के यक्ष प्रश्न और युधिष्ठिर के उत्तर सामने हैं। 'मृत्यु' सत्य है लेकिन लोग इस सत्य को स्वीकार नहीं करते। 'वृद्ध' होना भी जीवन का पीड़ादायी सत्य है। शरीर भी फल की तरह पकता है। पहले खट्टा होता है फल। फिर धीरे-धीरे रसवान होता है। मधुवान होता है। गन्धवान होता है। 'पक्षी' फलवान-मधुवान वृक्षों पर गीत गाते हैं। पूरा पका फल एक दिन टहनी-डंठल से अलग हो जाता है। ऋग्वेद के ऋषि-कवि ने त्रयम्बकदेव से स्तुति की है, हम त्रयम्बक रुद्र का ध्यान करते हैं। वे पोषणदाता हैं। वे पककर अलग हो जाने वाले ककड़ी-खीरा की तरह हमको मृत्यु बन्धन से अलग करें। मुक्त करें। वृद्धावस्था स्वाभाविक है लेकिन हिन्दू-परम्परा के अनुसार 'देवता' वृद्ध नहीं होते। देवताओं पर समय का प्रभाव नहीं पड़ता। ऋग्वेद (6.24.7) में कहते हैं, 'संवत्सर 'इन्द्र' को क्षीण नहीं कर सकते। मास भी इन्द्र को क्षीण नहीं कर सकते और दिन भी।' कालचक्र भी क्षीण-जीर्ण नहीं होता। यह अजर-अमर है। ऋग्वेद (1.16.4.11) में कहते हैं, 'सूर्य का बारह अरों वाला चक्र द्युलोक के चारों ओर घूमता है और कभी जीर्ण नहीं होता।' वृद्धावस्था दुःख देती है। इसकी कठिनाइयों से वैदिक ऋषि सजग थे। विवाह के समय 'वर' वधू से कहता है, 'तू मुझ पति के साथ वृद्धावस्था-पर्यंत साथ रहना।' (10.85.36) वृद्धावस्था कष्टदायी है। शरीर जीर्ण होता है। इन्द्र से स्तुति है, 'विद्वानों को धन दीजिए। वे वृद्धावस्था तक ऐश्वर्यशाली रहें।' सुखद जीवन और सुखद वृद्धावस्था की इच्छा वेदों में प्रकट हुई है। ऋग्वेद में स्तुति है, 'हम दीर्घजीवीं रहें। कल्याणमय सुखद जीवन प्राप्त करें। वृद्धत्व सुखमय हो।' (10.37.6) वेदों में 100 शरद की जीवन-अभिलाषा है। इस अभिलाषा में स्वस्थ शरीर की इच्छा भी है। आँख, कान सहित सभी अंगों के पुष्ट रहने की भी स्तुति है। केनोपनिषद के शान्तिपाठ में कहते हैं, 'आप्यायन्तु माँगानि वाक, प्राण, चक्षु (आँखें) श्रोत्रम। बलम इन्द्रियाणि च सर्वाणि मेरे सभी अंग वाणी, प्राण, आँखें, कान, बल-परिपुष्ट हों।' जीवन का अवसान सत्य है। वृद्धावस्था जीवन-अवसान की तैयारी है। वृद्ध होना शरीर का स्वभाव है। 'स्वभाव' प्राकृतिक है। शरीर निःस्सन्देह कमजोर होता है लेकिन वृद्धावस्था का अपना सौन्दर्य है। यह नई भूमिका की प्रतीक्षा है। 'मृत्यु' जीवन का अन्त है। अन्तिम सत्य है। इसके पहले वृद्धावस्था है। जीवन-ऊर्जा का अवसान है। प्रश्न अनेक हैं। क्या मृत्यु दुःख देती है या नहीं देती? यह प्रश्न अनुत्तरित है। मृत्यु का अनुभव अज्ञात है लेकिन वृद्धावस्था के कष्ट सर्वविदित हैं। हिन्दू दार्शनिकों ने 'जरा' (वृद्धावस्था) और 'मृत्यु' को दुःखदायी बताया है। बुद्ध की कथा में भी वृद्ध-दर्शन की अनुभूति है। ऋग्वेद में 100 शरद् जीवन की स्तुति है। दीर्घ जीवन पर्याप्त नहीं है। दीर्घ जीवन के साथ स्वस्थ शरीर भी जरूरी है इसलिए इस स्तुति में 'पश्येम शरदः शतं'-100 वर्ष देखने की भी इच्छा है। दीनहीन न होने की भी स्तुति है।

# प्रकृति का बिगड़ता संतुलन और बढ़ती तपिश

मिथलेश दास

देश इस समय भीषण गर्मी की अभूतपूर्व मार झेल रहा है। राजस्थान, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार और मध्य प्रदेश सहित कई राज्यों में तापमान लगातार नए रिकॉर्ड बना रहा है। लू और तेज तपिश ने सामान्य जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। सड़कें तप रही हैं, जल स्रोत सूख रहे हैं और अस्पतालों में गर्मी से बीमार लोगों की संख्या बढ़ती जा रही है। यह स्थिति केवल मौसमी बदलाव नहीं बल्कि प्रकृति के बिगड़ते संतुलन की गंभीर चेतावनी है। झारखंड भी इस संकट से अछूता नहीं है। कभी अपने सुहावने मौसम और घने जंगलों के लिए प्रसिद्ध यह राज्य आज बढ़ते तापमान, जल संकट और प्रदूषण की समस्या से जूझ रहा है। राँची, धनबाद, बोकारो और पलामू जैसे क्षेत्रों में बढ़ती गर्मी ने लोगों का जीवन कठिन बना दिया है। जंगलों की कटाई और खनन गतिविधियों ने राज्य की प्राकृतिक जलवायु को गहरा नुकसान पहुँचाया है।

झारखंड राज्य अपनी प्राकृतिक संपदा, घने जंगलों, पहाड़ों, नदियों और खनिज संसाधनों के लिए पूरे देश में विशेष पहचान रखता है। कभी यह राज्य अपनी हरियाली, स्वच्छ वातावरण और प्राकृतिक सौंदर्य के कारण जाना जाता था, लेकिन आज वही झारखंड भीषण गर्मी, जल संकट, प्रदूषण और पर्यावरण असंतुलन जैसी गंभीर समस्याओं से जूझ रहा है। पिछले कुछ वर्षों में राज्य के तापमान में लगातार वृद्धि देखी गई है। मई-जून की गर्मी अब अप्रैल से ही लोगों को झुलसाने लगती है। कई जिलों में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुँच रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में जल स्रोत सूख रहे हैं, खेतों में नमी समाप्त हो रही है और शहरों में लोगों का जीवन कठिन होता जा रहा है। यह स्थिति केवल प्राकृतिक परिवर्तन नहीं बल्कि मानव द्वारा प्रकृति के साथ किए गए अत्यधिक हस्तक्षेप का परिणाम है। झारखंड जैसे राज्य, जहाँ प्रकृति ही जीवन और संस्कृति का आधार रही है, वहाँ बढ़ती तपिश इस बात का संकेत है कि पर्यावरण का संतुलन तेजी से बिगड़ रहा है और यदि समय रहते इसे नहीं समझा गया तो भविष्य और अधिक भयावह हो सकता है।

झारखंड की पहचान उसके जंगलों और खनिज संपदा से रही है। राज्य में कोयला, लोहा, बॉक्साइट और अन्य खनिजों का विशाल भंडार मौजूद है। विकास और औद्योगीकरण के नाम पर वर्षों से यहाँ बड़े पैमाने पर खनन कार्य किए गए। धनबाद, बोकारो, रामगढ़, हजारीबाग और पश्चिमी सिंहभूम जैसे क्षेत्रों में खनन गतिविधियों ने पर्यावरण को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। कोयला खदानों से निकलने वाला धुआँ, औद्योगिक इकाइयों से फैलता प्रदूषण और जंगलों की अंधाधुंध कटाई ने वातावरण को विषैला बना दिया है। धनबाद के झरिया क्षेत्र में वर्षों से जलती भूमिगत आग केवल खनन की त्रासदी नहीं बल्कि पर्यावरण विनाश का जीवंत उदाहरण है। वहाँ की धरती तप रही है, जहरीली गैसें निकल रही हैं और लोगों का जीवन लगातार संकट में है। यही स्थिति धीरे-धीरे राज्य के अन्य क्षेत्रों में भी दिखाई देने लगी है। जंगलों की कटाई ने झारखंड की प्राकृतिक जलवायु को गहराई से प्रभावित किया है। कभी जिन क्षेत्रों में घने पेड़ और ठंडी हवाएँ लोगों को राहत देती थीं, वहाँ आज तपती धूप और सूखा वातावरण दिखाई देता है। पेड़ों की कमी के कारण वर्षा चक्र भी प्रभावित हो रहा है। कभी समय पर होने वाली बारिश अब अनियमित हो गई है। कहीं अत्यधिक वर्षा होती है तो कहीं सूखे जैसी स्थिति उत्पन्न हो जाती है। इसका सबसे अधिक प्रभाव किसानों पर पड़ रहा है, क्योंकि झारखंड की बड़ी आबादी आज भी कृषि और जंगलों पर निर्भर है।

राज्य में बढ़ती गर्मी का सबसे बड़ा कारण प्राकृतिक संसाधनों का असंतुलित दोहन है। विकास के नाम पर जंगल काटे गए, पहाड़ तोड़े गए और नदियों का दोहन किया गया, लेकिन पर्यावरण संरक्षण की दिशा में गंभीर प्रयास नहीं हुए। वन क्षेत्र लगातार कम होते जा रहे हैं। वन विभाग हर वर्ष वृक्षारोपण अभियान चलाता है, लेकिन धरातल पर उसका प्रभाव बहुत सीमित दिखाई देता है। पेड़ लगाने से अधिक आवश्यक उन्हें बचाना है, लेकिन इस दिशा में समाज और प्रशासन दोनों की लापरवाही साफ दिखाई देती है। झारखंड में आदिवासी समाज सदियों से प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाकर जीवन जीता आया है। उनकी संस्कृति, परंपरा और जीवन शैली प्रकृति संरक्षण पर आधारित रही है। सरहुल, करमा और अन्य पर्व प्रकृति के प्रति सम्मान का प्रतीक हैं, लेकिन आधुनिक विकास मॉडल ने इस संतुलन को तोड़ दिया है। आज जंगल केवल संसाधन बनकर रह गए हैं, जबकि वास्तव में वे जीवन का आधार हैं। जंगलों की कटाई का सीधा प्रभाव तापमान पर पड़ रहा है। पेड़ वातावरण को ठंडा रखने, वर्षा को संतुलित करने और भूजल स्तर को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जब जंगल कम होते हैं तो गर्मी बढ़ती है, मिट्टी की नमी घटती है और जल स्रोत सूखने लगते हैं। यही स्थिति आज झारखंड के अनेक जिलों में दिखाई दे रही है।

झारखंड के शहरों में भी बढ़ती गर्मी गंभीर समस्या बनती जा रही है। राँची, जो कभी अपने सुहावने मौसम के लिए प्रसिद्ध था, आज वहाँ भी तापमान लगातार बढ़ रहा है। शहरों में तेजी से हो रहे निर्माण कार्य, वाहनों की बढ़ती संख्या और हरियाली की कमी ने वातावरण को गर्म बना दिया है। कंक्रीट की इमारतें और चौड़ी सड़कें प्राकृतिक संतुलन को प्रभावित कर रही हैं। राँची, जमशेदपुर, धनबाद और बोकारो जैसे शहरों में प्रदूषण का स्तर बढ़ता जा रहा है। औद्योगिक क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को साँस संबंधी बीमारियाँ, त्वचा रोग और गर्मी से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। गरीब और मजदूर वर्ग सबसे अधिक प्रभावित हो रहा है। निर्माण कार्यों, फैक्ट्रियों और खेतों में काम करने वाले श्रमिकों को तेज धूप में काम करना पड़ता है, जिससे हीट स्ट्रोक और डिहाइड्रेशन जैसी समस्याएँ बढ़ रही हैं। अस्पतालों में गर्मी से बीमार होने वाले मरीजों की संख्या हर वर्ष बढ़ रही है। स्कूलों के समय में बदलाव करना पड़ता है और कई बार भीषण गर्मी के कारण स्कूल बंद तक करने पड़ते हैं। यह स्थिति स्पष्ट संकेत देती है कि गर्मी अब केवल मौसमी परेशानी नहीं बल्कि सामाजिक और स्वास्थ्य संकट बनती जा रही है।

जल संकट भी झारखंड में बढ़ती तपिश का बड़ा कारण बन चुका है। राज्य के अनेक गाँवों में गर्मियों के दौरान तालाब और कुएँ सूख जाते हैं। लोग पीने के पानी के लिए कई किलोमीटर दूर जाने को मजबूर होते हैं। भूजल स्तर तेजी से नीचे जा रहा है। वर्षा जल का संरक्षण नहीं होने के कारण अधिकांश पानी बहकर नदियों में चला जाता है और गर्मियों में जल संकट गहरा जाता है। सरकार जल संरक्षण के लिए योजनाएँ बनाती है, लेकिन उनका प्रभाव सीमित दिखाई देता है। गाँवों में पारंपरिक जल स्रोतों की उपेक्षा की गई है। तालाबों और आहर-पइन जैसी पारंपरिक जल संरचनाओं को बचाने की दिशा में पर्याप्त प्रयास नहीं हुए। यदि समय रहते जल संरक्षण की दिशा में गंभीर कदम नहीं उठाए गए तो आने वाले वर्षों में स्थिति और भयावह हो सकती है।

प्रकृति का बिगड़ता संतुलन केवल पर्यावरण तक सीमित नहीं रहता बल्कि इसका प्रभाव समाज और अर्थव्यवस्था पर भी पड़ता है। झारखंड में कृषि उत्पादन प्रभावित हो रहा है। समय पर बारिश नहीं होने और अत्यधिक गर्मी के कारण फसलें खराब हो रही हैं। किसान आर्थिक संकट में फँस रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों से पलायन बढ़ रहा है। जल, जंगल और जमीन पर निर्भर समुदायों का जीवन संकट में पड़ता जा रहा है। दूसरी ओर औद्योगीकरण और खनन से होने वाला लाभ सीमित वर्ग तक सिमट कर रह जाता है, जबकि पर्यावरणीय नुकसान का बोझ आम जनता को उठाना पड़ता है। यह स्थिति विकास मॉडल पर भी गंभीर प्रश्न खड़े करती है। यदि विकास की कीमत पर्यावरण विनाश और मानव जीवन का संकट है, तो ऐसे विकास पर पुनर्विचार करने की आवश्यकता है।

सरकार को पर्यावरण संरक्षण को केवल कागजी योजनाओं तक सीमित नहीं रखना चाहिए। कठोर कानूनों का प्रभावी क्रियान्वयन आवश्यक है। अवैध खनन और जंगलों की कटाई पर सख्ती से रोक लगानी होगी। बड़े उद्योगों को पर्यावरणीय मानकों का पालन सुनिश्चित करना होगा। केवल वृक्षारोपण कार्यक्रम चलाने से समस्या का समाधान नहीं होगा, बल्कि प्राकृतिक जंगलों को बचाना सबसे अधिक आवश्यक है। साथ ही वर्षा जल संचयन, पारंपरिक जल स्रोतों का संरक्षण और सौर ऊर्जा जैसे वैकल्पिक उपायों को बढ़ावा देना होगा। शहरों की योजना इस प्रकार बनाई जानी चाहिए कि हरियाली और जल स्रोत सुरक्षित रहें। झारखंड जैसे राज्य में जहाँ प्राकृतिक संपदा प्रचुर मात्रा में है, वहाँ सतत विकास मॉडल अपनाना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

समाज की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं बल्कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। लोगों को यह समझना होगा कि प्रकृति के बिना जीवन संभव नहीं है। प्लास्टिक का कम उपयोग, जल की बचत, अधिक से अधिक वृक्षारोपण और पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाना आज समय की माँग है। स्कूलों और कॉलेजों में पर्यावरण शिक्षा को व्यवहारिक रूप से लागू करना होगा ताकि नई पीढ़ी प्रकृति के महत्व को समझ सके। आदिवासी समाज की पारंपरिक प्रकृति संरक्षण की संस्कृति से भी सीख लेने की आवश्यकता है। आधुनिकता के नाम पर प्रकृति से दूरी बनाना अंततः मानव के लिए विनाशकारी सिद्ध होगा। आज झारखंड की बढ़ती तपिश केवल मौसम की समस्या नहीं बल्कि प्रकृति की चेतावनी है।

# गंगा दशहरा : मां गंगा के अवतरण का महापर्व, स्नान-दान और पूजा से मिलता है मोक्ष का आशीर्वाद

उदय कुमार सिंह

भारत की सनातन संस्कृति में गंगा दशहरा का पर्व अत्यंत पवित्र, आध्यात्मिक और पुण्यदायी माना जाता है। यह पर्व हर वर्ष ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाता है। वर्ष 2026 में गंगा दशहरा का पावन पर्व 25 मई, सोमवार को मनाया जाएगा। धार्मिक मान्यता है कि इसी दिन मां गंगा का स्वर्गलोक से पृथ्वी पर अवतरण हुआ था। यही कारण है कि इस दिन गंगा स्नान, दान-पुण्य, जप, तप और पूजा-अर्चना का विशेष महत्व माना गया है।

भारतीय संस्कृति में गंगा केवल नदी नहीं बल्कि करोड़ों लोगों की आस्था, श्रद्धा और जीवन का आधार हैं। सनातन धर्म में गंगा को "मां गंगा", "मोक्षदायिनी" और "पापनाशिनी" कहा गया है। मान्यता है कि गंगा जल में स्नान करने से व्यक्ति के समस्त पाप नष्ट हो जाते हैं और उसे मोक्ष की प्राप्ति होती है। यही कारण है कि गंगा दशहरा के अवसर पर देशभर के गंगाघाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है।

गंगा दशहरा : तिथि और शुभ मुहूर्त

- गंगा दशहरा : 25 मई 2026, सोमवार
- दशमी तिथि प्रारंभ : 25 मई 2026 को सुबह 04:30 बजे
- दशमी तिथि समाप्त : 26 मई 2026 को सुबह 05:10 बजे

ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार इस वर्ष ज्येष्ठ मास में अधिक मास का विशेष संयोग बन रहा है। ऐसे में गंगा स्नान, दान-पुण्य और पूजा-पाठ का महत्व कई गुना अधिक बढ़ जाता है। धार्मिक विद्वानों के अनुसार इस दिन किए गए पुण्य कार्यों का फल विशेष रूप से शुभ और कल्याणकारी माना जाता है।

क्यों कहा जाता है "गंगा दशहरा" "गंगा दशहरा" शब्द दो शब्दों से मिलकर बना है- "दश" यानी दस और "हरा" यानी नाश करना। धार्मिक मान्यता के अनुसार इस दिन गंगा स्नान करने से मनुष्य के दस प्रकार के पापों का नाश होता है। शास्त्रों में इन पापों को तीन प्रकारों में बांटा गया है-

- 3 कायिक पाप- शरीर से किए गए पाप
- 4 वाचिक पाप- वाणी से किए गए पाप
- 3 मानसिक पाप- मन और विचारों से किए गए पाप

इसी कारण इस दिन गंगा स्नान, ध्यान, जप, तप और दान का विशेष महत्व माना गया है। कहा जाता है कि गंगा दशहरा के दिन श्रद्धा से मां गंगा की पूजा करने पर व्यक्ति के जीवन के दुख, कष्ट और नकारात्मकता दूर होती है।

मां गंगा के अवतरण की पौराणिक कथापौराणिक कथाओं के अनुसार, राजा सगर के 60 हजार पुत्र कपिल मुनि के श्राप से भस्म हो गए थे। उनके उद्धार और आत्मा की शांति के लिए राजा भागीरथ ने वर्षों तक कठोर तपस्या की। उनकी कठिन साधना से प्रसन्न होकर ब्रह्मा जी ने मां गंगा को पृथ्वी पर आने का वरदान दिया। लेकिन मां गंगा का वेग इतना प्रचंड था कि पृथ्वी उसके प्रवाह को सहन नहीं कर सकती थी। तब भगवान शिव ने पृथ्वी की रक्षा के लिए मां गंगा को अपनी जटाओं में धारण किया और उनके वेग को नियंत्रित किया। इसके बाद मां गंगा शांत रूप में पृथ्वी पर अवतरित हुईं और राजा भागीरथ के पूर्वजों का उद्धार किया। इसी कारण गंगा को "भागीरथी" नाम से भी जाना जाता है।

राजा भागीरथ की कठोर तपस्या और गंगा अवतरण की यह कथा भारतीय संस्कृति में तप, त्याग और लोक कल्याण का प्रतीक मानी जाती है। यह कथा हमें सिखाती है कि सच्ची निष्ठा, धैर्य और तपस्या से असंभव कार्य भी संभव हो जाते हैं।

भारतीय संस्कृति और आस्था में गंगा का स्थानभारतीय सनातन संस्कृति में गंगा केवल जलधारा नहीं बल्कि आध्यात्मिक चेतना और जीवनशक्ति का प्रतीक हैं। ऋषि-मुनियों से लेकर सामान्य जन तक, हर व्यक्ति गंगा को मां के रूप में पूजता है। गंगा के तटों पर सदियों से सभ्यता, संस्कृति, धर्म और ज्ञान का विकास हुआ है। गंगा मनुष्य के जीवन, संस्कार और आस्था से गहराई से जुड़ी हुई हैं। जन्म से लेकर मृत्यु तक हिंदू धर्म के अधिकांश संस्कारों में गंगाजल का विशेष महत्व होता है। मान्यता है कि गंगा जल अमृत के समान पवित्र होता है और इसकी एक बूंद भी आत्मा को शुद्ध करने की क्षमता रखती है।

धार्मिक मान्यता यह भी है कि गंगा स्नान से मनुष्य के पापों और संतापों का नाश होता है तथा उसे मानसिक शांति और आध्यात्मिक ऊर्जा प्राप्त होती है। इसलिए गंगा दशहरा पर श्रद्धालु गंगा तटों पर स्नान कर मां गंगा का पूजन करते हैं।

गंगा दशहरा पर क्या करेंगंगा दशहरा के दिन प्रातःकाल ब्रह्म मुहूर्त में उठकर स्नान करना शुभ माना जाता है। यदि संभव हो तो गंगा नदी में स्नान करें, अन्यथा घर में स्नान के जल में गंगाजल मिलाकर स्नान किया जा सकता है। इसके बाद मां गंगा की पूजा कर दीप, धूप, पुष्प, दूध और अक्षत अर्पित किए जाते हैं।

इस दिन दान-पुण्य का विशेष महत्व बताया गया है। श्रद्धालु जरूरतमंदों को अन्न, वस्त्र, जल, फल, छाता, सत्तू और शीतल पेय का दान करते हैं। इसके अलावा गंगा स्तोत्र, गंगा चालीसा और मंत्रों का जाप भी अत्यंत फलदायी माना गया है।

धार्मिक परंपराओं के अनुसार इस दिन पीपल, तुलसी और अन्य पवित्र वृक्षों की पूजा करना भी शुभ माना जाता है। कई श्रद्धालु गंगा तट पर दीपदान कर मां गंगा से सुख, समृद्धि और परिवार की मंगलकामना करते हैं।

गंगा दशहरा का आध्यात्मिक और सामाजिक संदेशगंगा दशहरा केवल धार्मिक पर्व नहीं बल्कि मानव जीवन को शुद्धता, सेवा, करुणा और सदाचार का संदेश देने वाला उत्सव है। मां गंगा हमें यह प्रेरणा देती हैं कि जीवन में निरंतर प्रवाह, पवित्रता और परोपकार बना रहना चाहिए।

आज के समय में गंगा केवल आस्था का विषय नहीं बल्कि पर्यावरण और जीवन संरक्षण का भी आधार हैं। गंगा और अन्य नदियों की स्वच्छता बनाए रखना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। गंगा दशहरा का पर्व हमें यह संदेश भी देता है कि जिस नदी को हम मां का दर्जा देते हैं, उसकी स्वच्छता और पवित्रता बनाए रखना हमारा कर्तव्य है।

धार्मिक मान्यता है कि गंगा दशहरा के दिन श्रद्धा से व्रत, स्नान और पूजा करने पर व्यक्ति के सभी मनोरथ पूर्ण होते हैं। मां गंगा की कृपा से अष्ट सिद्धियों और नव निधियों की प्राप्ति होती है तथा जीवन में सुख, शांति और समृद्धि आती है। यही कारण है कि करोड़ों श्रद्धालुओं के लिए यह पर्व आस्था, भक्ति और आत्मिक शुद्धि का महापर्व माना जाता है।

## सूडोकु नवताल- 7805

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 5 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | 2 | |
| | | 8 | | | | | | 3 |
| | 1 | | | | | | | 8 |
| 5 | | | | 4 | | | | 9 |
| 7 | | | | | | | 6 | |
| 4 | | | | | | 7 | | |
| | 2 | | | | 6 | | | |
| | | 3 | 9 | 8 | | | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -7804 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 6 | 3 | 5 | 2 | 9 | 1 | 8 |
| 5 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 4 | 3 | 2 |
| 2 | 3 | 1 | 8 | 9 | 4 | 7 | 6 | 5 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 3 | 9 | 2 | 4 | 1 |
| 3 | 2 | 4 | 5 | 1 | 6 | 8 | 7 | 9 |
| 7 | 1 | 9 | 4 | 2 | 8 | 3 | 5 | 6 |
| 8 | 4 | 3 | 2 | 6 | 5 | 1 | 9 | 7 |
| 1 | 5 | 2 | 9 | 4 | 7 | 6 | 8 | 3 |
| 9 | 6 | 7 | 1 | 8 | 3 | 5 | 2 | 4 |

# विदेशी धरती से आजादी की अलख जगाने वाले अमर क्रांतिकारी 'रास बिहारी बोस'

वरुण कुमार

भारत का स्वतंत्रता संग्राम व केवल देश की सीमाओं के भीतर लड़ी गई लड़ाई नहीं था, बल्कि यह विश्वभर में फैले भारतीयों की चेतना, संघर्ष और त्याग का परिणाम भी था। अनेक ऐसे क्रांतिकारी हुए जिन्होंने विदेशों में रहकर अंग्रेजी साम्राज्य की नींव हिलाने का कार्य किया। ऐसे महान राष्ट्रनायकों में रास बिहारी बोस का नाम अत्यंत सम्मान के साथ लिया जाता है। वे उन चुनिंदा क्रांतिकारियों में थे जिन्होंने भारत की स्वतंत्रता की लड़ाई को अंतरराष्ट्रीय स्वरूप दिया और विदेशी भूमि पर रहकर भी मातृभूमि की मुक्ति के लिए जीवन समर्पित कर दिया। उनका व्यक्तित्व साहस, संगठन क्षमता, दूरदृष्टि और राष्ट्रभक्ति का अद्वितीय उदाहरण है।

रास बिहारी बोस का जन्म 25 मई 1886 को बंगाल के बर्धमान जिले के सुबालदह गांव में हुआ था। बचपन से ही उनके भीतर देशभक्ति की भावना प्रबल थी। उस समय भारत अंग्रेजी शासन के अधीन था और जनता अनेक प्रकार के अत्याचार सह रही थी। बंगाल में क्रांतिकारी विचारधारा तेजी से फैल रही थी। युवाओं के मन में स्वतंत्रता की ज्वाला धधक रही थी और रास बिहारी बोस भी इससे अछूते नहीं रहे। उन्होंने प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त करने के बाद कुछ समय तक देहरादून के वन अनुसंधान संस्थान में नौकरी की, लेकिन उनका मन सरकारी नौकरी में नहीं लगा। उनका लक्ष्य केवल एक था—भारत की स्वतंत्रता।वे शीघ्र ही बंगाल के प्रसिद्ध क्रांतिकारी संगठन "युगांतर" से जुड़ गए। उस समय अंग्रेज सरकार दमनकारी नीतियों के माध्यम से भारतीयों की आवाज दबाने का प्रयास कर रही थी। रास बिहारी बोस का मानना था कि केवल प्रार्थनाओं और याचिकाओं से अंग्रेज भारत नहीं छोड़ेंगे। इसके लिए सशक्त और संगठित क्रांति की आवश्यकता है। उन्होंने अनेक युवाओं को क्रांतिकारी आंदोलन से जोड़ा और गुप्त रूप से संगठन निर्माण का कार्य आरंभ किया।

सन 1912 में उन्होंने अंग्रेजी सत्ता को सीधी चुनौती दी। जब तत्कालीन वायसराय लॉर्ड हार्डिंग दिल्ली दरबार के बाद हाथी पर सवार होकर भव्य जुलूस में निकल रहा था, तब उस पर बम फेंका गया। इस घटना ने ब्रिटिश शासन को हिला दिया। यद्यपि हार्डिंग बच गया, लेकिन यह स्पष्ट हो गया कि भारतीय क्रांतिकारी अब केवल विरोध तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे अंग्रेजी शासन को उखाड़ फेंकने के लिए तैयार हैं। इस पूरे षड्यंत्र के पीछे रास बिहारी बोस की महत्वपूर्ण भूमिका थी। अंग्रेज सरकार ने उन्हें पकड़ने के लिए व्यापक अभियान चलाया, लेकिन वे अत्यंत चतुराई से बच निकलने में सफल रहे।

इस घटना के बाद उन्होंने गदर पार्टी के क्रांतिकारियों के साथ मिलकर 1915 में एक व्यापक सैनिक विद्रोह की योजना बनाई। इस योजना का उद्देश्य भारतीय सैनिकों को अंग्रेजों के विरुद्ध खड़ा करना था। यदि यह योजना सफल हो जाती, तो संभवतः भारत का स्वतंत्रता संग्राम एक नया मोड़ ले लेता। हालांकि अंग्रेजों को इसकी भनक लग गई और यह क्रांति सफल नहीं हो सकी, फिर भी इसने ब्रिटिश शासन की नींद उड़ा दी। अंग्रेज सरकार ने अनेक क्रांतिकारियों को गिरफ्तार किया और कई लोगों को फांसी दे दी, लेकिन रास बिहारी बोस गिरफ्तारी से बच निकले।

लगातार बढ़ते खतरे को देखते हुए रास बिहारी बोस जापान चले गए। यही उनके जीवन का सबसे महत्वपूर्ण मोड़ साबित हुआ। जापान पहुंचकर उन्होंने वहां के समाज में स्वयं को स्थापित किया और भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन को अंतरराष्ट्रीय समर्थन दिलाने का प्रयास शुरू किया। उस समय जापान एशिया की एक उभरती शक्ति था और ब्रिटिश विरोधी भावना भी वहां मौजूद थी। रास बिहारी बोस ने इस अवसर का उपयोग भारत की स्वतंत्रता के पक्ष में जनमत तैयार करने के लिए किया। जापान में उन्होंने भारतीय स्वतंत्रता लीग की स्थापना की। इसका उद्देश्य विदेशों में रहने वाले भारतीयों को एकजुट करना और स्वतंत्रता आंदोलन को मजबूत बनाना था। उन्होंने दक्षिण-पूर्व एशिया में बसे भारतीयों के बीच राष्ट्रवाद की भावना को प्रबल किया। उनकी प्रेरणा से हजारों भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़े। वे केवल एक क्रांतिकारी ही नहीं, बल्कि कुशल संगठनकर्ता और दूरदर्शी नेता भी थे।

द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान परिस्थितियां तेजी से बदल रही थीं। जापान और ब्रिटेन आमने-सामने थे। रास बिहारी बोस ने इसे भारत की स्वतंत्रता के लिए अवसर के रूप में देखा। उन्होंने भारतीय युद्धबंदियों और प्रवासी भारतीयों को संगठित कर "आजाद हिंद फौज" की नींव रखी। हालांकि बाद में इस सेना को नई ऊर्जा और व्यापक पहचान नेताजी सुभाष चंद्र बोसके नेतृत्व में मिली, लेकिन इसकी प्रारंभिक संरचना तैयार करने का श्रेय रास बिहारी बोस को ही जाता है।

सबसे महत्वपूर्ण बात यह थी कि उन्होंने व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा को कभी अपने ऊपर हावी नहीं होने दिया। जब उन्हें लगा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस के नेतृत्व में आंदोलन अधिक प्रभावशाली बन सकता है, तब उन्होंने नेतृत्व खुशी-खुशी उन्हें सौंप दिया। यह त्याग और राष्ट्रहित की सर्वोच्च भावना का अनुपम उदाहरण है। सत्ता और प्रसिद्धि की चाह रखने वाले नेताओं के बीच रास बिहारी बोस का यह आदर्श आज भी प्रेरणादायक है। रास बिहारी बोस का जीवन संघर्षों से भरा रहा। उन्हें वर्षों तक अपने देश से दूर रहना पड़ा। अंग्रेज सरकार लगातार उनके पीछे लगी रही, लेकिन वे कभी विचलित नहीं हुए। जापान में उन्होंने वहां की संस्कृति को अपनाया और स्थानीय समाज में सम्मान प्राप्त किया। उन्होंने एक जापानी परिवार में विवाह भी किया, लेकिन भारत के प्रति उनका प्रेम कभी कम नहीं हुआ।

## दैनिक पंचांग

25 मई 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति




| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ समय |
|---|---|---|
| सूर्य | वृष में | मिथुन 06.42 बजे से |
| चंद्र | सिंह में | कर्क 08.55 बजे से |
| मंगल | मेष में | सिंह 11.11 बजे से |
| बुध | वृष में | कन्या 13.23 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | तुला 15.34 बजे से |
| शुक्र | मिथुन में | वृश्चिक 17.49 ब.से |
| शनि | मीन में | धनु 20.05 बजे से |
| राहु | कुंभ में | मकर 22.10 बजे से |
| केतु | सिंह में | कुंभ 23.56 बजे से |
| राहुकाल 7.30 से 9.00 बजे तक | | मीन 01.29 बजे से |
| | | मेष 03.00 बजे से |
| | | वृष 04.40 बजे से |

**सोमवार** 2026 वर्ष का 145 वा दिन
**दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** ग्रीष्म।
**विक्रम संवत्** 2083 **शक संवत्** 1948
**मास** ज्येष्ठ **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** दशमी 05.11 बजे प्रातः को समाप्त। **नक्षत्र** उत्तराफाल्गुनी 04.09 बजे रात्र को समाप्त।
**योग** वज्र 03.15 बजे रात्र को समाप्त।
**करण** तैतिल 16.47 बजे तदनन्तर गर 05.11 बजे प्रातः को समाप्त।
**चन्द्रायु** 8.2 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 20° 55'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872720
**जूलियन दिन** 2461185.5
**कलियुग संवत्** 5128
**कल्पारंभ संवत्** 1972949128
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** जिल्हेज **तारीख** 08
**विशेष** गंगा दशहरा।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत | 05.53 से | 07.22 बजे तक | चर | 05.43 से | 07.14 बजे तक |
| काल | 07.22 से | 08.50 बजे तक | रोग | 07.14 से | 08.45 बजे तक |
| शुभ | 08.50 से | 10.19 बजे तक | काल | 08.45 से | 10.17 बजे तक |
| रोग | 10.19 से | 11.48 बजे तक | लाभ | 10.17 से | 11.48 बजे तक |
| उद्वेग | 11.48 से | 01.17 बजे तक | उद्वेग | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| चर | 01.17 से | 02.45 बजे तक | शुभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| लाभ | 02.45 से | 04.14 बजे तक | अमृत | 02.51 से | 04.2 बजे तक |
| अमृत | 04.14 से | 05.43 बजे तक | चर | 04.22 से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

एक नजर

## पहाड़ की तलहटी से 50 वर्षीय व्यक्ति का शव बरामद

**साहिबगंज :** जिले के मिर्जाचौकी थाना क्षेत्र के बसहा गांव के कुछ दूरी पर पहाड़ के तलहटी से 50 वर्षीय मरांग मरांडी की शव मिर्जाचौकी थाना के एएसआई पवन कुमार एवं विल्सन हांसदा पुलिस बल के साथ बरामद किया, वहीं थाना प्रभारी रुपेश कुमार यादव ने शव कि शिनाख्त होने पर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है, इस संबंध में मृतक की पत्नी तनी चौड़े ने आवेदन में बताई कि मृतक सरकंडा के घटवर टोला का रहने वाले हैं,ये शनिवार को बसहा भोज खाने गया था, उसे मिर्गी की बिमारी थी, कड़ाके की धूप एवं गर्मी के दिन में हमेशा रोग उत्पन्न हो जाता है,भीषण गर्मी एवं उमस से उसकी पत्नी भोज खाने जाने के लिए मना की थी, पर वह चला गया, उन्होंने आवेदन में बताई है कि मेरे पति का किसी से कोई दुश्मनी नहीं था, इसमें किसी का कोई दोष नहीं है। शव के समीप सभी स्वजन उपस्थित थे।

## गंगा स्नान के दौरान नदी में डूबा अधेड़, तलाश जारी

**साहिबगंज:** रिवर थाना क्षेत्र अंतर्गत चानन गंगा घाट पर रविवार की दोपहर गंगा स्नान के दौरान एक अधेड़ व्यक्ति नदी में डूबकर लापता हो गया। घटना के बाद घाट पर अफरा-तफरी मच गई, जबकि परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। जानकारी अनुसार लापता व्यक्ति की पहचान चानन गांव निवासी 48 वर्षीय विनोद पासवान के रूप में हुई है। उनके पिता का नाम सुखलाल पासवान बताया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक विनोद पासवान स्नान के दौरान गहरे पानी की ओर चले गए, जिसके बाद वे अचानक नदी में लापता हो गए। घटना की सूचना मिलते ही जिरवाबाड़ी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। सदर प्रखंड के अंचल अधिकारी बासुकीनाथ टुडू को भी घटना की जानकारी दे दी गई है। इधर स्थानीय ग्रामीण एवं गोताखोर गंगा नदी में लगातार खोजबीन कर रहे हैं। देर शाम तक लापता व्यक्ति का कोई पता नहीं चल सका था। घटना की सूचना गांव एवं रिश्तेदारों तक पहुंचते ही पूरे इलाके में शोक का माहौल है।

## बॉक्सिंग की प्रैक्टिस कर रहे किशोर की मौत

**पूर्वी सिंहभूम :** साकचीथाना क्षेत्र के काशीडीह लाइन नंबर-5 निवासी 15 वर्षीय पीयूष पटेल की बॉक्सिंग प्रैक्टिस के दौरान अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। घटना शनिवार शाम की है। इस घटना के बाद परिवार सहित पूरे इलाके में मातम पसरा हुआ है। जानकारी के मुताबिक पीयूष रोज की तरह शनिवार को भी काशीडीह कम्युनिटी सेंटर में बॉक्सिंग का अभ्यास करने पहुंचा था। वह रिंग में अभ्यास कर रहा था और पंचिंग कर रहा था। इसी दौरान अचानक उसकी तबीयत बिगड़ी और वह जमीन पर गिर पड़ा। उसे गिरता देख वहां मौजूद अन्य खिलाड़ी और कोच तुरंत उसकी मदद के लिए पहुंचे। काफी देर तक उसे होश में लाने की कोशिश की गई, लेकिन जब कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली तो उसे तत्काल इलाज के लिए टाटा मेन हॉस्पिटल ले जाया गया। अस्पताल में डॉक्टरों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए इलाज शुरू किया, लेकिन तमाम कोशिशों के बावजूद पीयूष को बचाया नहीं जा सका। सूचना मिलने पर पुलिस भी अस्पताल पहुंची और पूरे मामले की जानकारी ली। प्राथमिक जांच में डॉक्टरों ने आशंका जताई है कि भीषण गर्मी और हीटवेव के कारण पीयूष को हार्ट अटैक आया होगा। हालांकि मौत के वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया और रविवार को शव परिजनों को सौंप दिया।

# बकरीद को लेकर प्रशासन अलर्ट मोड पर प्रतिबंधित जानवरों की कुर्बानी पर सख्त रोक



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** आगामी बकरीद पर्व को सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर रविवार को मुफस्सिल थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सदर एसडीपीओ साहिबगंज सुशील कुमार ने किया। वही बैठक का नेतृत्व साहिबगंज सदर बीडीओ बासुकीनाथ टुडू एवं मंडरो अंचल अधिकारी संजय शुक्ला एवम् नगर प्रभाग इंस्पेक्टर अमित कुमार गुप्ता कर रहे थे। उक्त बैठक में सदर एसडीपीओ साहिबगंज ने लोगों को कहा कि बकरीद पर्व के दौरान प्रतिबंधित जानवरों की कुबार्नी पर पूरी तरह रोक रहेगी। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि कुबार्नी के बाद बचे अवशेषों को उचित स्थान पर रखें, ताकि स्वच्छता एवं शांति व्यवस्था बनी रहे। उन्होंने यह भी कहा कि असामाजिक तत्वों एवं सोशल मीडिया पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने या अशांति पैदा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उसी दौरान सदर प्रखंड बीडीओ ने क्षेत्रवासियों से आपसी भाईचारे एवं शांतिपूर्ण वातावरण में बकरीद पर्व मनाने की अपील की। इस मौके पर नगर थाना इंस्पेक्टर अमित कुमार, मुफस्सिल थाना प्रभारी अनीश कुमार पांडेय, एसआई अखिलेश कुमार, एएसआई उमाकांत ओझा, एएसआई रविन्द्र यादव, पूर्व जिला परिषद यारानुलहक उर्फ गोले, पूर्व उपप्रमुख ब्रह्मदेव यादव, मो हनान, मनोज यादव, दारा सिंह यादव, किरण देवी समेत दर्जनों बुद्धिजीवी लोग उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री के आदेश का असर, साहिबगंज जिले के पुलिस ने सार्वजनिक जगहों पर लगाया प्याऊ केंद्र

**साहिबगंज:** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आदेश के कुछ घंटे बाद ही साहिबगंज के अलग-अलग सार्वजनिक स्थानों पर पुलिस प्रशासन के सहयोग से जगह-जगह पर प्याऊ केंद्र बनाए गए हैं। शहर में तेज धूप और बढ़ती गर्मी मे आम नागरिकों और यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखकर रविवार को साहिबगंज जिले के विभिन्न स्थानों पर लगने का काम शुरू हो गया। एसपी अमित कुमार सिंह के निर्देश पर बरहरवा एसडीपीओ नितिन खंडेलवाल के नेतृत्व में इंस्पेक्टर संतोष कुमार राणा और थाना प्रभारी सुमित कुमार सिंह, कोटालपोखर थाना प्रभारी पवन कुमार, रांगा थाना प्रभारी अखिलेश कुमार यादव, बरहेट थाना प्रभारी चंदन कुमार भैया ने शहरी क्षेत्र का निरीक्षण किया और अपने-अपने थाना क्षेत्र में शुद्ध एवं शीतल पेयजल की व्यवस्था किया। इसको लेकर अलग-अलग जगहों में स्टैंड पर दो-दो मटकों में पानी और ग्लास की व्यवस्था की गई है। बरहरवा एसडीपीओ नितिन खंडेलवाल ने बताया कि भीषण गर्मी को देखते हुए साहिबगंज पुलिस द्वारा अलग-अलग स्थानों पर पेयजल की व्यवस्था की जा रही है। इसी के तहत आज बरहरवा, कोटालपोखर, रांगा,बरहेट सहित अन्य स्थानों पर शुद्ध और ठंडा पेयजल को रखा गया है। उक्त स्थानों पर नियमित रूप मटकों की साफ सफाई और पानी भरने के लिए विभाग के कर्मियों को निर्देशित किया गया है।

## 'सबसे दूर सबसे पहले' अभियान के तहत विशेष शिविर का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हिरणपुर :** पाकुड़ जिले के हिरणपुर प्रखंड अंतर्गत केंदुआ पंचायत के धनगढ़ा गांव में आदिम जनजाति विशेष अभियान सबसे दूर सबसे पहले के तहत विशेष शिविर का आयोजन किया गया। 19 मई से 25 मई तक चलने वाले इस अभियान के तहत ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड़ने एवं आवश्यक सेवाएं उपलब्ध कराने का कार्य किया जा रहा है। शिविर में ग्रामीणों का जन्म प्रमाण पत्र बनाने, पेंशन योजना से जोड़ने, स्वास्थ्य जांच कराने सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया गया। साथ ही ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई तथा पात्र लाभुकों से मौके पर ही आवेदन भी प्राप्त किए गए। कार्यक्रम प्रखंड विकास पदाधिकारी टुडू दिलीप की देखरेख में संपन्न हुआ। इस दौरान प्रखंड कल्याण पदाधिकारी सुनील मुर्मू भी मौजूद रहे और शिविर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य दूरदराज एवं आदिम जनजाति बहुल गांवों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है, ताकि कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति सरकारी सुविधाओं से वंचित न रह जाए। शिविर को लेकर ग्रामीणों में उत्साह देखा गया और बड़ी संख्या में लोगों ने इसका लाभ उठाया।

## कांग्रेस कार्यालय में 'शिकायत निवारण कार्य दिवस' कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के निदेर्शानुसार जिला कांग्रेस कार्यालय, साहेबगंज में शिकायत निवारण कार्य दिवस कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रदेश कांग्रेस कमिटी के महासचिव मुन्नम संजय के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ, जिसका नेतृत्व जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष बरकतुल्लाह खान ने किया। कार्यक्रम के दौरान जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए दर्जनों कार्यकताओं एवं आमजनों ने अपनी समस्याओं एवं सुझावों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। संध्या 4:00 बजे अपराह्न तक कांग्रेस कार्यालय में प्राप्त सभी आवेदनों को संकलित कर अग्रिम एवं त्वरित कार्रवाई हेतु प्रदेश कांग्रेस कमिटी को अग्रसरित कर दिया गया है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष बरकतुल्लाह खान ने कहा कांग्रेस पार्टी हमेशा से जनता की आवाज रही है। प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के निर्देश पर आज का यह शिकायत निवारण दिवस उसी परंपरा को आगे बढ़ाने का एक प्रयास है। हमारा लक्ष्य है कि अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति की समस्या का समाधान हो। प्राप्त सभी आवेदनों पर प्रदेश नेतृत्व गंभीरता से कार्रवाई करेगा और पीड़ितों को न्याय दिलाने तक हमारा संघर्ष जारी रहेगा। कार्यकर्ताओं का भरोसा ही कांग्रेस की ताकत है। कार्यक्रम में प्रदेश पदाधिकारी अनुकूल मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष मो कलीमुद्दीन, बासुकीनाथ यादव, उमेश पांडे, जिला महासचिव सरफराज आलम, जिला सचिव हरिचरण पासवान, सेवादल जिला अध्यक्ष अल्ताफ हुसैन, नगर अध्यक्ष सतीश पासवान, प्रखंड अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह, वार्ड अध्यक्ष मजहर खान, सहित दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सिविल सर्जन ने की स्वास्थ्य योजनाओं की समीक्षा लापरवाही पर अधिकारियों को लगाई फटकार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** सिविल सर्जन कार्यालय सभागार में सिविल सर्जन की अध्यक्षता में जिले के स्वास्थ्य विभाग से जुड़े अधिकारियों एवं कर्मियों के साथ समीक्षा बैठक की गई। बैठक में अनुमंडलीय अस्पताल राजमहल के उपाधीक्षक, सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, बीडीएम, बीपीएम तथा सिविल सर्जन कार्यालय में कार्यरत विभिन्न कार्यक्रमों के कर्मी उपस्थित थे। बैठक के दौरान सिविल सर्जन ने प्रोजेक्टर से विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की बिंदुवार समीक्षा की तथा सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों एवं संबंधित अधिकारियों से योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। इस दौरान स्वास्थ्य सेवाओं के संचालन, विभिन्न कार्यक्रमों की उपलब्धियों एवं लंबित कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई। समीक्षा के दौरान सिविल सर्जन ने आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कार्यों में सुधार लाने पर जोर दिया। वहीं कुछ योजनाओं में संतोषजनक प्रगति नहीं होने पर उन्होंने संबंधित प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को फटकार लगाई तथा कमियों में सुधार कर शीघ्र प्रतिवेदन कार्यालय में समर्पित करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मियों को सरकार से संचालित स्वास्थ्य योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित करने तथा आम लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए गंभीरता से कार्य करने को कहा।

## बासलोई नदी के कौशिक घाट में मिला व्यक्ति का शव, इलाके में फैली सनसनी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**अमड़ापाड़ा :** पाकुड़ जिले के अमड़ापाड़ा थाना क्षेत्र के अमड़ापाड़ा बाजार स्थित बासलोई नदी के कौशिक घाट में रविवार सुबह एक व्यक्ति का शव पानी में तैरता हुआ मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान संजीव ठाकुर (40 वर्ष) के रूप में हुई है, जो महेशपुर प्रखंड के हरिशपुर गांव का निवासी बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, रविवार सुबह स्थानीय लोगों की नजर नदी में तैर रहे शव पर पड़ी। शव मिलने की खबर आसपास के क्षेत्र में तेजी से फैल गई, जिसके बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना अमड़ापाड़ा थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से शव को नदी से बाहर निकलवाया। पुलिस ने मृतक की पहचान सुनिश्चित करने के बाद उसके परिजनों को घटना की सूचना दी। स्थानीय स्तर पर यह कयास लगाया जा रहा है कि मृतक ने अत्यधिक शराब का सेवन किया था और नहाने के दौरान नदी में डूब जाने से उसकी मौत हो गई। हालांकि, पुलिस किसी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले मामले की हर पहलू से जांच कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा। घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा मामले की जांच शुरू कर दी है।

# सदस्यता अभियान में पूर्व विधायक अकील अख्तर ने उठाई गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**पाकुड़ :** राजधानी रांची के हिन्दपीढ़ी इलाके में ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) की झारखण्ड प्रदेश कमेटी द्वारा मिलन समारोह सह सदस्यता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं, समर्थकों एवं स्थानीय लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम में पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक अकील अख्तर मुख्य रूप से उपस्थित रहे। सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने पार्टी की नीतियों और संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि एआईएमआईएम समाज के हर वर्ग की आवाज बनकर कार्य कर रही है और झारखंड में पार्टी लगातार मजबूत हो रही है। अपने संबोधन के दौरान पूर्व विधायक अकील अख्तर ने केंद्र सरकार से गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि देश में लंबे समय से गाय के मुद्दे पर राजनीति होती रही है, ऐसे में सरकार को स्पष्ट निर्णय लेते हुए गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि सरकार वास्तव में गाय संरक्षण को लेकर गंभीर है तो केवल बयानबाजी से काम नहीं चलेगा, बल्कि इसके लिए ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है। उन्होंने समाज में आपसी भाईचारा, शांति एवं संविधान की मजबूती बनाए रखने की भी अपील की। साथ ही कहा कि समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चलना ही लोकतंत्र की मजबूती का आधार है। कार्यक्रम के दौरान कई लोगों ने एआईएमआईएम की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी नेताओं ने नए सदस्यों का स्वागत करते हुए संगठन को गांव-गांव तक मजबूत बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर एआईएमआईएम झारखण्ड प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद शाकिर, प्रदेश महासचिव डॉ. नासिम अंसारी, इंतेखाब अंसारी, प्रदेश महिला मोर्चा अध्यक्ष सीमा परवीन, प्रदेश संगठन महासचिव मेहताब आलम, प्रदेश सचिव अब्दुल मोकीत, पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र के युवा नेता अफीफ अमसल, पाकुड़ के पूर्व जिलाध्यक्ष शामसाद आलम सहित पार्टी के कई पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित थे।

संक्षिप्त खबरें

## बकरीद को लेकर अमड़ापाड़ा थाना परिसर में शांति समिति की हुई बैठक



**अमड़ापाड़ा :** जिले के अमड़ापाड़ा प्रखण्ड में ईद-उल-जुहा (बकरीद) पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर अमड़ापाड़ा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अंचल अधिकारी औसफ अहमद खां एवं थाना प्रभारी अनूप रोशन भेगड़ा ने संयुक्त रूप से की। बैठक के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों ने उपस्थित ग्रामीणों एवं मुस्लिम समुदाय के लोगों से अपील करते हुए कहा कि बकरीद का पर्व आपसी भाईचारे और शांति के साथ मनाएं। अधिकारियों ने निर्देश दिया कि सभी लोग अपने-अपने निर्धारित स्थानों पर नमाज अदा करें तथा नमाज के उपरांत कुबार्नी की परंपरा अपने घरों में ही निभाएं। सार्वजनिक स्थलों पर कुबार्नी नहीं करने की हिदायत भी दी गई। वहीं अंचल अधिकारी औसफ अहमद खां ने कहा कि कुबार्नी के बाद निकलने वाले अवशेषों एवं वर्जित सामग्रियों के निस्तारण में विशेष सावधानी बरती जाए। कचरा प्रबंधन का ध्यान रखते हुए उसे निर्धारित स्थानों पर ही फेंका जाए, ताकि क्षेत्र में स्वच्छता बनी रहे और सभी समुदायों के बीच आपसी सौहार्द कायम रहे। बैठक में अमड़ापाड़ा, पाड़रकोला एवं जमुगाड़िया स्थित मस्जिदों और ईदगाहों में नमाज अदा करने के समय को लेकर भी मुस्लिम समुदाय के गणमान्य लोगों के साथ विचार-विमर्श किया गया। समुदाय के प्रतिनिधियों ने जानकारी दी कि बकरीद का आयोजन आगामी 28 मई को किया जाएगा। शांति समिति की बैठक में एसआई पप्पू कुमार, एसआई चंदन कुमार सिंह, पुलिस बल के जवानों के अलावा ग्रामीण लियाकत अली, तनवीर आलम, मुस्लिम मियां तथा अमड़ापाड़ा संथाली पंचायत के मुखिया गया लाल देहरी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## देर रात एक्शन मोड में दिखी जिरवाबाड़ी पुलिस, चलाया सघन वाहन जांच अभियान



**साहिबगंज:** शहर में बढ़ती रात्री गतिविधियों और असामाजिक तत्वों पर लगाम लगाने को लेकर साहिबगंज पुलिस इन दिनों पूरी तरह एक्शन मोड में नजर आ रही है। इसी क्रम में देर रात झरना कॉलोनी स्थित दुर्गा मंदिर के समीप पुलिस द्वारा सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया।अभियान के दौरान देर रात बेवजह घूमने वाले युवकों, मनचलों, नशेड़ियों तथा संदिग्ध लोगों की गहन जांच की गई। पुलिस ने वाहन चालकों के दस्तावेजों की जांच के साथ-साथ शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर भी विशेष नजर रखी। वहीं अवैध हथियार और आपराधिक गतिविधियों में शामिल लोगों की पहचान को लेकर भी जांच अभियान चलाया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शहर में चोरी, छिनतई एवं अन्य आपराधिक घटनाओं पर रोक लगाने के उद्देश्य से लगातार रात्री गश्ती बढ़ाई जा रही है। साथ ही पूरे क्षेत्र में शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने के लिए पुलिस द्वारा लगातार क्षेत्र भ्रमण किया जा रहा है। देर रात चले इस विशेष अभियान से इलाके में हड़कंप का माहौल देखा गया।

## नाबालिक बच्ची को मिर्जाचौकी पुलिस ने चेन्नई से युवक के साथ किया बरामद

**साहिबगंज:** सात महीने से गायब नाबालिग बच्ची को मिर्जाचौकी थाना पुलिस ने चेन्नई से एक युवक के साथ बरामद कर मेडिकल के लिए साहिबगंज सदर अस्पताल भेज दिया है। इसके लिए बच्ची गायब होने की सूचना उसके पिता द्वारा मिजाचौकी थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। मिली जानकारी के अनुसार नाबालिग पीरपैंती थाना बिहार कीर्तनिया के राजेश मरांडी के साथ चिन्नई में रहती थी, वहीं मिर्जाचौकी थाना प्रभारी रुपेश कुमार यादव ने प्राथमिकी दर्ज कर एवं टीम गठित कर थाना के एसआई विक्रम बाउरी एवं पुलिस बल को भेजा गया,जहां से दोनों को बरामद कर थाना लाया गया।वहीं युवक राजेश मरांडी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। जहां नबालिग को मेडिकल जांच हेतु साहिबगंज सदर अस्पताल भेजा गया, वहीं थाना पुलिस इस मामले की गहन छानबीन में जुट गई है।

## एसडीओ ने नगर पंचायत एवं प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्र का किया निरीक्षण

**साहिबगंज:** राजमहल निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी सह एसडीओ सदानंद महतो द्वारा नगर पंचायत एवं प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्र का रविवार को भ्रमण किया गया। इस दौरान एसडीओ ने अनमेटेड वोटर लिस्ट की सूची प्रकाशन के दौरान बीएलओ से जानकारी प्राप्त लिया, साथ ही उन्होंने संबंधित को आवश्यक कार्रवाई करने की बात कही, जितने भी वोटर जिनका मैपिंग नहीं हुआ है वो अपने मतदान केंद्र आ कर बीएलओ से आवश्यक दस्तावेज दे कर मैपिंग करवा लें। सुपरवाइजर, बीएलओ को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सभी मतदान केंद्र का भ्रमण कर निर्वाचन आयोग के गाइडलाइन के अनुसार सभी कार्य को समय पर पूर्ण करवाए। साथ ही सभी कर्मियों, पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कार्य करने का निर्देश दिया। जिसका मैपिंग नहीं हुआ है वैसे मतदाताओं के बीच प्रचार-प्रसार करने की भी बात कही ताकि सभी का मैपिंग समय से हो सके। इस दौरान निर्वाचन नोडल सह बीपीओ मनरेगा गगन बापू, भरत मंडल, विजय कुमार, मुन्नवर हुसैन, मीना कुमारी, ऊषा कुमारी, संजय सिंह, अर्चना दास, लता कुमारी सहित अन्य उपस्थित थे।

## साहिबगंज में जगह-जगह प्याऊ केंद्र, लोगों को मिल रहा शीतल पेयजल

**साहिबगंज:** झारखंड सरकार के निदेर्शानुसार साहिबगंज जिले के विभिन्न सरकारी कार्यालयों, सार्वजनिक स्थलों, चौक-चौराहों तथा अधिक भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में आमजन के लिए शुद्ध एवं शीतल पेयजल उपलब्ध कराने हेतु प्याऊ की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य राहगीरों, महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों एवं जरूरतमंद लोगों को भीषण गर्मी से राहत प्रदान करना तथा उन्हें स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना है। जिला प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि सभी प्याऊ केंद्रों पर नियमित रूप से पानी उपलब्ध रहे तथा नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी दीपक कुमार दुबे ने सभी संबंधित विभागों एवं पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि गर्मी के इस मौसम में आमजन की सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता हो तथा प्रत्येक सार्वजनिक स्थल पर पेयजल व्यवस्था सुचारु रूप से संचालित रहे। ह्लयह छोटा सा प्रयास किसी की प्यास बुझाने के साथ-साथ जीवन की रक्षा का माध्यम भी बन सकता है। आइए, इस भीषण गर्मी में मानवता एवं सेवा भाव का परिचय दें। जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे गर्मी से बचाव हेतु पर्याप्त मात्रा में पानी का सेवन करें तथा जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए आगे आएं।

## एक नजर

### किसान की संदिग्ध हालत में मौत, लू लगने की आशंका

**पूर्वी सिंहभूम** : जिले के पोटका प्रखंड में भीषण गर्मी के बीच एक किसान की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। शुरूआती तौर पर आशंका जताई जा रही है कि किसान की जान लू लगने से गई है। घटना के बाद इलाके में शोक का माहौल है। मृतक की पहचान पोड़ाडीह पंचायत अंतर्गत मटियाल गांव निवासी मोहन सरदार (३०) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार मोहन सरदार रविवार को हल्दीपोखर साप्ताहिक हाट गए थे। बाजार से वापस घर लौटने के दौरान लगुरासाई गांव के पास अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक वे सड़क किनारे एक पेड़ के नीचे जाकर लेट गए, जहां कुछ देर बाद उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर कोवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए एमजीएम मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया। भीषण गर्मी को देखते हुए रविवार को ही शव का पोस्टमार्टम कराया गया। कोवाली थाना प्रभारी सन्नी टोप्पो ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि हो सकेगी। वहीं जिले में अब तक लू से ०५ लोगों के मौत होने की जानकारी दी जा रही है।

### छात्रा का शव पेड़ से लटका मिला, जांच में जुटी पुलिस

**पूर्वी सिंहभूम** : बोड़ाम थाना क्षेत्र अंतर्गत नूतनडीह गांव में कक्षा 9 की छात्रा माला सिंह का शव पेड़ से लटका हुआ पुलिस ने रविवार को बरामद किया है। शव गांव से करीब दो किलोमीटर दूर जंगलनुमा क्षेत्र में एक पेड़ से लटका मिला। मामले को लेकर जहां पुलिस प्रथम दृष्टया खुदकुशी बता रही है, वहीं ग्रामीणों और परिजनों ने घटना पर संदेह जताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। जानकारी के अनुसार माला सिंह 21 मई की शाम घर से यह कहकर निकली थी कि वह तालाब में नहाने जा रही है। काफी देर तक वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। लगातार तलाश के बाद रविवार को ग्रामीणों ने उसका शव पेड़ से लटका देखा, जिसके बाद पूरे गांव में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही बोड़ाम थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। माला बोड़ाम स्थित लायलम स्कूल में कक्षा 9 की छात्रा थी। उसकी मौत के बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है।

### इस्पात मंत्री के समक्ष उठेगा विस्थापितों का मुद्दा : खीरू महतो

**बोकारो** : युवा भाजपा नेता सह उच्च न्यायालय में अधिवक्ता शीतल समीर चौबे देर शनिवार शाम जदयू प्रदेश अध्यक्ष सह राज्य सभा सांसद खीरू महतो से बोकारो निवास में मुलाकात कर उनका स्वागत किया। चौबे ने मेजर जनरल ए के सिन्हा द्वारा लिखित पुस्तक मिशन कश्मीर देकर खीरू महतो का स्वागत किया एवं जन मुद्दों पर चर्चा की। चौबे ने विस्थापितों के साथ हो रहे जघन्य अन्याय से सांसद को अवगत करवाया एवं उनसे निवेदन किया कि इस्पात मंत्री के समक्ष विस्थापितों के हित की बात और उनका दर्द रखे। इस दौरान चौबे ने कहा कि आज जिनके जमीन पर बोकारो स्टील प्लांट और बोकारो शहर बसा है वो अपने हक हुकूक के लिए बलिदान दे रहे हैं। शहीद हुए लोगों के परिवार तक पर स्टील प्लांट की नजर नहीं है।यदि यही हाल रहा तो भीषण और गर्म आंदोलन के लिए विस्थापित विवश हो जाएंगे किंतु उस विवशता में केवल विस्थापितों का बलिदान नहीं नहीं होगा। कई अन्य को भी बलिदान देना पड़ेगा।

# एसीसी प्लांट बचाने को लेकर संघर्ष समिति का गठन, 29 मई को निकलेगी पदयात्रा



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पश्चिमी सिंहभूम** : झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले के झींकपानी स्थित जोड़पोखर पंचायत भवन के समीप रविवार को एसीसी बचाओ संघर्ष समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता रमेश बालमुचू ने की। बैठक में एसीसी प्लांट को बचाने और क्षेत्र के लोगों के रोजगार की सुरक्षा को लेकर व्यापक जनआंदोलन चलाने पर सहमति बनी। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि झींकपानी-टोंटो क्षेत्र का एसीसी प्लांट इस इलाके की पहचान और आर्थिक व्यवस्था की रीढ़ रहा है। आजादी से पहले स्थापित यह प्लांट वर्षों से हजारों परिवारों की आजीविका का प्रमुख साधन बना हुआ है। मजदूरों, किसानों, ट्रांसपोर्ट व्यवसाय से जुड़े लोगों, दुकानदारों, ठेकेदारों और छोटे कारोबारियों की रोजी-रोटी प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से इस प्लांट पर निर्भर है। ऐसे में प्लांट के बंद होने की आशंका से पूरे क्षेत्र में चिंता और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। संघर्ष समिति के सदस्यों ने कहा कि यदि एसीसी प्लांट बंद होता है, तो क्षेत्र में बेरोजगारी और पलायन तेजी से बढ़ेगा। स्थानीय बाजारों की आर्थिक गतिविधियां प्रभावित होंगी और छोटे व्यवसायों पर गंभीर संकट गहरा जाएगा। इसके साथ ही बच्चों की शिक्षा और क्षेत्र की ऐतिहासिक औद्योगिक पहचान पर भी नकारात्मक असर पड़ेगा। वक्ताओं ने कहा कि अब समय केवल चर्चा करने का नहीं, बल्कि जनदबाव बनाकर प्लांट को बचाने के लिए निर्णायक संघर्ष करने का है। बैठक के दौरान आंदोलन को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से संघर्ष समिति का विस्तार किया गया। सर्वसम्मति से रमेश बालमुचू को संयोजक, शाशि मुंडा को सह-संयोजक, गुरुचरण मुंडा को कोष प्रभारी तथा सुरेश सवैया को सह-कोष प्रभारी बनाया गया। समिति ने निर्णय लिया कि एसीसी प्लांट को बचाने की मांग को लेकर 29 मई को क्षेत्र के सैकड़ों लोग पदयात्रा निकालेंगे। पदयात्रा के माध्यम से जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर सरकार तक क्षेत्रवासियों की भावनाएं, समस्याएं और मांगें पहुंचाई जाएंगी। बैठक के दौरान संघर्ष समिति की ओर से सभी लोगों से आंदोलन में शामिल होकर एकजुटता दिखाने और क्षेत्र के भविष्य की रक्षा के लिए आगे आने की अपील की गई। बैठक में मानकी मुंडा, पंचायत प्रतिनिधि, सामाजिक संगठनों के सदस्य, बुद्धिजीवी और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## पीड़ितों को न्याय दिलाना पुलिस की जिम्मेदारी : डीएसपी



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : बोकारो पुलिस उपाधीक्षक (मु.), द्वारा साईबर थाना का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में साईबर अपराध की रोकथाम हेतु जागरूकता पर बल दिया, दर्ज साईबर कांडो का सही तरीके से अनुसंधान करने को लेकर पुलिस पदाधिकारी को सही निदेश दिया। साथ ही पीड़ित लोगो का पैसे वापस कराना पुलिस कि जिम्मेदारी है। कांडो में अनुसन्धान पूर्ण कर समय पर चार्जशीट जमा करना, सभी विभागों/संस्थानों से समन्वय, अनुसंधान में तकनीक का पूर्ण उपयोग करने, पीड़ितों के साथ अच्छा व्यवहार, ऑनलाइन कंप्लेन का लगातार मॉनिटरिंग किया जाना चाहिए, थाना का रख-रखाव इत्यादि को लेकर कई निर्देश देते हुए थाना में पदस्थापित सभी पुलिस अधिकारियों को सख्त हिदायत दी गई कि पीड़ित लोगों को न्याय अवश्य मिलना चाहिए। न्याय के रूप में या तो पैसा वापस होना चाहिए या अपराधी जेल में होना चाहिए।

## तुपकाडीह चौक में पेयजल की बेहाल व्यवस्था यात्री व दुकानदार पानी के लिए परेशान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : तुपकाडीह चौक बाजार में पेयजल की व्यवस्था लगातार चरमरा रही है, जिससे स्टेशन से उतरने वाले यात्री और स्थानीय दुकानदार-फेरीवाले पानी के लिए परेशान हैं। इलाके में एकमात्र सार्वजनिक चापाकल भी खराब पड़ी है और सप्लाई होने वाला पानी अनियमित तथा अल्पकालिक है।



स्थानीय लोगों का कहना है कि स्टेशन से उतरने के बाद यात्री चौक से बस या ऑटो पकड़कर जैनामोड़ या फुसरो जाने से पहले पीने के पानी की व्यवस्था नहीं पाते। पानी की सप्लाई एक दिन छोड़कर दी जाती है और मिलना भी केवल लगभग एक घंटे तक सीमित रहता है। दुकानदार सार्वजनिक नलों से दो दिन का पानी भरकर स्टोर कर लेते हैं, परन्तु वे उसे यात्रियों या राहगीरों को पीने के लिए प्रदान नहीं करते, जिससे लोगों को बोतलबंद पानी खरीदना पड़ता है। बाजार के तीन मुख्य हिस्सों – मेनरोड, स्टेशन रोड और नहर चौक – के पास एक भी चालू चापाकल मौजूद नहीं है। फुटपाथ पर दुकान लगाने वाले और फेरीवालों सहित अनेक छोटे व्यवसायी पानी के लिए तरस रहे हैं। छोटे आकार की पानी टंकी भी जो सप्लाई पानी सहेजने के लिए रखी गई है, वह एक घंटे के भीतर खाली हो जाती है। स्थानीय नागरिक ने बताया, यहां रोजाना यात्रियों और दुकानदारों की भीड़ रहती है, पर पीने का पानी नहीं मिलता। गर्मियों में स्थिति और खराब हो जाती है। एक अन्य दुकानदार ने कहा कि रोजमर्रा के कामकाज पर इसका गहरा असर होता है और ग्राहकों की परेशानी भी बढ़ती है। क्षेत्रीय नगर परिषद या जलापूर्ति विभाग से इस संबंध में तत्काल कदम उठाने की मांग उठी है। स्थानीय लोग सार्वजनिक चापाकल की मरम्मत, नियमित पानी सप्लाई तथा यात्री सुविधाओं के नजदीक पीने के पानी के स्टेशनों की स्थापना की मांग कर रहे हैं। पानी की कमी के कारण स्वास्थ्य संबंधी चिंताएँ भी बढ़ रही हैं। अधिकारीयों ने अभी तक आधिकारिक टिप्पणी नहीं की है; स्थानीय नागरिक उम्मीद कर रहे हैं कि नगर निगम व जलापूर्ति विभाग शीघ्र समस्या का स्थायी समाधान निकालेंगे।

## पिता के अंतिम संस्कार में शामिल होने गए रेलवे गार्ड के क्वार्टर से लाखों की चोरी



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : बालीडीह थाना अंतर्गत बंद पड़े रेलवे क्वार्टर संख्या डीएस/III/38-एफ में चोरों ने जेवरात व नकदी सहित लाखों रुपये की चोरी कर ली। पीड़ित रेलवे गार्ड प्रदीप कुमार भौमिक पिछले सप्ताह अपने पिता के निधन पर परिवार सहित कोलकाता गए हुए थे। प्रदीप ने बताया कि वे 18 मई को परिवार के साथ कोलकाता पहुंचे थे। शुक्रवार की रात पड़ोसियों ने सूचित किया कि क्वार्टर का ताला टूटा हुआ है। घर लौटने पर उन्होंने पाया कि क्वार्टर का इंटरलॉक, अलमारी और गोदरेज का ताला तोड़े गए हैं। ताले टूटे हुए पाए जाने के बाद मकान की तलाशी लेने पर सोने के आभूषण, एक कैमरा और लगभग 28,000 रुपये नकद गायब थे। कुल नुकसान लाखों रुपये आंका जा रहा है। प्रति शिकायत में बताए अनुसार सीसीटीवी फुटेज में रात करीब 12:40 बजे दो संदिग्ध व्यक्ति चेहरा ढके हुए परिसर में चलते हुए दिखे। फुटेज में चोरों द्वारा सीसीटीवी तोड़ने का भी प्रयास किया गया। पुलिस को दिए गए बयान में यह भी कहा गया है कि चोरों ने उसी रात न केवल उक्त क्वार्टर में चोरी की, बल्कि सामने बंद पड़े एक और क्वार्टर का ताला भी तोड़ कर माल उठा ले गए। सामने वाले क्वार्टर में रहने वाले लोग उसी शाम अपने रिश्तेदार की शादी के लिए रवाना हुए थे, जिससे क्वार्टर खाली था। बालीडीह थाना पुलिस ने शिकायत दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की छानबीन कर रहे अधिकारीयों ने कहा कि करीबी सीसीटीवी फुटेज, पड़ोसियों के बयानों और इलाके में लगे अन्य कैमरों की रिकॉर्डिंग तफ्तीश के दौरान खंगाली जा रही हैं। पुलिस का दावा है कि शीघ्र ही संदिग्धों की पहचान कर उन्हें पकड़ा जाएगा। स्थानीय निवासियों ने कहा कि रेलवे क्वार्टरों की सुरक्षा में कमी स्पष्ट है और समय पर निगरानी व पेट्रोलिंग बढ़ाने की आवश्यकता है। रेलवे और पुलिस प्रशासन से तेज कदम उठाने की मांग की जा रही है ताकि आवासीय परिसरों में रहने वाले स्टाफ की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

## खूंटी में प्रचंड गर्मी से जनजीवन अस्त-व्यस्त पशु-पक्षी भी भटक रहे पानी के लिए

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**खूंटी** : जिले में पड़ रही प्रचंड गर्मी ने आम जनजीवन को पुरी तरह प्रभावित कर दिया है। लगातार बढ़ते तापमान ने लोगों का जीना मुहाल कर रखा है। इन दिनों खूंटी जिले का तापमान 41 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंच गया है, जिससे सुबह से ही तेज धूप और गर्म हवाओं का असर महसूस होने लगा है। स्थिति यह है कि सुबह ०९ बजते ही सड़कों पर वीरानी छा जाती है और लोग जरूरी काम के अलावा घरों से बाहर निकलने से बच रहे हैं। भीषण गर्मी के कारण जिले के नदी-नाले, तालाब और छोटे जलस्रोत लगभग सूख चुके हैं। इसका असर केवल इंसानों पर ही नहीं, बल्कि पशु-पक्षियों पर भी साफ दिखाई दे रहा है। पानी की कमी के कारण पशु-पक्षियों को प्यास बुझाने के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। ग्रामीण इलाकों में कई कुएं और चापानल भी जवाब देने लगे हैं, जिससे पेयजल संकट और गहरा गया है। खूंटी शहर की जीवनदायिनी माने जाने वाले तजना जलाशय के पूरी तरह सूख जाने से स्थिति और गंभीर हो गई है। जलाशय सूखने के कारण पूरे शहरी क्षेत्र में जलापूर्ति व्यवस्था ठप पड़ गई है। इससे हजारों परिवारों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। नगर पंचायत की ओर से टैंकरों के माध्यम से सीमित जलापूर्ति की जा रही है, लेकिन यह जरूरत के मुकाबले काफी कम साबित हो रही है। गर्मी और जल संकट से लोगों में चिंता बढ़ती जा रही है। लोगों का कहना है कि यदि जल्द बारिश नहीं हुई या वैकल्पिक जलापूर्ति की ठोस व्यवस्था नहीं की गई, तो आने वाले दिनों में स्थिति और विकराल हो सकती है। प्रशासन से लोग नियमित जलापूर्ति, सार्वजनिक स्थानों पर पेयजल व्यवस्था और जल संरक्षण के लिए त्वरित कदम उठाने की मांग कर रहे हैं।

## सात महीने बाद भी न्याय अधूरा : सुपर सीनियर सिटीजन के खिलाफ संगठित अपराध, आरोपी अब भी आजाद



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : बोकारो में 84 वर्षीय सुपर सीनियर सिटीजन जय प्रकाश नारायण सिन्हा के साथ संगठित अपराध का सनसनीखेज मामला सामने आया है। 12 अक्टूबर 2025 को 10-12 लोगों ने उनके घर में जबरन घुसकर लोहे का गेट काट दिया, जान से मारने की धमकी दी और जेवर, नकद व सामान लूट लिया। बुजुर्ग दंपति को घर से बाहर कर दिया गया। 7 महीने बीत गए, लेकिन अब तक एक भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई। पीड़ित जय प्रकाश नारायण सिन्हा का आरोप है कि आरोपी उनकी संपत्ति के भू-भाग में गैरकानूनी तरीके से घुसे हुए हैं और 5-10 लोगों के साथ आकर लगातार धमकी दे रहे हैं। इससे बुजुर्ग परिवार भय के माहौल में जीने को मजबूर है।

पीड़ित के अनुसारः घटनाः 12 अक्टूबर 2025, दिन में 10-12 लोग घर में घुसे। हमला : लोहे का गेट काटा, जान से मारने की धमकी, लूटपाट। पीड़ितः बुजुर्ग दंपति अकेले रहते हैं, पुत्र विदेश में। मंशाः संपत्ति हड़पने के लिए संगठित गिरोह सक्रिय।

घटना के बाद पीड़ित ने लगातार शिकायतें दीं। 2 अप्रैल 2026 को ऊढ ने FIR दर्ज करने का निर्देश दिया, जिसके बाद 14 अप्रैल 2026 को स्थानीय थाना में ऋक्ष दर्ज हुई। लेकिन घटना के लगभग 7 महीने बाद और FIR दर्ज होने के एक महीने बाद भी किसी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई। पीड़ित का कहना है कि आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं। उनका एक कंक्रीट कारोबार व्यवसाय से जुड़ाव बताया जाता है और वे पहले से कई मामलों में लिप्त हैं। इस संदर्भ में उल्लेखनीय है कि राज्य में वरिष्ठ नागरिकों, विशेषकर अकेले रहने वाले बुजुर्गों के खिलाफ संगठित जमीन कब्जा और आपराधिक गतिविधियां एक गंभीर समस्या बन गई हैं। ऐसे मामले में अपराधी गिरोह संपत्तियों को निशाना बनाकर जबरन कब्जा करने और डराने-धमकाने जैसे कृत्यों में संलिप्त हैं। पीड़ित परिवार ने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से अपील की है कि इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप कर आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए, आरोपियों के खिलाफ जरूरी कानूनी कार्रवाई की जाए और परिवार को सुरक्षा प्रदान की जाए।

## संक्षिप्त खबरें

### तीसरे प्रयास में पियूष ने पास की सीए परीक्षा बोकारो और रौनियार समाज का बढ़ाया मान



**बोकारो** : को-ऑपरेटिव कॉलोनी, प्लॉट नंबर-138 निवासी पियूष राज गुप्ता ने चार्टर्ड अकाउंटेंसी (सीए) परीक्षा में सफलता हासिल कर बोकारो जिले एवं रौनियार समाज का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार, रिश्तेदारों और समाज के लोगों में खुशी की लहर है। सफलता की सूचना मिलते ही शुभचिंतकों का उनके आवास पर पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। लोगों ने मिठाई खिलाकर, गुलदस्ता भेंट कर तथा शॉल ओढ़ाकर पियूष को सम्मानित किया और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। जानकारी के अनुसार, इस वर्ष झारखंड से 74 अभ्यर्थियों ने सीए परीक्षा में सफलता प्राप्त की है, जिनमें बोकारो के पियूष राज गुप्ता भी शामिल हैं। पियूष की उपलब्धि से पूरे शहर में गर्व और उत्साह का माहौल है। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि सह रौनियार समाज के संरक्षक श्याम बाबू गुप्ता ने पियूष के आवास पहुंचकर उन्हें सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि पियूष ने अपनी मेहनत, अनुशासन और लगन से नई पीढ़ी के लिए प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है। समाज के युवाओं को उनसे प्रेरणा लेकर अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए निरंतर मेहनत करनी चाहिए। पियूष की माता सुनीता गुप्ता ने बताया कि बेटे की सफलता के पीछे उसकी कड़ी मेहनत और परिवार का निरंतर सहयोग रहा है। उन्होंने कहा कि पियूष देर रात तक पढ़ाई करता था और परिवार उसकी हर जरूरत का ध्यान रखता था। वहीं पिता प्रेम कुमार ने बताया कि पियूष ने तीसरे प्रयास में सीए परीक्षा उत्तीर्ण की है। शुरुआती प्रयासों में सफलता नहीं मिलने के बावजूद परिवार ने उसका मनोबल बनाए रखा और कभी हार नहीं मानने दी। माता-पिता ने कहा कि बच्चों की सफलता में परिवार के सहयोग और सकारात्मक माहौल की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। यदि बच्चों को लगातार प्रोत्साहन मिलता रहे, तो वे कठिन से कठिन परीक्षा में भी सफलता हासिल कर सकते हैं। सम्मान समारोह में रौनियार समाज के उपाध्यक्ष रविंद्र गुप्ता, सचिव अनिल गुप्ता, राजीव गुप्ता, किशोरी मोहन गुप्ता, सूरज कुमार सहित समाज के कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### चास में चार दिनों से बिजली गुल, 500 घरों में जनजीवन प्रभावित



**बोकारो/चास** : चास नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत वास्तु विहार प्रोजेक्ट-4, चिरा चास में पिछले चार दिनों से बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप है, जिससे लगभग 500 घरों के लोग गंभीर परेशानियों का सामना कर रहे हैं। लगातार बिजली नहीं रहने के कारण बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है, वहीं पानी की आपूर्ति और दैनिक कार्यों पर भी इसका प्रतिकूल असर पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में लंबे समय से लो वोल्टेज की समस्या बनी हुई है। साथ ही यहां लगे ट्रांसफार्मर की क्षमता भी कम है, जिसके कारण बार-बार फ्यूज उड़ने की समस्या होती रहती है। इससे लोगों को लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्रवासियों ने ट्रांसफार्मर बदलने एवं अधिक क्षमता वाले नए ट्रांसफार्मर लगाने के लिए संबंधित विभाग को आवेदन भी दिया है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। कई बार सूचना देने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं होने से नाराज क्षेत्रवासियों का आक्रोश रविवार शाम को फूट पड़ा और उन्होंने तालगाड़िया मोड़ से चीराचास जाने वाली मुख्य सड़क को करीब आधे घंटे तक जाम कर दिया। आक्रोशित लोगों ने चेतावनी देते हुए कहा कि यह कदम सिर्फ चेतावनी के तौर पर उठाया गया है। यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो अगला कदम उठाते हुए एनएच-32 को जाम किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन, संबंधित विभाग, नगर निगम, विधायक और सांसद की होगी। लोगों ने नगर निगम प्रशासन से जल्द हस्तक्षेप कर बिजली आपूर्ति बहाल कराने की मांग की है, ताकि प्रभावित परिवारों को शीघ्र राहत मिल सके।

### देवनद दामोदर महोत्सव 2026 को लेकर तैयारी तेज, 25 स्थानों पर होंगे कार्यक्रम



**बोकारो** : गंगा दशहरा के शुभ अवसर पर 25 मई 2026 को देवनद दामोदर महोत्सव 2026 का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन दामोदर बचाओ आंदोलन, युगान्तर भारती, नेचर फाउंडेशन एवं देवनद दामोदर क्षेत्र विकास ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होगा। दामोदर बचाओ आंदोलन बोकारो जिला के संयोजक सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा ने जानकारी देते हुए बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी दामोदर नदी एवं उसकी सहायक नदियों को प्रदूषण मुक्त बनाने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि बोकारो जिले के 25 स्थानों पर नदी किनारे कार्यक्रम आयोजित होंगे, जहां नदी संरक्षण एवं स्वच्छता को लेकर लोगों को जागरूक किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं एवं आम लोगों को नदियों को प्रदूषण मुक्त रखने की शपथ दिलाई जाएगी। साथ ही नदी पूजन एवं महाआरती का आयोजन भी किया जाएगा। मुख्य कार्यक्रम दामोदर नदी स्थित पुपुनकी ब्रिज के पास शाम चार बजे आयोजित होगा। आयोजन समिति की ओर से विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं प्रशासनिक प्रतिनिधियों को मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। संयोजक सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा ने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होकर दामोदर नदी को बचाने के अभियान को मजबूत बनाने की अपील की है। कार्यक्रम की सफलता के लिए दामोदर बचाओ अभियान समिति पुपुनकी की और से पंडित सोमनाथ शेखर मिश्रा,जिप सदस्य रिम्पा चक्रवर्ती, मुखिया प्रिया देवी पंसस शमीमा बीबी, मनोज महतो, श्यामसुन्दर गोस्वामी, संतोष केवट, डा. आलाउद्दीन, राजेश गोप, भागवत, दुलाल गोप, प्रकाश केवट, सहित दर्जनों ग्रामीण जुटे हुए हैं।

संक्षिप्त डायरी

## राजगीर पहुंचना हुआ आसान, पटना समेत इन शहरों से मिल रही सीधी ट्रेन सुविधा, देखें पूरी लिस्ट

**पटना (एजेंसी)** राजगीर की धार्मिक और पर्यटन यात्रा अब पहले से ज्यादा आसान हो गई है. मलमास मेला को देखते हुए रेलवे ने कई नियमित और स्पेशल ट्रेनें शुरू की हैं, जिससे पटना समेत बिहार के कई शहरों से श्रद्धालुओं और पर्यटकों को बेहतर कनेक्टिविटी मिल रही है. बिहार के प्रसिद्ध धार्मिक और पर्यटन स्थल राजगीर की यात्रा अब पहले से कहीं ज्यादा आसान हो गई है. मलमास मेला 2026 को देखते हुए रेलवे ने कई नियमित और स्पेशल ट्रेन सेवाएं शुरू की हैं, जिससे श्रद्धालुओं और पर्यटकों को बड़ी राहत मिल रही है. पटना ही नहीं, दानापुर, बख्तियारपुर, बिहारशरीफ और फतुहा जैसे शहरों से भी राजगीर के लिए सीधी ट्रेनें चल रही हैं. पटना से राजगीर तक तेज और आरामदायक सफर पटना जंक्शन से चलने वाली 63274 पटना-राजगीर फास्ट मेमू रोज रात 8:55 बजे रवाना होती है और करीब ढाई घंटे में राजगीर पहुंचा देती है. यह ट्रेन छात्रों, नौकरीपेशा लोगों और रोजाना यात्रा करने वालों के लिए काफी सुविधाजनक है. इसके अलावा 13354 पटना-राजगीर एक्सप्रेस सुबह 9:20 बजे पटना से चलकर दोपहर 12:45 बजे राजगीर पहुंचती है. यह ट्रेन भी यात्रियों के बीच काफी लोकप्रिय है. दानापुर और आसपास के यात्रियों को भी राहत दानापुर से यात्रा करने वालों के लिए भी अच्छी सुविधा उपलब्ध है. 13234 दानापुर-कोडरमा एक्सप्रेस सुबह 6:40 बजे दानापुर से चलती है और करीब 10:05 बजे राजगीर पहुंच जाती है. इसके साथ ही मेमू ट्रेनों की मदद से पटना, फतुहा और बख्तियारपुर जैसे इलाकों से भी राजगीर तक आसान कनेक्टिविटी मिल रही है. बख्तियारपुर-राजगीर रूट बना लाइफलाइन बख्तियारपुर से चलने वाली लोकल और मेमू ट्रेनें बिहारशरीफ, सिलाव और पावापुरी होते हुए राजगीर पहुंचती हैं. रोजाना हजारों यात्री इन ट्रेनों से सफर करते हैं. मलमास मेला के दौरान यात्रियों की संख्या और बढ़ने की संभावना है. लंबी दूरी की ट्रेनों से दूसरे राज्यों से भी आसान पहुंच राजगीर अब सिर्फ बिहार ही नहीं बल्कि दूसरे राज्यों से भी बेहतर तरीके से जुड़ गया है. नई दिल्ली से आने वाली 12392 श्रमजीवी एक्सप्रेस बक्सर, आरा और पटना होते हुए राजगीर तक पहुंचती है. वाराणसी से चलने वाली 15138 बुद्ध पूर्णिमा एक्सप्रेस बौद्ध सर्किट से जुड़े यात्रियों के लिए खास मानी जाती है. मुंबई से आने वाली 13201 लोकमान्य तिलक-राजगीर एक्सप्रेस प्रवासी मजदूरों और नौकरीपेशा लोगों के लिए बड़ी सुविधा है. वहीं पश्चिम बंगाल से 03029 हावड़ा-राजगीर स्पेशल ट्रेन भी यात्रियों को सीधा संपर्क देती है. कई जिलों से अभी कनेक्टिविटी सीमित फिलहाल राजगीर का मुख्य रेल संपर्क बख्तियारपुर-राजगीर-तिलैया रूट से है. यह पटना, बिहारशरीफ और नवादा को जोड़ता है. हालांकि मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर और दरभंगा जैसे शहरों से सीधे ट्रेन की सुविधा अभी नहीं है. वहां के यात्रियों को पटना या बख्तियारपुर से ट्रेन बदलनी पड़ती है. रेलवे प्रशासन ने मलमास मेला 2026 को देखते हुए अतिरिक्त कोच और विशेष ट्रेनों की योजना बनाई है. इससे आने वाले दिनों में राजगीर की यात्रा और भी आसान और सुविधाजनक होने की उम्मीद है.

## सोनू-मोनू गैंग ने अनंत सिंह के समर्थक पर चलाई गोली, फेसबुक पोस्ट को लेकर शुरू हुआ विवाद

**पटना (एजेंसी)** बिहार के नौरंगा जलालपुर गांव में सोनू-मोनू गैंग और अनंत सिंह के समर्थकों के बीच एक बार फिर तनाव बढ़ गया है. सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर शुरू हुए विवाद ने फायरिंग का रूप ले लिया. पुलिस मामले की जांच में जुटी है और आरोपियों की तलाश जारी है. बिहार के नौरंगा जलालपुर गांव में एक बार फिर बाहुबली राजनीति और गैंगवार का तनाव देखने को मिला है. इस बार सोनू-मोनू गैंग ने कथित तौर पर अनंत सिंह के समर्थक और सरपंच पति मुकेश कुमार पर फायरिंग कर दी. घटना शनिवार की बताई जा रही है. फायरिंग के बाद इलाके में दहशत फैल गई और पुलिस को मौके पर . सोशल मीडिया पोस्ट से शुरू हुआ विवाद यह विवाद एक फेसबुक पोस्ट से शुरू हुआ है. अनंत सिंह के समर्थक मुकेश कुमार ने 22 मई को एक पोस्ट डाली थी, जिसमें उन्होंने पुलिस की तारीफ की थी. इसी पोस्ट को लेकर सोनू-मोनू के परिवार में नाराजगी फैल गई. आरोप है कि सोनूझमोनू के पिता प्रमोद सिंह ने मुकेश से पोस्ट को लेकर सवाल किया और उसे हटाने के लिए कहा. मुकेश का कहना है कि उन्होंने किसी व्यक्ति का नाम नहीं लिया था, बल्कि केवल पंचायत और थाना पुलिस की सराहना की थी. लेकिन इसी बात पर दोनों पक्षों में बहस बढ़ गई. बहस से बढ़ा मामला, फिर चली गोलियां मुकेश कुमार ने मीडिया से बातचीत में बताया कि विवाद इतना बढ़ गया कि प्रमोद सिंह ने अपने बेटों सोनू और मोनू को मौके पर बुला लिया. आरोप है कि इसके बाद दोनों भाई अपने साथियों के साथ वहां पहुंचे और फायरिंग शुरू कर दी. मुकेश का दावा है कि उस पर दो राउंड गोलियां चलाई गईं, लेकिन वह किसी तरह बच गया. घटना पंचमहला थाना क्षेत्र के नौरंगा जलालपुर गांव की है. घटना के समय मुकेश पास के एक व्यक्ति के साथ पंचायत के काम से जा रहे थे, तभी रास्ते में यह विवाद हो गया. पुलिस पहुंची तो घर पर हुआ हंगामा फायरिंग की सूचना मिलते ही मुकेश ने तुरंत पुलिस को फोन किया. पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो सोनूझमोनू के घर पर काफी हंगामा देखने को मिला. बताया जा रहा है कि घर के बाहर मौजूद महिलाओं ने पुलिस को अंदर जाने से रोक दिया. करीब आधे घंटे तक गेट पर ही बहस चलती रही. इसी दौरान मौका पाकर सोनू और मोनू कथित तौर पर पीछे के रास्ते से फरार हो गए. कई थानों की पुलिस ने की छापेमारी घटना के बाद इलाके में पुलिस ने सख्ती बढ़ा दी है. हाथीदह, मरांची और पंचमहला सहित कई थानों की पुलिस ने सोनूझमोनू की तलाश में छापेमारी शुरू कर दी है. पूरे क्षेत्र में तनाव का माहौल बना हुआ है. पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और आगे की कार्रवाई की जा रही है. पहले भी हो चुका है बड़ा गोलीकांड यह पहली बार नहीं है जब इस इलाके में सोनूझमोनू और अनंत सिंह के समर्थकों के बीच टकराव हुआ हो. इससे पहले नौरंगा गोलीकांड में भी दोनों पक्ष आमने-सामने आ चुके हैं. 22 जनवरी 2025 को हुए उस विवाद में करीब 100 राउंड फायरिंग होने की बात सामने आई थी. उस घटना में अनंत सिंह और सोनूझमोनू दोनों पक्षों पर गंभीर आरोप लगे थे और कई लोग जेल भी गए थे. ग्रामीणों के मुताबिक उस दिन शाम को गांव में अचानक तनाव बढ़ा और गोलियां चलने लगीं. पुराने विवाद की जड़ क्या थी? पुराने विवाद की वजह जमीन और मजदूरी भुगतान से जुड़ा मामला बताया जाता है. जानकारी के अनुसार, ईंट-भट्ठे पर काम करने वाले मुकेश कुमार से जुड़े पैसों को लेकर विवाद शुरू हुआ था. आरोप था कि बकाया पैसे को लेकर दबाव बनाया गया और इसी दौरान मारपीट और ताला लगाने जैसी घटनाएं हुईं. बाद में यह विवाद इतना बढ़ गया कि राजनीतिक और बाहुबली गुट भी इसमें शामिल हो गए. पुलिस की जांच जारी, गांव में तनाव ताजा घटना के बाद पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है. अधिकारियों का कहना है कि सभी आरोपों की जांच की जा रही है और दोषियों पर सख्त कार्रवाई होगी. फिलहाल गांव में पुलिस की तैनाती बढ़ा दी गई है और स्थिति पर नजर रखी जा रही है. स्थानीय लोगों में डर और तनाव का माहौल बना हुआ है.

# बिहार में 1 जून से नई इलेक्ट्रिक वाहन नीति, महिलाओं को मिलेगी भारी सब्सिडी



**पटना (एजेंसी)** बिहार सरकार 1 जून 2026 से नई इलेक्ट्रिक वाहन नीति-2026 लागू करने जा रही है, जिसके तहत इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद पर महिलाओं को विशेष सब्सिडी दी जाएगी. इस कदम से ईवी को बढ़ावा देने के साथ-साथ प्रदूषण कम करने और लोगों को आर्थिक राहत देने की कोशिश की जा रही है. बिहार सरकार ने राज्य में इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के लिए एक बड़ी और अहम पहल की है. 1 जून 2026 से बिहार इलेक्ट्रिक वाहन (संशोधन) नीति-2026 लागू की जाएगी. इस नई नीति का मकसद प्रदूषण कम करना और लोगों को इलेक्ट्रिक वाहनों की ओर आकर्षित करना है. खास बात यह है कि इस बार सरकार ने महिलाओं के लिए विशेष सब्सिडी का प्रावधान किया है.महिलाओं को कार और स्कूटी पर मिलेगी भारी सब्सिडीनई नीति के तहत अगर कोई महिला इलेक्ट्रिक कार खरीदती है तो उसे 1 लाख रुपये तक की सब्सिडी दी जाएगी. वहीं इलेक्ट्रिक बाइक, स्कूटी या स्कूटर खरीदने पर 12 हजार रुपये तक का अनुदान मिलेगा. सरकार का कहना है कि इस कदम से महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत और आत्मनिर्भर बनाने में मदद मिलेगी. पुरुषों को सिर्फ टू-व्हीलर पर सब्सिडी नई नीति में पुरुषों के लिए लाभ सीमित रखा गया है. सामान्य वर्ग के पुरुष अगर इलेक्ट्रिक बाइक खरीदते हैं तो उन्हें 10 हजार रुपये की सब्सिडी मिलेगी. हालांकि इलेक्ट्रिक कार खरीदने पर उन्हें किसी तरह की सब्सिडी नहीं दी जाएगी. इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर पर भी सरकार का फोकस नई ईवी नीति में सिर्फ बाइक और कार ही नहीं, बल्कि इलेक्ट्रिक मालवाहक थ्री-व्हीलर को भी शामिल किया गया है. सामान्य वर्ग की महिलाओं को 50 हजार रुपये की सब्सिडी और अनुसूचित जाति/जनजाति की महिलाओं को 60 हजार रुपये तक का अनुदान मिलेगा. इससे छोटे व्यापारियों और स्वरोजगार करने वालों को बड़ा फायदा मिलेगा. टैक्स में भी बड़ी राहत, 50% तक छूट सरकार ने इलेक्ट्रिक वाहनों को और सस्ता बनाने के लिए मोटर वाहन टैक्स में भी राहत दी है. बिहार में रजिस्टर्ड सभी इलेक्ट्रिक वाहनों पर 50 प्रतिशत तक टैक्स छूट दी जाएगी, जिससे खरीद लागत काफी कम हो जाएगी. आवेदन प्रक्रिया होगी पूरी तरह ऑनलाइन सब्सिडी का लाभ लेने के लिए आवेदन प्रक्रिया को डिजिटल बनाया जा रहा है. इसके लिए राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (ठक्ठ) एक ऑनलाइन पोर्टल तैयार कर रहा है. 1 जून से लोग इस पोर्टल के जरिए आवेदन कर सकेंगे. पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन होगी ताकि किसी को दफ्तरों के चक्कर न लगाने पड़ें. जरूरी दस्तावेज भी होंगे अनिवार्य सब्सिडी पाने के लिए कुछ जरूरी शर्तें और दस्तावेज तय किए गए हैं. आवेदक का बिहार का निवासी होना जरूरी होगा और वाहन भी बिहार से ही खरीदना होगा. इसके अलावा बैंक पासबुक, वाहन आरसी और मोबाइल नंबर जैसी जानकारी देना अनिवार्य होगा. आरक्षित वर्ग के आवेदकों को जाति प्रमाण पत्र भी जमा करना होगा.क्या होगा असर? समझिए आसान भाषा में इस नई नीति से बिहार में इलेक्ट्रिक वाहनों की मांग बढ़ने की उम्मीद है. महिलाओं को खास फायदा मिलने से उनकी भागीदारी बढ़ेगी और ग्रामीण व शहरी दोनों क्षेत्रों में ईवी अपनाने की रफ्तार तेज होगी. सरकार का मानना है कि इससे न सिर्फ पेट्रोल-डीजल पर निर्भरता घटेगी, बल्कि प्रदूषण में भी कमी आएगी और पर्यावरण को फायदा होगा.

## पेट्रोल-डीजल महंगा पड़ते ही बढ़ेगा बस किराया! होगी प्राइवेट बस ऑपरेटरों की अहम बैठक



**पटना (एजेंसी)** पटना में रविवार को प्राइवेट बस ऑपरेटरों की बैठक में बस किराया 15 फीसदी बढ़ाने के प्रस्ताव पर फैसला लिया जाएगा. पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों के बीच ऑटो चालकों ने भी 30 फीसदी किराया बढ़ाने की मांग की है. (अनुपम कुमार) राजधानी पटना समेत बिहारभर में प्राइवेट बसों का किराया जल्द बढ़ सकता है. इसको लेकर रविवार को बिहार स्टेट मोटर ट्रांसपोर्ट फेडरेशन की अहम बैठक पाटलिपुत्र अंतरराज्यीय बस स्टैंड, रामाचक (बैरिया बस स्टैंड) में आयोजित होगी. बैठक में बस किराया में 15 फीसदी वृद्धि के प्रस्ताव पर चर्चा की जाएगी. डीजल-पेट्रोल की बढ़ती कीमतों का असर फेडरेशन के प्रमंडलीय अध्यक्ष चंदन कुमार ने बताया कि पेट्रोल और डीजल की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी तथा अन्य जरूरी सामानों की महंगाई को देखते हुए बस मालिकों के लिए वर्तमान किराये पर संचालन करना मुश्किल हो गया है. हालांकि, अनुमति मिलने में देरी होने पर भी संगठन सोमवार या अगले कुछ दिनों में नया किराया लागू कर सकता है. यूनियन के महासचिव नवीन मिश्रा ने कहा कि सरकार की अनुमति मिलने के बाद ही नया किराया लागू किया जाएगा. इधर ऑल इंडिया रोड ट्रांसपोर्ट वर्कर्स फेडरेशन के प्रांतीय महासचिव राजकुमार झा ने बताया कि उनका संगठन 20 से 25 फीसदी किराया वृद्धि की मांग सरकार के समक्ष रखेगा. यह मांग बसों के साथ-साथ ऑटो, ई-रिक्शा और छोटे-बड़े ट्रकों की ढुलाई पर भी लागू करने की बात कही गई है.

## 16 नए सरकारी डिग्री कॉलेजों को मिले प्रभारी प्राचार्य, शिक्षा व्यवस्था को मिलेगी रफ्तार

**पटना (एजेंसी)** पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय ने पटना और नालंदा जिले के 16 नवस्थापित राजकीय डिग्री कॉलेजों में प्रभारी प्राचार्यों की नियुक्ति कर दी है. विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 से नियमित पढ़ाई शुरू कराने और आधारभूत सुविधाएं विकसित करने की जिम्मेदारी संबंधित प्राचार्यों को सौंपी है. (अंबर) पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय (पीपीयू), पटना ने उच्च शिक्षा विभाग, बिहार सरकार के निर्देश पर विश्वविद्यालय क्षेत्र के 16 नवस्थापित राजकीय डिग्री महाविद्यालयों में प्रभारी प्राचार्यों की प्रतिनियुक्ति कर दी है. विश्वविद्यालय की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार यह व्यवस्था तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई है. कुलसचिव प्रो अबु बकर द्वारा जारी अधिसूचना में बताया गया है कि प्रभारी प्राचार्यों को वित्तीय अधिकारों के साथ शैक्षणिक और प्रशासनिक कार्यों की जिम्मेदारी सौंपी गई है. 2026-27 सत्र से शुरू होगा नियमित पठन-पाठन विश्वविद्यालय ने स्पष्ट किया है कि इन कॉलेजों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 से नियमित पढ़ाई शुरू कराने, नामांकन प्रक्रिया संचालित करने और आधारभूत संरचना विकसित करने की जिम्मेदारी प्रभारी प्राचार्यों की होगी. सभी नियुक्त प्रभारी प्राचार्यों को अपने वर्तमान पदस्थापन स्थल से तत्काल प्रभाव से विरमित माना गया है और उन्हें शीघ्र नए महाविद्यालयों में योगदान देने का निर्देश दिया गया है. मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था पर जोर विश्वविद्यालय प्रशासन ने निर्देश दिया है कि संबंधित प्रभारी प्राचार्य जिला प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर भवन, कक्षाएं, फर्नीचर, पेयजल, बिजली, शौचालय सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे. साथ ही नामांकन, परीक्षा तैयारी और कक्षा संचालन का कार्य भी समयबद्ध तरीके से पूरा करेंगे.

## पटना में साइबर अपराधियों का बड़ा खेल: निवेश के झांसे और मोबाइल चोरी से दो लोगों के खाते से उड़ाए 7.25 लाख रुपये



**पटना (एजेंसी)** पटना में साइबर अपराधियों ने दो अलग-अलग मामलों में लोगों को लाखों रुपये का चूना लगाया. कंकड़बाग निवासी पुनीत सोनी से निवेश के नाम पर 5.41 लाख रुपये ठगे गए, जबकि ट्रेन में मोबाइल चोरी होने के बाद मुकुंद कुमार के खाते से 1.84 लाख रुपये निकाल लिए गए. दोनों मामलों में साइबर थाना जांच कर रहा है. राजधानी पटना में साइबर अपराधियों का जाल लगातार फैलता जा रहा है। ताजा मामलों में निवेश पर भारी मुनाफे का लालच देकर एक युवक से 5.41 लाख रुपये की ठगी कर ली गई, जबकि दूसरे मामले में ट्रेन यात्रा के दौरान मोबाइल चोरी कर साइबर अपराधियों ने यात्री के बैंक खाते से 1.84 लाख रुपये उड़ा लिए. दोनों मामलों की शिकायत साइबर थाने में दर्ज कराई गई है और पुलिस जांच में जुटी है. निवेश के नाम पर 5.41 लाख की ठगी कंकड़बाग निवासी पुनीत सोनी साइबर ठगों के जाल में फंसकर 5 लाख 41 हजार रुपये गंवा बैठे. जानकारी के अनुसार, उनके मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से कॉल आया. कॉल करने वाले ने खुद को निजी कंपनी का प्रतिनिधि बताते हुए निवेश पर अधिक मुनाफा दिलाने का झांसा दिया. शुरूआत में साइबर अपराधियों ने कम राशि निवेश कर मुनाफा दिखाया, जिससे पुनीत का भरोसा जीत लिया गया. इसके बाद उन्हें अलग-अलग बैंक खातों में कई किश्तों में रकम ट्रांसफर करने के लिए कहा गया. कुछ दिनों तक ऑनलाइन खाते में मुनाफा दिखता रहा, लेकिन जब उन्होंने पैसे निकालने की कोशिश की तो खाता बंद मिला. साथ ही कॉल करने वालों के मोबाइल नंबर भी बंद हो गए. इसके बाद उन्हें ठगी का एहसास हुआ. पीड़ित ने साइबर थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है. पुलिस बैंक खातों और मोबाइल नंबरों की जांच कर रही है. ट्रेन में मोबाइल चोरी, खाते से उड़ाए 1.84 लाख रुपये दूसरे मामले में कंकड़बाग निवासी मुकुंद कुमार पटना जंक्शन से कटिहार इंटरसिटी एक्सप्रेस पकड़कर खगड़िया जा रहे थे. ट्रेन खुलने के दौरान प्लेटफॉर्म संख्या पांच पर भीड़भाड़ का फायदा उठाकर किसी अज्ञात चोर ने उनकी जेब से मोबाइल फोन चोरी कर लिया. बताया गया कि चोरी हुआ मोबाइल नंबर उनके बैंक खाते और ऑनलाइन बैंकिंग सेवाओं से जुड़ा था. इसी का फायदा उठाकर साइबर अपराधियों ने खाते तक पहुंच बनाई और अलग-अलग माध्यमों से कुल 1 लाख 84 हजार रुपये की अवैध निकासी कर ली. दो दिन बाद पटना लौटने पर जब मुकुंद कुमार बैंक पहुंचे, तब उन्हें खाते से पैसे निकाले जाने की जानकारी मिली. इसके बाद उन्होंने साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराई और रेल साइबर थाने में आवेदन दिया.

## पटना एयरपोर्ट के रनवे विस्तार के लिए फिर होगी जू की जमीन की मापी, जानिए दोबारा सर्वे कराने की नौबत क्यों आई



**पटना (एजेंसी)** पटना एयरपोर्ट के रनवे विस्तार और एप्रोच लाइट अपग्रेड करने की योजना को लेकर एक बार फिर पटना जू की जमीन का सर्वे कराया जाएगा. इस परियोजना के तहत जू की बड़ी जमीन प्रभावित हो सकती है, जबकि कई जानवरों के बाड़े हटाने की भी नौबत आ सकती है. (अनुपम कुमार) पटना एयरपोर्ट के रनवे विस्तार और एप्रोच फनल को मजबूत करने के लिए एक बार फिर पटना जू की जमीन का सर्वे किया जाएगा. एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया (अअक) अब एप्रोच लाइट सिस्टम को नए तरीके से अपग्रेड करने की तैयारी में है. इसी वजह से जमीन की जरूरत और पूरा प्लान दोबारा तय किया जा रहा है. पहले मांगी गई थी 360 मीटर जमीन पिछले साल एयरपोर्ट अथॉरिटी ने वन एवं पर्यावरण विभाग से पटना जू के अंदर 360 मीटर लंबी जमीन की मांग की थी. यहां 60-60 मीटर की दूरी पर छह एप्रोच लाइट लगाने की योजना थी. इसके लिए आसपास के पेड़ों की ऊंचाई भी 10 से 15 फीट तक सीमित करनी थी. लेकिन अब सिर्फ एप्रोच लाइट ही नहीं, बल्कि रनवे विस्तार पर भी विचार किया जा रहा है. रनवे बढ़ा तो जू की बड़ी जमीन होगी प्रभावित अगर रनवे विस्तार की योजना को मंजूरी मिलती है तो पीर अली पथ को पार करते हुए जू के गेट नंबर-2 तक करीब 60 मीटर चौड़ी जमीन की जरूरत पड़ेगी. इससे जू का बड़ा हिस्सा प्रभावित होगा. रनवे जू के करीब पहुंचने पर विमान उड़ान भरते समय तेज आवाज करेंगे, जिसका असर जानवरों की सेहत पर पड़ सकता है. ऐसे में रनवे के आसपास बने कई जानवरों के बाड़ों को दूसरी जगह शिफ्ट करना पड़ेगा. करीब 17 हेक्टेयर जमीन खाली करनी पड़ सकती है, जो पटना जू के कुल क्षेत्रफल का लगभग 28 प्रतिशत हिस्सा है. बिना बदले की जमीन दिए नहीं मिलेगा जू का हिस्सा पटना जू की जमीन संरक्षित वन क्षेत्र में आती है. नियमों के मुताबिक, वन भूमि का अधिग्रहण तभी हो सकता है जब उसके बदले उतनी ही दूसरी जमीन वन क्षेत्र के रूप में दी जाए. लेकिन एयरपोर्ट अथॉरिटी के पुराने प्रस्ताव में पटना जू को बदले में जमीन देने का स्पष्ट जिक्र नहीं था. इसी कारण वन विभाग की प्रस्ताव मूल्यांकन समिति ने आपत्ति जताते हुए प्रस्ताव वापस कर दिया था. अब बदलेगा पूरा प्लान एयरपोर्ट अथॉरिटी ने कहा है

## दानापुर के होटल में छात्रा के साथ छेड़खानी, एक युवक गिरफ्तार



**पटना (एजेंसी)** दानापुर के रूपसपुर थाना क्षेत्र स्थित कालीकेट इलाके के हिडेन विला होटल में बीती रात पॉलिटेक्निक की एक छात्रा के साथ छेड़खानी का मामला सामने आया है. आरोप है कि नशे में धुत एक युवक ने लगातार कमरे का दरवाजा पीटकर उत्पात मचाया और बाद में छात्रा के साथ अभद्र व्यवहार किया. (संजय कुमार) दानापुर के रूपसपुर थाना क्षेत्र स्थित कालीकेट इलाके के हिडेन विला होटल में बीती रात पॉलिटेक्निक की एक छात्रा के साथ छेड़खानी का मामला सामने आया है. आरोप है कि नशे में धुत एक युवक ने लगातार कमरे का दरवाजा पीटकर उत्पात मचाया और बाद में छात्रा के साथ अभद्र व्यवहार किया. जानकारी के अनुसार, बेगूसराय जिले के निवासी संतोष कुमार अपनी पुत्री को पॉलिटेक्निक परीक्षा दिलाने दानापुर आए थे. वे कालीकेट स्थित होटल के कमरा नंबर 103 में ठहरे हुए थे. पीड़ित पक्ष की जानकारी शुक्रवार देर रात नशे में धुत एक युवक बार-बार कमरे का दरवाजा पीटने लगा. जब छात्रा ने दरवाजा खोला तो आरोपी ने उसका हाथ पकड़कर छेड़खानी शुरू कर दी. छात्रा ने तुरंत इसका विरोध किया और शोर मचाया. शोर सुनकर उसके पिता की नींद खुल गई, जिसके बाद उन्होंने होटल प्रबंधन से शिकायत की. इस घटना के बाद होटल परिसर में हंगामा शुरू हो गया. पुलिस कार्रवाई सूचना मिलने पर डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की. रूपसपुर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है. थानाध्यक्ष शशि भूषण सिंह ने बताया कि पीड़िता के पिता के लिखित आवेदन के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है और गिरफ्तार युवक से पूछताछ की जा रही है. आरोपी की पहचान शाहपुर निवासी सत्येंद्र कुमार के रूप में हुई है. होटल में हंगामा और धमकी का आरोप पीड़ित पक्ष ने यह भी आरोप लगाया है कि होटल संचालक की ओर से केस वापस लेने के लिए दबाव और धमकी दी जा रही है. हालांकि इस आरोप की आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है.

## बिहार के स्कूलों में शनिवार को होगी आधे दिन की पढ़ाई, जून से लागू हो सकता है नया शेड्यूल



**पटना (एजेंसी)** बिहार के सरकारी स्कूलों में पढ़ाई के समय को लेकर बड़ा बदलाव होने जा रहा है. शिक्षा विभाग शनिवार को फिर से हाफ डे (आधे दिन की पढ़ाई) व्यवस्था लागू करने की तैयारी में है, जिससे शिक्षकों और छात्रों दोनों को राहत मिलने की उम्मीद है. बिहार के सरकारी स्कूलों के शिक्षक और छात्र-छात्राओं के लिए एक राहत की खबर सामने आई है. राज्य में एक बार फिर शनिवार को ह्यहाफ डेह्न यानी आधे दिन की पढ़ाई व्यवस्था लागू किए जाने की तैयारी चल रही है. इस प्रस्ताव पर शिक्षा विभाग गंभीरता से विचार कर रहा है. जल्द जारी हो सकता है आधिकारिक आदेश सूत्रों के मुताबिक, शिक्षा विभाग 31 मई तक इस संबंध में आधिकारिक आदेश जारी कर सकता है. विभागीय स्तर पर हुई उच्च स्तरीय बैठक में स्कूलों की टाइमिंग और साप्ताहिक शेड्यूल की समीक्षा की गई है. बैठक के बाद शनिवार को हाफ डे लागू करने पर सैद्धांतिक सहमति बन चुकी है. अब केवल इसके क्रियान्वयन और नए टाइम टेबल को अंतिम रूप दिया जा रहा है. शिक्षा मंत्री कर सकते हैं बड़ी घोषणा बताया जा रहा है कि शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी जल्द ही इस फैसले की औपचारिक घोषणा कर सकते हैं. सरकार का मानना है कि इससे शिक्षा व्यवस्था को और बेहतर और संतुलित बनाया जा सकेगा. करोड़ों छात्रों और लाखों शिक्षकों को राहत इस फैसले से राज्य के करीब पौने 6 लाख सरकारी शिक्षकों और करोड़ों छात्र-छात्राओं को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है. पिछले कुछ समय से लागू लंबे वर्किंग आवर्स और सख्त नियमों के कारण शिक्षकों पर मानसिक और शारीरिक दबाव बढ़ गया था. ऐसे में लंबे समय से शिक्षक संगठन शनिवार को हाफ डे बहाल करने की मांग कर रहे थे. शनिवार को आधा दिन होने से शिक्षकों को कॉपियों की जांच, साप्ताहिक मूल्यांकन और अगले सप्ताह की पाठ योजना बनाने का अतिरिक्त समय मिलेगा. छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य में सुधार लगातार 6 दिन की पढ़ाई से छोटे बच्चों में थकान और तनाव देखा जा रहा था. हाफ डे से उन्हें आराम और सह-शैक्षणिक गतिविधियों का बेहतर समय मिलेगा. ग्रामीण शिक्षकों को सुविधा दूर-दराज के इलाकों में काम करने वाले शिक्षकों को घर लौटने और जरूरी काम निपटाने में आसानी होगी. 31 मई तक फैसले पर लग सकती है मुहर शिक्षा विभाग के अधिकारियों का कहना है कि नए सत्र और मौजूदा परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए इस व्यवस्था को फिर से लागू किया जा रहा है. उम्मीद है कि 31 मई तक इस प्रस्ताव पर अंतिम मुहर लग जाएगी और जून से पूरे राज्य के प्राथमिक, मध्य और माध्यमिक स्कूलों में शनिवार को हाफ डे की व्यवस्था प्रभावी हो जाएगी.

# लकीर के फकीर



**जंगल** में चराई के बाद किसी बछड़े को गांव की गौशाला तक लौटना था। नन्हा बछड़ा था तो अबोध ही, वह चट्टानों, मिट्टी के टीलों, और ढलानों पर से उछलता-कूदता हुआ अपने गंतव्य तक पहुंचने में सफल हो गया।

अगले दिन एक कुत्ते ने भी गांव तक पहुंचने के लिए उसी रास्ते का इस्तेमाल किया।

उसके अगले दिन एक भेड़ उस रास्ते पर चल पड़ी। एक भेड़ के पीछे अनेक भेड़ चल पडीं। भेड़ जो ठहरीं!

उस रास्ते पर चलाफिरी के निशान देखकर लोगों ने भी उसका इस्तेमाल शुरू कर दिया। ऊंची-नीची पथरीली जमीन पर आते-जाते समय वे-पथ की दुरूहता को कोसते रहते, पथ था ही ऐसा! लेकिन किसी ने भी सरल-सुगम पथ की खोज के लिए प्रयास नहीं किए।

समय बीतने के साथ वह पगडंडी उस गाव तक पहुंचने का मुख्य मार्ग बन गई। जिस पर बेचारे पशु बमुश्किल गाड़ी खींचते रहते। उस कठिन पथ के स्थान पर कोई सुगम पथ होता तो लोगों को यात्रा में न केवल समय की बचत होती वरन वे सुरक्षित भी रहते।

कालांतर में वह गांव एक नगर बन गया और पथ राजमार्ग बन गया। उस पथ की समस्याओं पर चर्चा करते रहने के अतिरिक किसी ने कभी कुछ नहीं किया। बूढ़ा जंगल यह सब बहुत लंबे समय से देख रहा था। वह बरबस मुस्कुराता और यह सोचता रहता कि मनुष्य हमेशा ही सामने खुले पड़े विकल्प को मजबूती से जकड़ लेते हैं और यह विचार नहीं करते कि कहीं कुछ उससे बेहतर भी किया जा सकता है।

# धर्म को पहले स्वयं जीवन में उतारें

**हमें यह धर्मरूपी आसक्ति का चश्मा दर किनार करके सभी धर्मों को एक ही नजरिए से देखने की जरूरत है, तभी हम सभी धर्मों की अच्छाई को ग्रहण करके सभी में एक सी समानता और उनकी शिक्षाओं को पहले खुद ग्रहण करने का नजरिया रखेंगे, तभी भेदभाव की दीवार स्वयं ही ढह जाएगी।**



**अक्सर** हम यही देखते हैं कि जब हम किसी अन्ध मान्यता, अन्ध भावावेश अथवा बौद्धिक तर्कजाल को धर्म मानने की भूल करने लगते हैं तो उसमें कहीं अधिक बुरी तरह से उलझ जाते हैं। हम जिस दार्शनिक, धार्मिक परंपरा को मान रहे हैं, उसके साथ हमारा एक भावनात्मक संबंध जुड़ जाता है। फलस्वरूप उसके विपरीत अन्य किसी दृष्टिकोण को कभी स्वीकार ही नहीं कर पाते। अथवा यह भी होता है कि अपनी तर्कबुद्धि से हमने किसी मान्यता को अपना लिया है तो अपने ही बुद्धिबल को अत्यधिक महत्ता देने के स्वभाववश अन्य किसी मान्यता को सही मानने को प्रस्तुत ही नहीं होते। परंपरागत मान्यता, हृदयगत भावुकता अथवा बौद्धिक तर्कजाल के कारण जब हम किसी भी मान्यता के गुलाम हो जाते हैं तो उसके प्रति इतनी गहरी आसक्ति पैदा कर लेते हैं कि हमेशा के लिए उसी के रंग का चश्मा पहने ही दुनिया को देखने लगते हैं। अत: उस रंग के अतिरिक्त अन्य कोई रंग हमें दिखता ही नहीं। इस प्रकार सच्चाई से, वास्तविकता से बिल्कुल दूर होते चले जाते हैं, क्यों कि हर बात को अपने ही चश्मे से देखने के आदी जो हो चुके होते हैं।

मान लीजिए, अन्धश्रद्धा, अन्धविश्वास, भावावेश अथवा बौद्धिक ऊहापोह के आधार पर हमने कोई सही सिद्धान्त भी स्वीकार कर रखा हो, परन्तु होता क्या है कि उसके प्रति हुई आसक्ति के कारण उस सिद्धान्त को स्वीकारने मात्र को ही हम सारा महत्व देने लगते हैं, जब कि उसके व्यवहारिक पक्ष को सर्वदा भुला बैठते हैं।

कुछ ज्ञानीजन समाज को, देश-दुनिया को धर्म का मार्ग दिखाने में जी-जान से जुटे हुए हैं। एक ओर हिन्दू धर्म की महिमा का बखान किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर कुछ लोग शान्ति के मसीहा बने दुनिया को मुसलमान होने के फायदे गिनाने में लगे हुए हैं। एक कहता है कि हिन्दू धर्म और उसकी शिक्षाएं महान हैं तो दूसरा कहता है कि आप इस्लाम अपना लो तो आप में आत्म-अनुशासन, आत्म-नियंत्रण,आत्मशिक्षा, आत्म-अनुपालन जैसे गुणों का संचार होने लगेगा।

मैं मानता हूं कि न सिर्फ हिन्दू, न इस्लाम, बल्कि दुनिया का हरेक धर्म, हरेक पंथ, हरेक सम्प्रदाय महान है। उनके धर्मग्रंथ, उनकी शिक्षाएं, पीर-पैगम्बर, महापुरुष इत्यादि सब महान हैं। लेकिन ये नहीं समझ पा रहा हूं कि आप लोग जो दुनिया में धर्म का ज्ञान बांटते फिर रहे हो, पोस्ट दर पोस्ट बड़े लम्बे-चौड़े उपदेश देते रहते हो, लेकिन तुम्हारा धर्म तुम में वो महानता क्यूं नहीं पैदा कर पाया। क्या ये महानता का प्रसाद सिर्फ दूसरों में बांटने के लिए ही रख छोड़ा है, जो तुम्हारे हिस्से न आ सका। दूसरी ओर मैं उन मुस्लिम भाइयों से ये जानना चाहूंगा कि तुम कहते हो कि इस्लाम कबूल करने का सीधा फायदा ये है कि आपमें शांति, प्रेम, आत्म-अनुशासन,आत्म-नियंत्रण, आत्मशिक्षा, आत्म-अनुपालन जैसे गुणों का वास होने लगेगा, लेकिन भाई तुम तो इस्लाम के मानने वाले हो, किन्तु तुम्हारे जीवन में ऐसे किसी सद्गुण का संचार क्यों नहीं हो पाया। कमाल है! जिस चीज को आप लोग स्वयं जीवन में धारण नहीं कर सके, उसी के बारे में दुनिया को उपदेश देने में लगे हुए हैं। और लगे हुए हैं, बस दिन-रात एक दूसरे पर कीचड़ उछालने में, एक दूजे को निर्वस्त्र करने में।

# मनुष्यता भलाई में है

**यह मानव स्वभाव है कि किसी का अच्छा हो रहा हो, तो उसमें खलल डालता है। वहीं कुछ ऐसे भी हैं, जो बिगड़ती बात को संवारना ही मनुष्यता की परिभाषा मानते हैं, ऐसे ही बयान करती यह कथा प्रस्तुत है।**

**यह** घटना उस समय की है, जब क्रांतिकारी रोशन सिंह को काकोरी कांड में मृत्युदंड दिया गया। उनके शहीद होते ही उनके परिवार पर मुसीबतों का पहाड़ टूट पड़ा। घर में एक जवान बेटी थी और उसके लिए वर की तलाश चल रही थी। बड़ी मुश्किल से एक जगह बात पक्की हो गई। कन्या का रिश्ता तय होते देखकर वहां के दरोगा ने लड़के वालों को धमकाया और कहा कि क्रांतिकारी की कन्या से विवाह करना राजद्रोह समझा जाएगा और इसके लिए सजा भी हो सकती है। किंतु वर पक्ष वाले दरोगा की धमकियों से नहीं डरे और बोले, 'यह तो हमारा सौभाग्य होगा कि ऐसी कन्या के कदम हमारे घर पड़ेंगे, जिसके पिता ने अपना शीश भारत माता के चरणों पर रख दिया।' वर पक्ष का दृढ़ इरादा देखकर दरोगा वहां से चला आया पर किसी भी तरह इस रिश्ते को तोड़ने के प्रयास करने लगा। जब एक पत्रिका के संपादक को यह पता लगा तो वह आगबबूला हो गए और तुरंत उस दरोगा के पास पहुंचकर बोले, 'मनुष्य होकर जो मनुष्यता ही न जाने वह भला क्या मनुष्य? तुम जैसे लोग बुरे कर्म कर अपना जीवन सफल मानते हैं किंतु यह नहीं सोचते कि तुमने इन कर्मों से अपने आगे के लिए इतने कांटे बो दिए हैं, जिन्हें अभी से उखाड़ना भी शुरू करो तो अपने अंत तक न उखाड़ पाओ। अगर किसी को कुछ दे नहीं सकते तो उससे छीनने का प्रयास भी न करो।' संपादक की खरी-खोटी बातों ने दरोगा की आंखें खोल दीं और उसने न सिर्फ कन्या की मां से माफी मांगी, अपितु विवाह का सारा खर्च भी खुद वहन करने को तैयार हो गया। विवाह की तैयारियां होने लगीं। कन्यादान के समय जब वधू के पिता का सवाल उठा तो वह संपादक उठे और बोले, 'रोशन सिंह के न होने पर मैं कन्या का पिता हूं। कन्यादान मैं करूंगा।'



# कर्तव्य ही सम्मान है



**यह** काफी पुरानी घटना है। मद्रास प्रांत के एक स्टेशन के निकट एक पॉइंटमैन अपना पॉइंट (वह उपकरण जिससे गाड़ियों का ट्रैक बदला जाता है) पकड़े खड़ा था। दोनों ओर से दो गाड़ियां अपनी पूरी गति से दौड़ी चली आ रही थीं। उस दिन मौसम खराब था और वह आंधी-तूफान का संकेत दे रहा था। ऐसे भयावह मौसम में रोशनी के भी भरपूर साधन नहीं थे। पॉइंटमैन अपने काम के लिए मुस्तैदी से तैयार था, तभी उसे अपने पैरों पर कुछ रेंगता हुआ महसूस हुआ। उसने देखा तो दंग रह गया। एक सांप उसके पैरों से लिपट रहा था। पॉइंट उसके हाथ में था। डर के कारण उसकी घिग्घी बंध गई। किंतु तभी उसने सोचा कि यदि वह पॉइंट हाथ से छोड़ देगा तो ऐसे में दोनों गाड़ियां परस्पर भिड़ जाएंगी और असंख्य लोगों की मृत्यु हो जाएगी। सांप के काटने से तो अकेले सिर्फ उसकी जान जाएगी, लेकिन असंख्य लोगों की जान बच जाएगी। कम से कम मरते-मरते वह असंख्य लोगों की जान बचाने का पुण्य तो अर्जित कर ही लेगा। यह सोचकर वह बिना हिला-डुले पॉइंट को पकड़े खड़ा रहा। कुछ ही देर में दोनों रेलगाड़ियों की घड़घड़ाहट तेज हुई और रेलगाड़ियां आराम से पॉइंट मैन के द्वारा पकड़े गए पॉइंट की सहायता से अलग-अलग ट्रैक पर निकल गईं। उधर सांप रेलगाड़ियों की घड़घड़ाहट सुनकर पॉइंटमैन का पैर छोड़कर चला गया। रेलगाड़ियों के जाने के बाद जब पॉइंटमैन का ध्यान अपने पैरों की ओर गया तो वह यह देखकर दंग रह गया कि वहां कुछ न था। यह देखकर उसके मन से स्वत: ही निकला, 'सच ही है, जो इंसान सच्चे मन से लोगों की मदद करते हैं, उनकी सहायता ईश्वर स्वयं करते हैं।' बाद में जब इस घटना का पता अधिकारियों को चला तो उन्होंने न सिर्फ पॉइंटमैन को शाबासी दी, अपितु उसे पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया।

# बुद्धि बड़ी या भाग्य

**बुद्धि व भाग्य में विवाद होने लगा, दोनों एक दूसरे को बड़ा साबित कर रहे थे। राजा ने एक कथा के माध्यम से दोनों का निर्णय किया। भाग्य से यदि किसी को राजा बनाने का प्रयास हो और संसार की सभी वस्तुएं भी हों तो भी बुद्धि के अभाव में वह राजा नहीं बन सकता। यह आलेख इसी तथ्य पर आधारित है।**



एक बार बुद्धि और भाग्य में झगड़ा हुआ। बुद्धि ने कहा, मेरी शक्ति अधिक है। मैं जिसे चाहूं सुखी कर दूं। मेरे बिना कोई बड़ा नहीं हो सकता।'' भाग्य ने कहा, मेरी शक्ति अधिक है। मैं तेरे बिना काम कर सकता हूं। तू मेरे बिना काम नहीं कर सकती।'' इस तरह दोनों ने अपनी-अपनी ओर से दलीलें जोर-शोर से दीं। बुद्धि ने भाग्य से कहा कि उस गड़रिए को जो जंगल में भेड़ें चरा रहा है, मेरी सहायता के बिना राजा बना दो तो समझूं कि तुम बड़े हो। भाग्य ने राजा बनाने का प्रयत्न शुरू कर दिया। उसने बहुत कीमती खड़ाऊं जिसमें लाखों रुपए के नग लगे थे, गड़रिए को दी। भाग्य ने एक व्यापारी को वहां पहुंचा दिया।

व्यापारी उन खड़ाऊंओं को देखकर विस्मित हुआ। उससे कहा, तुम ये खड़ाऊं बेच दो।'' गड़रिए ने वो अनमोल खड़ाऊं जिनमें एक-एक हीरा करोड़ों रुपए का था, दो मन चनों के बदले में बेच डालीं। यह देखकर भाग्य ने और प्रयत्न किया। अब उस व्यापारी ने वे खड़ाऊं राजा को भेंट की तो राजा देखकर हैरान हो गया। व्यापारी से पूछा, ''तुमने ये खड़ाऊं कहां से पाई? व्यापारी ने कहा ''महाराज एक राजा मेरा मित्र है उसने ये मुझे दीं।''

यह सुनकर राजा ने कहा, ''अच्छा जाओ, मेरी लड़की की सगाई उसके लड़के से करा दो।'' ''ठीक है, आपकी लड़की की सगाई पक्की करने जाता हूं।'' तो क्या देखता है कि गड़रिया उससे भी मूल्यवान खड़ाऊं पहने है।

व्यापारी ने सोचा कि हो न हो, यह कोई सिद्ध महात्मा है। उसने वही डेरा लगा दिया और अपना बहुत सा तांबा लदा हुआ सब सामान एक ओर पेड़ के नीचे रख दिया। दोपहरी में गड़रिया धूप से व्याकुल हो उस पेड़ के नीचे तांबे के ढेर के सहारे सिर रखकर सो गया। भाग्य ने उस तांबे के ढेर को सोना कर दिया। व्यापारी ने सोचा कि जिसके छूने से तांबा सोना हो जाता है, उसको राजा बनाना कोई बड़ी बात नहीं। उस व्यापारी ने वहीं जमीन खरीदी और किला बनवा दिया। सेना की भर्ती की जाने लगी और व्यापारी गड़रिए को पकड़कर किले में ले गया। उसको अच्छे-अच्छे मूल्यवान वस्त्र पहनवाए; मंत्री सेवक आदि कर्मचारी रखे और फिर लड़की वाले राजा को पत्र लिखा कि हमारे राजाजी की विवाह की तिथि लिख दो; उसी दिन बारात आ जाएगी। पत्रोत्तर में राजा ने तिथि लिख दी। इस पर विवाह का प्रबंध होने लगा।

विवाह की तिथि आने पर व्यापारी बारात लेकर चल दिया। जब लड़की वाले राजा का नगर निकट आ गया और उधर से मंत्री, बहुत से नौकर-चाकर, सेना, अस्त्र-शस्त्र, हाथी-घोड़े इत्यादि राजा की अगवानी के लिए आए तो गड़रिए ने विचार किया कि कदाचित् मेरी भेड़ें इनके खेत में चली गई हैं और ये मेरे कपड़े-लत्ते छीनने आ रहे हैं। अत: उसने झट व्यापारी से कहा, ये सब मेरे कपड़े-लत्ते छीनने के लिए आ रहे हैं। चूंकि यह बात कान में कही गई थी, अत: व्यापारी के सिवा और किसी को मालूम नहीं हुई। लोगों ने व्यापारी से पूछा, ''कुंवरजी क्या आज्ञा दे रहे हैं? कुंवरजी कहते हैं कि जितने लोग स्वागत में आए हैं, सबको पांच-पांच लाख रुपया पुरस्कृत किया जाए।'' लोग सोचने लगे कि किसी बड़े भारी सम्राट के कुंवर की बारात आई है, लड़की वाला राजा भी घबराया कि मैंने बड़े भारी राजा से नाता जोड़ा है। अब तो ईश्वर ही लाज रखे। अंत: उसी दिन राजा की कन्या का विवाह उस गड़रिए से हो गया। जब राजकुमारी गड़रिए के पास आई, तब गड़रिए ने गहनों की आवाज सुन सोचा, हो न हो, कोई चुड़ैल मुझे मारने के लिए आ रही है। यह सोच वह जल्दी से एक दरवाजे की ओट में छिप गया। राजकुमारी कन्या के जाते ही गड़रिए को विचार आया कि अभी एक चुड़ैल से तो मुश्किल से बचा हूं, न मालूम यहां कितनी और चुड़ैल आएं, अत: यहां से भागना चाहिए। सोच ही रहा था कि उसे एक जीना दिखाई पड़ा। वह झट ऊपर चढ़ गया और वहां एक छेद में हाथ डालकर कूदकर भागने का विचार करने लगा। उसी समय बुद्धि ने भाग्य से कहा, ''देख तेरे बनाने से भी यह राजा न बना। अब यह जल्दी ही गिरकर मृत्यु के मुख में जाना चाहता है।'' अत: सिद्ध है कि यदि संसार की सारी वस्तुएं भी एकत्रित हों, तो भी जब तक मनुष्य को बुद्धि न आए, वह अपने उद्देश्य को पूर्णतया सिद्ध नहीं कर सकता।

# धन-सम्पदा का गर्व चकनाचूर



**यूनान** में आल्सिबाएदीस नामक एक बहुत बड़ा संपन्न जमींदार था। उसकी जमींदारी बहुत बड़ी थी। उसे अपने धन-वैभव एवं जागीर पर बहुत अधिक गर्व था। वह इसका वर्णन करते हुए थकता नहीं था। एक दिन वह प्रसिद्ध दार्शनिक सुकरात के पास जा पहुंचा और अपने ऐश्वर्य का वर्णन करने लगा। सुकरात उसकी बातें कुछ देर तक सुनते रहे। फिर उन्होंने पृथ्वी का एक नक्शा मंगवाया। नक्शा फैला कर उन्होंने आल्सिबाएदिस से पूछा-अपना यूनान देश इस नक्शे में कहां है? जमींदार कुछ देर तक नक्शा देखने के बाद एक जगह अंगुली रख कर बोला 'अपना यूनान देश यह रहा।' सुकरात ने पुन: पूछा-और अपना एटिका राज्य कहां है? बड़ी कठिनाई के बाद जमींदार एटिका राज्य को ढूंढ सका। अच्छा, इसमें आपकी जागीर की भूमिका कहां है? सुकरात ने एक बार फिर पूछा। अब जमींदार कुछ सकपका गया। वह बोला- आप भी खूब हैं, इस नक्शे में इतनी छोटी-सी जागीर कैसे बताई जा सकती है? तब सुकरात ने कहा-भाई! इतने बड़े नक्शे में जिस भूमि के लिए एक बिन्दु भी नहीं रखा जा सकता, उस नन्ही-सी भूमि पर आप गर्व करते हैं? इस पूरे ब्रह्माण्ड में आपकी भूमि और आप कहां कितने हैं, जरा यह भी तो सोचिए। सुकरात के मुंह से यह सुनते ही आल्सिबाएदिस का अपनी जागीर और सम्पति पर जो गर्व था, चकनाचूर हो गया। व्यक्ति को अपनी धन-संपदा का बखान तथा उस पर गर्व नहीं करना चाहिए।

## संक्षिप्त डायरी

### सड़क के किनारे पड़ा था युवक का शव

**जौनपुर (एजेंसी)** । केराकत कोतवाली क्षेत्र के थानागद्दी अंतर्गत खर्गसेनपुर सोहनी नहर मार्ग पर सड़क किनारे रविवार कि सुबह एक युवक का शव मिलने से क्षेत्र के लोगों की भीड़ लग गयी। ग्रामीणों ने 112 डायल पर पुलिस को सुचना दिए कि सोहनी खर्गसेनपुर मार्ग पर मुख्य सड़क से दो सौ मीटर सड़क किनारे नहर के पूरब पटरी पर एक मृत युवक पड़ा हुआ। घटना की सुचना पर स्थानीय पुलिस चौकी के एसआई संजय सिँह भी घटना स्थल पर पहुंच कर शव पाए जाने कि सुचना सीओ केराकत अजित सिँह चौहान और इंस्पेक्टर अरविन्द कुमार पाण्डेय को दिए। घटना कि सुचना पर सभी अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए। मौके पर भीड़ से शिनाख्त का प्रयास किया गया लेकिन कोई पहचान नहीं हो सकी। पुलिस चौकी प्रभारी ने बताया कि अज्ञात मृतक युवक कि उम्र 28 वर्ष के करीब हैं चेहरे पर चोट के निशान हैं और चेहरा सुजा हुआ हैं। शरीर पर काले रंग का पैंट और काले रंग का टी शर्ट पड़ा रहा जेब कि तलाशी लेने पर बीड़ी और तम्बाकू पाया गया। युवक के शव को पुलिस ने कब्जे मे लेकर जिला अस्पताल के शव गृह भेज दिया।

### विवाहिता का शव पंखे से लटकता मिला

**जौनपुर (एजेंसी)** । सिंगरामऊ थाना क्षेत्र के बहरीपुर गांव में एक विवाहिता का शव कमरे में पंखे से लटकता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, गांव निवासी गुड्डू खान की 22 वर्षीय पत्नी इरम उर्फ रानी घर की ऊपरी मंजिल पर बने कमरे में थी। जब वह काफी देर तक कमरे से बाहर नहीं आई, तो उसकी सास ऊपर देखने पहुंची। दरवाजा अंदर से बंद था। काफी आवाज देने के बावजूद कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली, जिसके बाद आसपास के लोगों को बुलाया गया। दरवाजा खोलने पर विवाहिता दुपट्टे के सहारे पंखे से लटकी हुई मिली।घटना की सूचना मिलते ही घर में शोक छा गया। परिजनों ने बताया कि मृतका का पति रोजी-रोटी के सिलसिले में बाहर रहता है। घर पर सास-ससुर और उसकी दो वर्षीय बेटी ही मौजूद थे। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। थाना प्रभारी सैयद हुसैन मुन्तजर ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### विद्युत व्यवस्था चरमराई,प्रषासनिक आदेष बेअसर

**जौनपुर (एजेंसी)** । भीषण गर्मी के कारण विद्युत व्यवस्था चरमरा गई है। अघोषित बिजली कटौती से शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों के लोगों में हाहाकार मच गया है। प्रशासन के कड़े निदेशों के बावजूद बिजली विभाग समस्या का समाधान करने में अक्षम दिख रहा है। भीषण गर्मी का असर अब पशुओं पर भी दिखाई देने लगा है। तेज धूप और बढ़ते तापमान से पशु बेहाल हैं, जिससे उनके स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। लगातार बढ़ रहा है। रविवार को अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। तेज धूप और गर्मी के कारण लोग घरों से निकलने से बच रहे हैं। दोपहर के समय सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहता है। लोग आवश्यक कार्यों के लिए बाहर निकलने पर सिर और मुंह को कपड़े से ढककर निकल रहे हैं।सुबह नौ बजे के बाद ही गर्मी अपना असर दिखाना शुरू कर देती है। गर्म हवाएं आठ किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चल रही हैं, जिससे उमस में और वृद्धि हुई है। रात में भी गर्मी से कोई खास राहत नहीं मिल पा रही है। राज्य मौसम केंद्र के प्रभारी अतुल कुमार सिंह ने बताया कि अगले तीन-चार दिनों तक तापमान की यही स्थिति बनी रहने की संभावना है।

### जांच करने गयी टीम के सामने मारपीट

**जौनपुर (एजेंसी)** । सिरकोनी ब्लॉक के बिशुनपुर गांव में शनिवार को विकास कार्यो में लगे घोटालों के जांच करने जांच टीम पहुंची।उनके सामने ही दो पक्षों में मारपीट हो गयी।जिसका विडीओ सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।उक्त गांव निवासी रमेश तथा इंद्राज यादव द्वारा गांव में हुए विकास कार्यो में कई लाख रुपये के घोटाले का आरोप लगाया था।उन्होंने डीएम को प्रार्थनापत्र देकर जांच की मांग किया था।उनकी शिकायत पर डीएम द्वारा जिला विकास अधिकारी मीनाक्षी देवी व एक्सईएन पीडब्ल्यूडी तथा जिला समाज कल्याण अधिकारी की तीन सदस्यीय जांच टीम बनायी थी।इस मामले में पूर्व में ही जांच के दौरान प्रधान का खाता सीज कर दिया गया था।अभी लगभग एक हफ्ते पूर्व ही गांव के सचिव का निलंबन भी किया गया था।ग्रामीण उसके बाद भी असंतुष्ट थे।शनिवार को डीडीओ मीनाक्षी देवी जांच टीम के साथ गांव में पहुंची।वहां पर एक खेत मे प्रधान द्वारा कराए गए मेड़बन्दी के काम की जांच चल रही थी।तभी उस खेत मे हुए मेड़बन्दी को लेकर दो चचेरे भाइयों के परिवार में बहस होने लगी।एक पक्ष जहां जांच टीम से कह रहा था कि मेड़बन्दी हुई थी वहीं दूसरा पक्ष कहने लगा मेड़बन्दी नही हुई थी।इसी बात को लेकर दोनो पक्षों में गाली गलौज तथा मारपीट होने लगी।जांच टीम दोनो पक्षों को मारपीट करने से मना करती रही।बावजूद दोनो पक्ष मारपीट करने लगे।हालांकि मामला थाने तक नही पहुंच पाया है।जलालपुर के प्रभारी थानाध्यक्ष राजकुमार ने बताया कि कोई तहरीर नही मिली है।

### सोये युवक पर हमला करके किया घायल

**जौनपुर (एजेंसी)** । जफराबाद क्षेत्र के समोपुर खुर्द गांव निवासी एक युवक को शनिवार की रात को सोते समय मारपीट कर घायल कर दिया।घटना की सूचना पर पुलिस पहुंच गयी।पुलिस को देख आरोपी फरार हो गए।

उक्त गांव निवासी 32 वर्षीय राकेश गौतम पुत्र स्वर्गीय केदारनाथ अपने घर सो रहा था।उसी समय पड़ोस के ही दो लोग उसे सोते समय मारने पीटने लगे।हमले से राकेश जाग गया।उसके बाद दोनों उसे घर से कुछ दूर ले जाकर मारने पीटने लगे।आवाज सुनकर गांव के लोग आ गए।उन लोगों ने बीचबचाव कर युवक को बचाया।पीड़ित युवक पर अवैध तमंचे के मुठिया से मारने पीटने की बात भी चर्चा में थी।पीड़ित युवक ने रविवार को घटना की की तहरीर दिया।घटना के बारे में पूछने पर थानाध्यक्ष मिथिलेश तिवारी ने बताया कि पीड़ित युवक को गांव के दो लोगों ने सोते समय घर मे जाकर मारपीट कर घायल कर दिया।युवक की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर-के उसे मेडिकल के।लिए भेज दिया गया है।उन्होंने बताया कि पिस्तौल की मुठिया से मारने की बात गलत है।युवक पर डंडे से हमला हुआ है।

### जमीन पर पड़ोसी के जबरन निर्माण का आरोप

**जौनपुर (एजेंसी)** ।सुरेरी थाना क्षेत्र के कमरुद्दीनपुर (मुरारपुर) गांव के एक पिड़ित ने थाने पर प्रार्थना पत्र देकर पड़ोसी महिला पर अपनी पुस्तैनी जमीन पर निर्माण कर कब्जा करने का आरोप लगाया है। शिकायत पर सुरेरी पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई। सुरेरी थाना क्षेत्र के कमरुद्दीनपुर (मुरारपुर) गांव निवासी राम करन पटेल ने रविवार को सुरेरी थाने पर प्रार्थना पत्र देकर पड़ोस की महिला भगवन्ती देवी पर अपने हिस्से की पुस्तैनी जमीन में जबरदस्ती निर्माण करने का आरोप लगाया है पिड़ित की मानें तो उक्त जमीन में पिड़ित तीसरे का हिस्सेदार है लेकिन महिला जबरदस्ती निर्माण कर रही है मना करने पर पिड़ित को गाली गलौज व जान से मारवाने की धमकी दे रही है। पीड़ित की शिकायत पर सुरेरी पुलिस मामले की जांच पड़ताल जूट गई है। इस संबंध में थानाध्यक्ष सुरेरी दिव्य प्रकाश सिंह ने बताया मामले की जांच की जायेगी किसी भी कीमत पर दूसरे की जमीन पर निर्माण कार्य नहीं होगा।

# कानपुर में आईटीबीपी जवान की मां का कटेगा हाथ, अब होगी नए सिरे से जांच



**कानपुर (एजेंसी)** । आईटीबीपी जवान की मां के साथ हुई चिकित्सा लापरवाही के मामले की जांच अब नए सिरे से होगी, जिसमें आईटीबीपी के अधिकारी भी शामिल होंगे। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने दोनों अस्पतालों के सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित कर लिए हैं और लापरवाही के हर पहलू की गहन जांच की जा रही है। कानपुर में आईटीबीपी के जवान विकास सिंह की मां निर्मला देवी के हाथ कटने के मामले की जांच रिपोर्ट पर पक्षपाती होने का आरोप लगा है। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग ने दोबारा जांच करने पर हामी भरी है। इसमें आईटीबीपी के अधिकारी भी शामिल रहेंगे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरिदत्त नेमी ने बताया कि हमारी रिपोर्ट तथ्यों के आधार पर पारदर्शिता के साथ तैयार कर पुलिस कमिश्नर को सौंपी गई। अब उस रिपोर्ट से संबंधित आईटीबीपी और पुलिस के अधिकारियों के अपने सवाल है जिसे लेकर हम दोबारा जांच करेंगे। पुलिस कमिश्नर ने इस मामले में जांच कमेटी में शामिल होने के लिए एक अधिकारी को भी नामित कर दिया है जो डॉक्टरों की टीम के साथ बैठकर जांचों और बयानों की विवेचना करेगा। वहीं, जांच कमेटी के सदस्यों का कहना है कि जांच पूरी तरह पारदर्शिता के साथ की गई है। महिला दय रोगी है। उसके हाथ की नसों में ब्लॉकिज से हाथ काटा गया है। हिस्टोपैथोलॉजी से स्थिति होगी साफ रिपोर्ट में हमने साफ-साफ लिखा है कि दोनों अस्पतालों में देरी के चलते हाथ कटने की आशंका है। नसों में ब्लॉकिज के दो कारण हो सकते हैं। पहला थ्रोम्बोसिस है, जिसमें शरीर के थक्के दय की नसों से निकलकर हाथों की नसों आकर फंस जाते हैं। यह प्राकृतिक रूप से होता है। दूसरा कंपार्टमेंट सिंड्रोम है, जिसमें हाथ में दर्द, सूजन होगी जिसे नजरअंदाज किया गया और देरी के चलते ऐसी स्थिति हो गई कि हाथ काटना पड़ा। अब अगर रोगी के कटे हुए हाथ की हिस्टोपैथोलॉजी करा ली जाए, तो स्थिति साफ हो जाएगी। जांच कमेटी के अध्यक्ष एसीएमओ डॉ. रमित रस्तोगी ने बताया कि दोनों अस्पतालों से वेरिफाइड दस्तावेज लिए गए और उसकी जांच की गई है। अगर जांच गलत भेजी है तो यह अस्पताल की गलती है। वहीं उन्होंने बताया कि रोगी को हृदय संबंधी दिक्कत थी इसलिए उसका टीएमटी तो हो ही नहीं सकता। ऐसे में ये आरोप निराधार है कि रोगी की टीएमटी की फर्जी रिपोर्ट भेजी गई। उसकी कोई रिपोर्ट नहीं आई है। ईको और डॉप्लर रिपोर्ट हमें मिली थी। इसके अलावा सभी डॉक्टरों और स्टाफ के बयान लिए गए हैं। पूर्व डीजीपी विक्रम सिंह ने कही ये बात आईटीबीपी बेहद अनुशासित फोर्स है।

## ईद की नमाज का समय तय, शाही ईदगाह में सुबह 7 बजे होगी अदा, प्रशासन अलर्ट

**मेरठ (एजेंसी)** मेरठ में 28 मई को ईद की नमाज शाही ईदगाह में सुबह 7 बजे अदा की जाएगी। प्रशासन ने सुरक्षा और कानून व्यवस्था को लेकर विशेष दिशा-निर्देश जारी किए हैं। मेरठ में ईद के पर्व को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। शहरकाजी जैनुस सालिकीन सिद्दीकी ने घोषणा की है कि 28 मई को ईद की नमाज शाही ईदगाह में सुबह 7 बजे अदा की जाएगी। नमाज के समय की घोषणा के साथ ही प्रशासन ने भी सुरक्षा और कानून व्यवस्था को लेकर अपनी तैयारियां पूरी कर ली हैं। सुबह 7 बजे होगी ईद की नमाज शहरकाजी जैनुस सालिकीन सिद्दीकी ने बताया कि ईद की नमाज शाही ईदगाह में सुबह 7 बजे अदा की जाएगी। नमाज को लेकर शहर भर में तैयारियां चल रही हैं और बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने की संभावना है। एक बार ही होगी नमाज एसपी सिटी विनायक गोपाल भोसले ने स्पष्ट किया है कि ईदगाह में नमाज केवल एक बार ही अदा की जाएगी। उन्होंने कहा कि किसी भी नई परंपरा को लागू नहीं होने दिया जाएगा और पूर्व निर्धारित व्यवस्था के अनुसार ही कार्यक्रम संपन्न कराया जाएगा। सोशल मीडिया पर रहेगी कड़ी निगरानी पुलिस प्रशासन ने सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखने के लिए अलग टीम का गठन किया है। अधिकारियों का कहना है कि किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने या आपत्तिजनक सामग्री साझा करने वालों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे किसी भी अपुष्ट जानकारी पर विश्वास न करें और शांति एवं सौहार्द बनाए रखें। सड़क पर नमाज की अनुमति नहीं पुलिस प्रशासन ने साफ किया है कि सार्वजनिक सड़कों पर नमाज अदा करने की अनुमति नहीं होगी। नमाज निर्धारित स्थानों पर ही अदा की जाएगी, ताकि यातायात और जनसुविधाओं पर कोई असर न पड़े। अधिकारियों ने सभी नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है।

## सिर्फ चार रसगुल्ले ही मांगे थे, न देने पर भड़का युवक, प्लेट से हमलाकर दो दांत तोड़े, दो घायल

**कानपुर (एजेंसी)** । साढ़ थाना क्षेत्र में एक शादी समारोह के दौरान रसगुल्ला नहीं मिलने से नाराज युवक ने दूसरे युवक पर भोजन की प्लेट से हमला कर दिया। हमले में पीड़ित के दो दांत टूट गए और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कानपुर के भीतरगांव में साढ़ थाना क्षेत्र के पासीखेड़ा गांव में शनिवार रात एक शादी समारोह के दौरान रसगुल्ले को लेकर प्लेट और ईंट चल गए। चार रसगुल्ले न मिलने से आरोपी युवक खाना की मेज पर खड़े युवक के चेहरे में प्लेट मारकर उसके दो दांत तोड़ दिए और बाद में ईंट-पत्थरों से हमला कर दो लोगों को घायल कर दिया। शनिवार रात गांव के देवीप्रसाद कुरील की पुत्री पूजा की बारात आई थी। रात करीब 11 बजे गांव का छोटू कुरील नशे की हालत में खाना खाते रसगुल्ला काउंटर पर पहुंचा। उसने वहां तैनात नन्हका कुरील से प्लेट में चार रसगुल्ले मांगे। नन्हका ने बताया कि लड़की के पिता ने केवल एक ही रसगुल्ला देने को कहा है। प्लेट से ही हमला बोल दिया, जिससे दो दांत टूट गए इस पर छोटू भड़क गया और जबरन रसगुल्ले निकालने लगा। विरोध में नन्हका ने रसगुल्ले का बर्तन उठाकर मेज के नीचे रख दिया। चार रसगुल्ले न मिलने से नाराज छोटू ने हाथ में पकड़ी खाने की प्लेट से ही नन्हका के चेहरे पर हमला बोल दिया, जिससे उसके दो दांत टूट गए। इसी बीच आरोपी का भाई रोहित कुरील भी वहां पहुंच गया।मामले की जांच में जुटी पुलिस दोनों भाइयों ने ईंट-पत्थरों से हमला कर नन्हका और बीच-बचाव करने आए चाचा सत्यपाल को गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस हंगामे के कारण शादी का कार्यक्रम कुछ देर के लिए रुक गया। रविवार को पीड़ित साढ़ थाने पहुंचकर आरोपी भाइयों के खिलाफ लिखित तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# खंडहर में चल रही थी गोकशी की तैयारी, पुलिस ने घेरा तो चली गोलियां



**मेरठ ( एजेंसी)** मेरठ के जानी क्षेत्र में पुलिस और स्वाट टीम की संयुक्त कार्रवाई में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार मुठभेड़ के दौरान दो आरोपियों के पैर में गोली लगी। मौके से हथियार, वाहन, औजार और एक जिंदा गाय बरामद की गई। मेरठ के जानी थाना पुलिस और ग्रामीण स्वाट टीम की संयुक्त कार्रवाई में शनिवार देर रात चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार टिमकिया कोठी के पास घेराबंदी के दौरान आरोपियों ने पुलिस दल पर गोलीबारी कर दी, जिसके बाद हुई जवाबी कार्रवाई में दो आरोपी घायल हो गए। सभी आरोपियों को हिरासत में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। मुखबिर की सूचना पर की गई घेराबंदी पुलिस अधिकारियों के अनुसार टिमकिया चौराहे पर सघन जांच अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि टिमकिया कोठी के अंदर स्थित एक खंडहर में कुछ संदिग्ध लोग एकत्र हैं। सूचना के आधार पर पुलिस और ग्रामीण स्वाट टीम मौके पर पहुंची। पुलिस का कहना है कि टीम को देखते ही वहां मौजूद लोगों ने भागने का प्रयास किया और पुलिस पर गोलीबारी शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में दो आरोपी घायल पुलिस के अनुसार आत्मरक्षा में की गई जवाबी कार्रवाई के दौरान नौशाद और शहबाज नामक दो आरोपियों के पैर में गोली लगी। दोनों को हिरासत में लेकर उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। वहीं इकरार और रिहान को पुलिस ने मौके से दौड़ाकर पकड़ लिया। चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। हथियार, वाहन और औजार बरामद पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से दो अवैध तमंचे, कारतूस, धारदार औजार, रस्सियां, टॉर्च, प्लास्टिक के कट्टे, एक टाटा इंट्रा पिकअप वाहन, एक मोटरसाइकिल और एक जिंदा गाय बरामद की है। अधिकारियों का कहना है कि बरामद सामान को कब्जे में लेकर जांच के लिए सुरक्षित रखा गया है। पहले दर्ज मामले में भी आया नाम पूछताछ के दौरान आरोपियों ने जानी क्षेत्र में चार मई को दर्ज एक मामले में अपनी संलिप्तता स्वीकार करने की बात कही है। पुलिस के अनुसार इस संबंध में पहले से मुकदमा दर्ज है और गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर अन्य तथ्यों की भी जानकारी जुटाई जा रही है। कई मामलों में दर्ज हैं मुकदमे पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों में से कुछ के खिलाफ विभिन्न थानों में पहले से कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। इनमें लूट, अवैध हथियार रखने, हत्या के प्रयास, गैंगस्टर अधिनियम तथा अन्य गंभीर धाराओं से जुड़े मामले शामिल बताए गए हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपियों के आपराधिक इतिहास की विस्तृत जांच की जा रही है। साथ ही अन्य राज्यों में भी उनके खिलाफ दर्ज मामलों की जानकारी जुटाई जा रही है।

## 'कॉकरोच' का तेज प्रताप यादव ने किया समर्थन, कहा- वढ में बनेगी योगी सरकार; मां विंध्यवासिनी का किया दर्शन



**मिजार्पुर (एजेंसी)** तेज प्रताप यादव मिजार्पुर के मां विंध्यवासिनी मंदिर पहुंचे और दर्शन-पूजन किया। मीडिया से बातचीत में उन्होंने अखिलेश यादव का समर्थन न करने और योगी आदित्यनाथ की दोबारा सरकार बनाने के लिए काम करने की बात कही। युवाओं को लेकर दिए उनके 'तहलका' और 'कॉकरोच' वाले बयान भी चर्चा में रहे। तेज प्रताप यादव शनिवार को मां विंध्यवासिनी मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने विधि-विधान से मां विंध्यवासिनी देवी का दर्शन-पूजन किया। दर्शन-पूजन तीर्थपुरोहित राज मिश्रा ने संपन्न कराया। मंदिर पहुंचने पर उनके समर्थकों की भीड़ जुट गई और सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई। मीडिया से बातचीत में जनशक्ति जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेज प्रताप यादव ने कई राजनीतिक मुद्दों पर खुलकर बयान दिया। उन्होंने कहा कि वह समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव का समर्थन नहीं करते हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में दोबारा योगी आदित्यनाथ की सरकार बनने के लिए काम करेंगे। तेज प्रताप यादव ने युवाओं को लेकर भी बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि जब युवा अंगड़ाई लेता है तो पूरे देश में तहलका मच जाता है। युवाओं की ताकत इतनी बड़ी है कि उन्होंने केवल छह दिन में पूरे देश में माहौल बदलकर रख दिया। उन्होंने कहा कि युवाओं को ह्वकॉकरोचह्व कहकर संबोधित किया गया, इसलिए वह युवाओं के समर्थन में खड़े हैं और उनकी आवाज बुलंद करते रहेंगे। इस दौरान उन्होंने 'कॉकरोच जनता पार्टी' के समर्थन की भी बात कही। हालांकि उन्होंने इस बयान को लेकर ज्यादा विस्तार से कुछ नहीं कहा, लेकिन उनके इस बयान के बाद राजनीतिक गलियारों में चर्चा तेज हो गई है। बिहार की राजनीति पर प्रतिक्रिया देते हुए तेज प्रताप यादव ने नीतीश कुमार को लेकर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार का पहले से दिल्ली जाने का कार्यक्रम तय था, लेकिन वह किसके चक्कर में गए, यह अभी राज ही बना हुआ है। तेज प्रताप यादव के विंध्याचल दौरे और बयानों को लेकर राजनीतिक हलकों में चचाएँ तेज हैं। उनके बयान को आगामी चुनावी समीकरणों से जोड़कर भी देखा जा रहा है।

## रंजिश को लेकर मारपीट, पड़ोसी ने युवक को मारी गोली; इस गांव में पहुंची पुलिस फोर्स




**बलिया (एजेंसी)** युवक को गोली मारने की सूचना पाकर मौके पर सिकंदरपुर थाने की पुलिस पहुंच गई। परिजनों और गांव वालों से पूछताछ के बाद मामला दर्ज कर लिया गया। वहीं, आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीम बना दी गई है। बलिया के सिकन्दरपुर थाना क्षेत्र के हनार्टार गांव में पुरानी रंजिश को लेकर रविवार को दो पड़ोसियों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि गोली चल गई। फायरिंग की घटना में आयुष राय उर्फ नारियल (35) घायल हो गए। गोली उनके बाएं हाथ की कोहनी के पास लगी। गोली चलने से गांव में अफरा-तफरी मच गई और मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। परिजन घायल आयुष को तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उनकी हालत खतरे से बाहर बताई है। घटना की सूचना मिलते ही सिकन्दरपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी धनंजय राय को हिरासत में ले लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है। वहीं घायल के परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी दिनेश कुमार शुक्ला ने बताया कि आयुष राय ने पुलिस को सूचना दी थी कि पड़ोसी धनंजय राय ने उन्हें गोली मार दी है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घायल को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया गया। उन्होंने बताया कि घटना में प्रयुक्त हथियार और विवाद के कारणों की गहराई से जांच की जा रही है। पुलिस आसपास के लोगों से भी पूछताछ कर रही है। ग्रामीणों के अनुसार, दोनों पक्षों के बीच लंबे समय से आपसी विवाद चला आ रहा है। पहले भी कई बार दोनों गुटों में कहासुनी और मारपीट की घटनाएं हो चुकी हैं। गांव में तनाव की स्थिति को देखते हुए पुलिस एहतियात बरत रही है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की विवेचना में जुटी हुई है और घटना के सभी

## बलिया में दिल्ली पुलिस की रेड, स्पा सेंटर से सात लड़कियां सहित आठ बरामद, दो पर FIR; तस्करी का मामला

**बलिया (एजेंसी)** जिले में दिल्ली और सदर कोतवाली पुलिस की संयुक्त छापेमारी में स्पा सेंटर से दिल्ली की सात युवतियों समेत आठ लड़कियां बरामद की गईं। कार्रवाई के दौरान दो लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। जांच में लड़की तस्करी और मसाज सेंटरों में नाबालिग लड़कियों की सप्लाई करने वाले गिरोह के अहम सुराग मिले हैं। पुलिस गिरोह की तलाश में जुटी है। सीटी मजिस्ट्रेट आशा राम वर्मा ने स्पा सेंटर को सील करवा दिया। पुलिस ने लड़कियों से पूछताछ कर वन स्टाप सेंटर के हवाले कर दिया। स्पा सेंटर का कनेक्शन कई राज्यों से लड़की तस्करी से जुड़ा है। पुलिस नाबालिग लड़कियों को अनैतिक कार्य के दलदल में डालने वाले गिरोह की तलाश में लग गई है। इसमें पुरुष से ज्यादा महिलाएं शामिल हैं। सदर कोतवाली पुलिस ने सेंटर संचालक व लड़कियों की सप्लाई करने वाले पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई। प्रशासन की कार्रवाई से अनैतिक कार्य कराने वालों में खलबली मच गई। कई लॉज व घरों में ताला लगाकर अंडर ग्राउंड हो गए हैं। नई दिल्ली के अंबेडकर नगर थाना में एक नाबालिग लड़की के गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज किया था, जिसकी विवेचनात्मक कार्रवाई में गुजरात से उक्त लड़की को दिल्ली पुलिस ने बरामद किया था। बरामद लड़की ने पूछताछ में दिल्ली पुलिस को जानकारी मिली कि जो लड़की हमको स्पा सेंटर में ले आई है, वह बलिया के स्पा सेंटर में मौजूद है। उसी लड़की की निशानदेही पर शुक्रवार को दिल्ली पुलिस व सदर कोतवाली पुलिस के साथ स्पा सेंटर में छापेमारी की। बरामद लड़कियों में सात लड़कियां दिल्ली के अलग-अलग स्थानों की रहने वाली हैं, एक लड़की बलिया की रहने वाली मिली। कुल आठ लड़कियों को बरामद किया। करीब चार से पांच घंटे तक चली कार्रवाई व पूछताछ के बाद पुलिस ने लड़कियों को वन स्टाप सेंटर पहुंचाया और सेंटर के मैनेजर व दो लड़कों का बयान दर्ज कर कोतवाली लेकर चली गई। लड़कियों की सप्लाई करने वाले की गिरोह की तलाश स्पा सेंटर से दिल्ली पुलिस के अलावा एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग टीम ने पूछताछ किया। टीम ने संचालक से भी पूछताछ किया। टीम मसाज सेंटरों को नाबालिग लड़कियों की सप्लाई करने वाले गिरोह पर नजर है। पूछताछ के दौरान दिल्ली, एमपी सहित अन्य राज्यों से लड़कियों को मसाज पार्लर की आड़ में अनैतिक कार्य कराने की बात सामने आई। लड़कियों ने बताया कि काम के बहाने लाकर अच्छी आमदनी का लालच देकर अनैतिक कार्य कराते हैं। कहा कि नाबालिग लड़कियों का कस्टमर ज्यादा मांग करते हैं। इसके लिए संचालक एजेंटों के माध्यम से गैर प्रांत से नाबालिग लड़कियों को बुलाकर काम करवाते हैं। स्पा सेंटर में लोकल कस्टमर से ज्यादा बिहार, देवरिया, गाजीपुर, मऊ व वाराणसी तक के कस्टमर ज्यादा आते हैं। लड़कियों ने बताया कि कस्टमरों को शराब तक उपलब्ध कराई जाती है। पुलिस ने पार्लर का संचालक मोनू निवासी मदन गिरी अम्बेडकर नगर, साउथ दिल्ली से कड़ाई से पूछताछ किया। स्पा सेंटर व मोहल्ले में चल रहा अनैतिक कार्य शहर के जापलिनगंज मोहल्ले में एक महिला पर घर में अनैतिक कार्य कराने का मोहल्लेवासियों ने विरोध प्रदर्शन किया था।



